फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 63 प्रभात जयपुर, सोमवार 3 अक्टूबर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**The Rum Punch: Not Just Another Rum'un**

The term "Rum Punch" was derived from the Sanskrit "paanch". The 5 ingredients were alcohol, sugar, lemon juice, water & either tea or spices.

**Daytime EV Charging**

**Dazzling Dussehra Outfits** — Celebrate and sparkle in ethnic attire

# कांग्रेस में ग्रुप ऑफ-23 अब खत्म हो चुका है?

## ग्रुप ऑफ-23 के नेता आनंद शर्मा, बी.एस. हूडा और मनीष तिवारी आदि सभी गांधी परिवार समर्थित उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ नज़र आ रहे हैं

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। कांग्रेस में नये अध्यक्ष पद को लेकर मची हलचल के बीच ऐसा लग रहा है कि, ग्रुप ऑफ-23 का अस्तित्व खत्म हो चुका है? कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव के बीच यह सवाल बहुत प्रमुखता से उभरा है। यह सवाल उठने के पीछे कुछ अहम वजहों में से एक है, जी-23 गुट के नेताओं का शशि थरूर के बजाए, मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ आना। जी-23 का हिस्सा माने जाने वाले आनंद शर्मा, बी.एस. हूडा और मनीष तिवारी मल्लिकार्जुन खड़गे के नामांकन में उनके साथ नजर आए। वहीं जी-23 की कांग्रेस में बदलाव की मांग के साथ शशि थरूर अकेले पड़ गए लगते हैं। वह साफ कह रहे हैं कि जिसे पुरानी कांग्रेस चाहिए वो खड़गे के साथ जाए और जिसे बदलाव चाहिए मेरे साथ आए। लेकिन जी-23 के उनके पुराने साथी ही उनके साथ नहीं नजर आ रहे हैं।

- **शशि थरूर जो कि, ग्रुप ऑफ-23 में शामिल रहे हैं, अब बिल्कुल अकेले पड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। अभी तक एक भी नेता ने उनके समर्थन में कोई बयान नहीं दिया है।**
- **बागी गुट जी-23 के नेताओं से समर्थन मिलने की बात कहने पर खड़गे ने रविवार को बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि, अब ऐसे गुट का कोई अस्तित्व ही नहीं है।**

बता दें कि दो साल पहले जी-23 गुट के नेताओं ने सोनिया गांधी को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में पार्टी के अंदर आमूल-चूल बदलाव की बात कही गई थी। इसे गांधी परिवार के खिलाफ एक किस्म की बगावत माना गया था। इस गुट में गुलाम नबी आजाद, कपिल सिब्बल के अलावा शशि थरूर, मनीष तिवारी, आनंद शर्मा और पृथ्वीराज चव्हाण जैसे नेता शामिल थे। कपिल सिब्बल और गुलाम अली तो खैर अब पार्टी में नहीं हैं। वहीं शुक्रवार को मल्लिकार्जुन खड़गे के नामांकन के वक्त मनीष तिवारी, आनंद शर्मा और पृथ्वीराज चव्हाण उनके साथ नजर आए। अब इस बात से जी-23 के अस्तित्व पर सवाल इसलिए उठ रहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के दूसरे दावेदार शशि थरूर को इस गुट के नेता ही समर्थन नहीं कर रहे हैं।

शशि थरूर ने कल कहा था कि खड़गे के साथ पार्टी के बड़े नेताओं का समर्थन है। वहीं उनके साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं की आवाज है। वहीं आज थरूर ने एक बार फिर कहा कि पार्टी में जिस तरह का बदलाव मैं ला सकता हूं, वह खड़गे नहीं ला सकते हैं। इससे पहले जब मल्लिकार्जुन खड़गे ने नामांकन किया तो ऐसे कयास लगे थे कि वह पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार हैं। इस कयास को थरूर के उस बयान से भी बल मिला था, जिसमें उन्होंने कहा था कि सोनिया गांधी ने कहा था कि पार्टी का कोई आधिकारिक उम्मीदवार नहीं उतारेगी। अब यह बात किसी से छुपी नहीं है कि खड़गे गांधी परिवार के करीबी रहे हैं। ऐसे में कभी जी-23 गुट में शामिल रहे नेता अगर खड़गे का समर्थन कर रहे हैं तो यह हैरान करने वाली है।

इस बीच बागी गुट जी-23 के नेताओं से समर्थन मिलने की बात कहने पर खड़गे ने रविवार को बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि अब ऐसे गुट का कोई अस्तित्व ही नहीं है। खड़गे ने कहा कि अब सभी नेता एकजुट होकर भाजपा और आर.एस.एस. के खिलाफ लड़ रहे हैं। यही वजह है कि आनंद शर्मा, मनीष तिवारी समेत अन्य नेता भी मेरा समर्थन कर रहे हैं।

# मुलायम सिंह की हालत गम्भीर

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक- संरक्षक मुलायम सिंह यादव को अचानक स्वास्थ्य खराब होने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों के अनुसार मुलायम सिंह यादव कि तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें दिल्ली के निकट गुड़गांव के एक निजी अस्पताल मेदांता में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है मूत्र संक्रमण के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के दौरान उनको ऑक्सीजन स्तर कम होने से आई.सी.यू. में भेजना पड़ा है।

- **गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

सूत्रों ने बताया कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव तथा उनकी पत्नी डिंपल यादव अस्पताल पहुंच गई हैं। अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव का इलाज कर रहे डॉक्टरों से लंबी बातचीत की है। बताया जा रहा है कि मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई शिवपाल सिंह यादव भी दिल्ली में मौजूद हैं।

# शशि थरुर ने मल्लिकार्जुन खड़गे को खुली एवं सार्वजनिक बहस की चुनौती दी

## शशि थरुर ने कहा कि, इससे लोगों में उसी तरह से कांग्रेस के प्रति दिलचस्पी पैदा होगी, जैसे कि हाल में ब्रिटेन में कंज़र्वेटिव पार्टी के नेतृत्व पद के चुनाव को लेकर हुई थी

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा सांसद शशि थरूर के बीच मुकाबला होना है। थरूर ने रविवार को कहा कि वह उम्मीदवारों के बीच सार्वजनिक बहस चाहते हैं और इसके लिए तैयार भी हैं। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की उसी तरह से कांग्रेस के प्रति दिलचस्पी पैदा होगी, जैसे कि हाल में ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व पद के चुनाव को लेकर हुई थी।

शशि थरूर ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के सदस्यों के दिलों में नेहरू-गांधी परिवार की हमेशा खास जगह रही है और रहेगी। थरूर ने कहा कि कांग्रेस की मौजूदा चुनौतियों का जवाब प्रभावी नेतृत्व और संगठनात्मक सुधार के संयोजन में निहित है। गौरतलब है कि झारखंड के पूर्व मंत्री के. एन. त्रिपाठी का नामांकन पत्र शनिवार को खारिज होने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ए.आई.सी.सी.) के अध्यक्ष पद के चुनाव में अब मुकाबला खड़गे और थरूर के बीच होगा।

- **थरूर ने कहा, संगठनों का उच्च स्तर पर नेतृत्व करने का मेरा विश्वसनीय ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग के अवर प्रभारी महासचिव के तौर पर मैंने दुनियाभर में 77 कार्यालय में 800 से अधिक कर्मियों के संयुक्त राष्ट्र के सबसे बड़े विभाग के संचार का जिम्मा संभाला था।**

थरूर ने कहा, संगठनों का उच्च स्तर पर नेतृत्व करने का मेरा विश्वसनीय ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग के अवर प्रभारी महासचिव के तौर पर मैंने दुनियाभर में 77 कार्यालय में 800 से अधिक कर्मियों के संयुक्त राष्ट्र के सबसे बड़े विभाग के संचार का जिम्मा संभाला था। इसे देखते हुए कई लोगों ने मुझे संयुक्त राष्ट्र संगठन का नेतृत्व करने के लिए चुनाव लड़ने की अपील की थी।

वहीं, मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि वह इस चुनाव में किसी के विरोध में नहीं, बल्कि पार्टी को मजबूत करने के लिए उतरे हैं। उन्होंने इस धारणा को भी खारिज कर दिया कि उन्हें गांधी परिवार का समर्थन हासिल है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ और युवा नेताओं के कहने पर वह चुनाव मैदान में उतरे हैं।

इस बीच, पार्टी के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के निष्पक्ष चुनाव के लिए दीपेंद्र हुड्डा, सैयद नासिर हुसैन और मैंने कांग्रेस के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है, अब हम मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। मालूम हो कि कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 8 अक्टूबर है। जरूरत पड़ने पर चुनाव 17 अक्टूबर को कराया जाएगा। मतगणना 19 अक्टूबर को होगी और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कई दिनों तक चली खींचतान के बाद अब मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर आमने-सामने हैं। खड़गे ने रविवार को कहा कि वह इस चुनाव में किसी के विरोध में नहीं, बल्कि पार्टी को मजबूत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता

देहरादून, 2 अक्टूबर (वार्ता)। उत्तराखंड राज्य स्तरीय समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने रविवार को जनपद चमोली के गोपेश्वर मुख्यालय और जनपद रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में लोगों से मिलकर उनके सुझाव सुने।

चमोली जनपद के मुख्यालय गोपेश्वर में जनसामान्य के साथ बैठक का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इसमें महिलाओं व युवाओं ने एक समान कानून पर अपने विचार व्यक्त किये। पहाड़ के सम्बन्ध में उनकी इस कानून से अपेक्षायें भी विशेषज्ञ समिति के सामने रखी गयी। समिति सदस्यों द्वारा समान नागरिक संहिता के विषय में अधिक से अधिक लोगों तक जागरूक करने के लिए भी लोगों से अपील की।

- **उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहित की कवायद शुरु हो गई है, उच्चस्तरीय समितियां लोगों से मिलकर उनसे सुझाव इकट्ठे कर रही है।**

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, महिलाओं व आम जन उपस्थित रहे। समिति सदस्य शत्रुघ्न सिंह, मनु गौड़ व डॉ सुरेखा डंगवाल ने अमूल्य सुझावों हेतु उपस्थित जनों को धन्यवाद किया। जनपद रूद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में विशेषज्ञ समिति के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राज्यसभा में विपक्ष का नेता कौन होगा?

## चर्चा है कि, खड़गे के जाने से खाली हुई यह जिम्मेवारी दिग्विजय सिंह या पी.चिदम्बरम को दी जायेगी

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। खड़गे के इस्तीफे से खाली हुए इस पद के लिए कई नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने इसी साल मई में उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में एक व्यक्ति, एक पद के अपने नए सिद्धांत की घोषणा की थी।

मल्लिकार्जुन खड़गे के बाद राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम और दिग्विजय सिंह का नाम सबसे आगे चल रहा है। आपको बता दें कि दिग्विजय सिंह ने भी कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की ऐलान किया था। हालांकि, मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सामने आने के बाद उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। सूत्रों का कहना है कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद के लिए प्रमोद तिवारी भी दौड़ में हैं।

- **गौरतलब है कि, दिग्विजय सिंह ने भी कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की ऐलान किया था। हालांकि, मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सामने आने के बाद उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। सूत्रों का कहना है कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद के लिए प्रमोद तिवारी भी दौड़ में हैं।**

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच मुकाबले के लिए मंच तैयार हुआ। कर्नाटक के दलित नेता खड़गे की सबसे मजबूत दावेदारी दिख रही है। झारखंड के पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने भी इस पद के लिए नामांकन किया था, जो कि खारिज हो गया है।

आपको बता दें कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने खड़गे का साथ दिया है। इन नेताओं में अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, एके एंटनी, अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, भूपिंदर हुड्डा, पृथ्वीराज चव्हाण और मनीष तिवारी जैसा नाम शामिल हैं।

# भारत के मंगलयान का ईंधन और बैटरी पूरी तरह से खत्म हुई

## 2014 से काम कर रहे देश के पहले अंतर्ग्रहीय मिशन ने आखिरकार अपनी पारी पूरी कर ली है

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। भारत के मंगलयान में ईंधन खत्म हो गया है और इसकी बैटरी अपनी क्षमता से भी कहीं ज्यादा चलने के बाद खत्म हो गई है। इसके बाद ये अटकलें तेज हो गई हैं कि देश के पहले अंतर्ग्रहीय मिशन ने आखिरकार अपनी लंबी पारी पूरी कर ली है। करीब साढ़े चार सौ करोड़ रुपये की लागत वाला 'मार्स ऑर्बिटर मिशन' पांच नवंबर, 2013 को से प्रक्षेपित किया गया था और वैज्ञानिकों ने इस अंतरिक्ष यान को पहले ही प्रयास में 24 सितंबर, 2014 को सफलतापूर्वक मंगल की कक्षा में स्थापित कर दिया था।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सूत्रों ने बताया, "अब, कोई ईंधन नहीं बचा है। सैटेलाइट की बैटरी खत्म हो गई है। संपर्क टूट गया है।" हालांकि, इसरो की ओर से इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पी.एस.एल.वी.सी.-25 पहले एक आसन्न ग्रहण से बचने के लिए मंगलयान को एक नई ऑरबिट में ले जाने का प्रयास कर रहा था। अधिकारियों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा, "लेकिन हाल ही में एक के बाद एक ग्रहण लगे, जिनमें से एक ग्रहण तो साढ़े सात घंटे तक चला।"

- **मंगल ग्रह पर एक के बाद आये ग्रहण के कारण मंगलयान के सैटेलाइट की बैटरी पूरी तरह से डिस्चार्ज होकर खत्म हो गई।**
- **हालांकि एक चर्चा यह भी है कि, इसरो ने अभी हार नहीं मानी है, इसरो अपने मंगलयान को किसी नये ऑर्बिट में शिफ्ट करने के प्रयास कर रहा है।**

वहीं, एक अन्य अधिकारी ने कहा, "चूंकि उपग्रह बैटरी को केवल 1 घंटे और 40 मिनट की ग्रहण अवधि के हिसाब से डिज़ाइन किया गया था, इसलिए एक लंबा ग्रहण लग जाने से बैटरी लगभग समाप्त हो गई।" इसरो के अधिकारियों ने कहा कि मार्स ऑर्बिटर यान ने लगभग आठ सालों तक काम किया, जबकि इसे छह महीने की क्षमता के हिसाब से बनाया गया था। उन्होंने कहा, "इसने अपना काम बखूबी किया और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक परिणाम प्राप्त किए।"

गौरतलब है कि मंगलयान को 2013 में पी.एस.एल.वी.सी.-25 के माध्यम से भारत के पहले इंटरप्लेनेटरी मिशन के रूप में लॉन्च किया गया था, जिससे इसरो पृथ्वी की कक्षा से बाहर इस तरह के मिशन को लॉन्च करने वाली दुनिया की चौथी अंतरिक्ष एजेंसी बन गई। ये अंतरिक्ष यान एक डेमो मिशन था जिसका उद्देश्य यह स्थापित करना था कि भारत दूसरे ग्रह के लिए एक मिशन को डिजाइन, लॉन्च और संचालित कर सकता है। केवल 450 करोड़ रुपये में विकसित, भारत का मंगल ग्रह पर ये मिशन अब तक डिजाइन किए गए सबसे ज्यादा किफायती इंटरप्लानेटरी मिशनों में से एक था।




## विचार बिन्दु

कर्मों की आवाज़ शब्दों से ऊंची होती है। –कहावत

# इन पत्थरों को देवता हमने ही बनाया है!

1948 में नोबल पुरस्कार पाने वाले अंग्रेज़ी के विख्यात कवि टी एस एलियट की एक बहुत प्रसिद्ध कविता है द होलोमैन। होलो का शाब्दिक अर्थ है खोखला। तो कविता का शीर्षक है – खोखले लोग। यह कविता प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के सात बरस बाद, 1925 में प्रकाशित हुई थी। इस कविता के प्रकाशन के तीन बरस पहले इन्हीं टी एस एलियट की महान कविता द वेस्टलैण्ड (बंजर धरती) प्रकाशित हो चुकी थी। इस कविता द होलोमैन की कुछ पंक्तियां हैं: ''बिटवीन द आइडियाएण्ड द रियलिटी/ बिटवीन द मोशन एंड द एक्ट/ फॉल्स द शैडो/ फोरदाइनइज़ द किंगडम..... बिटवीन द डिज़ायर/ एण्ड द स्पाज़्म/ बिटवीन द पोटेंसी/ एण्ड द एक्सिस्टेंस/ बिटवीन द एसेंस/ एण्ड द डिसेंट/ फॉल्स द शैडो/ फोरदाइनइज़ द किंगडम।'' यह कविता आदर्श और यथार्थ के बीच की बहुत बड़ी खाई की बात करती प्रतीत होती है। आदर्श और यथार्थ के बीच जिस खाई पर 1925 में एलियट व्यथित हैं वह खाई अब बहुत अधिक चौड़ी हो चुकी है। लगता है जैसे हमारी ज़िंदगी में अब आदर्श की कोई जगह बची ही नहीं है। हर तरफ धूसर, कर्कश और निजदर्शन तक सीमित यथार्थ है।

इधर राजस्थान में जो राजनीतिक प्रहसन चल रहा है और वह पल-पल जो नए आकार ले रहा है और जिसकी परिणति क्या होगी, यह किसी को भी मालूम नहीं है, वह भी इसी कटु यथार्थ का ही एक रूप है। राजनीति के बारे में बहुत कुछ कहा जाता है और वह सब अच्छा ही नहीं होता है। राजनीति को धूर्तों का खेल तक कह दिया गया है हालांकि मुझ जैसे आशावादी कभी भी इस बात से सहमत नहीं हो सके हैं। मैं राजनीति से गुरेज़ का भी पक्षधर नहीं हूं। मुझे हमेशा लगता है कि जो राजनीति हमारे पूरे जीवन को संचालित करती है उससे हमें दूरी नहीं बरतनी चाहिए। एक सजग और ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में राजनीति पर सदा हमारी पैनी नज़र बनी रहनी चाहिए। मुझे बहुत बार यह भी लगता रहा है कि भले लोगों के राजनीति से किनारा कर लेने की वजह से ही वहां दूसरी तरह के लोगों का वर्चस्व कायम हुआ है। एक विद्यार्थी के रूप में मैंने अब्राहम लिंकन के इस कथन को कि लोकतंत्र जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन है हमेशा बहुत महत्वपूर्ण माना है। 15 अगस्त 1947 को देश के स्वाधीन होने के बाद जब नव स्वाधीन देश ने अपने लिए प्रजा तंत्रीय शासन व्यवस्था को चुना और 26 जनवरी 1950 को आत्मार्पित संविधान में इस देश को ''एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य'' घोषित किया तो स्वभावतः बहुत अच्छा लगा और मन में बहुत सारे सपनों ने अंगड़ाई ली।

**15 अगस्त 1947 को देश के स्वाधीन होने के बाद जब नव स्वाधीन देश ने अपने लिए प्रजा तंत्रीय शासन व्यवस्था को चुना और 26 जनवरी 1950 को आत्मार्पित संविधान में इस देश को ''एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य'' घोषित किया तो स्वभावतः बहुत अच्छा लगा और मन में बहुत सारे सपनों ने अंगड़ाई ली।**

लेकिन जब 2022 में खड़े होकर हम उन सपनों पर नज़र डालते हैं तो बकौल टी एस एलियटआइडिया और रियलिटी के बीच बहुत बड़ी खाई नज़र आती है। क्या वास्तव में हमारा शासन जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का रह गया है? ये जो लोग राजस्थान में लड़ भिड़ रहे हैं, क्या हमारे लिए लड़ रहे हैं? क्या इनके सोच में हम अर्थात इनके मतदाता, इनकी प्रजा दूर-दूर तक कहीं हैं? क्या इन्हें इस तरह लड़ते हुए एक पल को भी नहीं लगता है कि प्रांत की जनता इनकी तरफ किन उम्मीद भरी निगाहों से ताकती है? ये लोग अपने मतदाताओं के प्रति कितना निर्मम छल कर रहे हैं? और बात केवल आज की ही नहीं है। जब सितारों वाले वैभवपूर्ण होटलों में हमारे माननीय बाड़ाबंद हुए थे तब भी यही सारी बातें मन में आई थीं। और यह सब एक दिन में नहीं हुआ है। एक जगह नहीं हुआ है। आज जो राजस्थान में हो रहा है वह पहले कई अन्य प्रांतों में और देश में भी हो चुका है। प्रहसन सदा एक जैसा होता है, बस उसके किरदार बदल जाते हैं।

आजकल इसकी शुरुआत चुनाव से होती है। जिस दल के जीतने की ज़्यादा सम्भावना होती है उसी दल के दरवाज़े पर टिकिटों के लिए मारामारी भी ज़्यादा होती है। हर टिकिटार्थी एक ही राग अलापता है कि वह जनता की सेवा करना चाहता है। अगर आप उससे पूछ सकें तो उसके पास शायद ही इस सवाल का जवाब हो कि वह सेवा करेगा कैसे? असल में उसे तो केवल चुनाव की वैतरणी को पार करना होता है। आजकल तो उम्मीदवार आपके पास वोट मांगने भी नहीं आता है। उसके सेवक ही आकर आपसे यह आदेश पूर्ण आग्रह करते हैं कि अमुक जी को वोट देना है। प्रत्याशी टिकिट मिलते ही जनता से दूर हो जाता है और फिर यह दूरी बढ़ती ही जाती है। अगर वह विधायक जैसे पद पर जीत गया तो फिर आप उससे मिलने की आस छोड़ ही दीजिए। और जब वह विधायक बन जाता है उसका गाना यह होता है कि जनता की सेवा के लिए उसका मंत्री बनना ज़रूरी है। अगर वह मंत्री बन गया, तो समझ लीजिए उसे आप केवल टीवी के पर्दे पर ही देख सकेंगे। इससे अगली सीढ़ी होती है मुख्य मंत्री बनना! बिना मुख्य मंत्री बने भला जनता का कल्याण कैसे हो सकता है? राजस्थान में इधर यही तमाशा चल रहा है।

मैं बहुत बार सोचता हूं, दोस्तों से भी पूछता हूं कि एक व्यक्ति मुख्य मंत्री बन गया तो उसने हमारे लिए क्या अनूठा कर दिया और अगर उसे हटा कर दूसरा बन जाएगा तो वह क्या अनूठा कर देगा? हम अभी भी बद हाली में जी रहे हैं, आगे भी बद हाली में ही जीते रहेंगे। सच तो यह है कि किसी के पास कोई एजेण्डा नहीं है। हरेक के पास कहने को अमूर्त और चिकनी चुपड़ी बातें हैं। हरेक के पास वादों के खोटे सिक्के हैं। हरेक पार्टी का वफादार सिपाही है, हरेक पार्टी आलाकमान के एक इशारे पर कुछ भी कर देने को तैयार बैठने की डींगें हांक रहा है। लेकिन पार्टी आलाकमान की इच्छा का उसके लिए कितना महत्व है, यह हम हाल के दिनों में देख चुके हैं। मैं सब कुछ कर सकता हूं, बस मुझे इस कुर्सी पर बैठे रहने देना। इससे उतरने की बात तो मैं सपने में भी नहीं सोच सकता। हर नियम, हर व्यवस्था को हम धता बता सकते हैं, बताते हैं। हम ही हैं जो एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत बनाते हैं और हम ही उससे बचने की गली निकालते हैं! हम ही हैं जो पार्टी को सर्वोपरि बताते हैं और हम ही हैं जो उसे ठेंगा दिखाते हैं!

जो हमारे वोटों से जीतते हैं उनका हाल यह है कि जनता की सेवा के लिए इनकी ललक इतनी प्रबल है कि इन्हें एक पार्टी छोड़ कर दूसरी में जाने में भी कोई संकोच नहीं होता है। आज जिसे पानी पी पीकर कोसते हैं, कल जनता की सेवा के पवित्र भाव के चलते उसी दल के कसीदे पढ़ने में इन्हें तनिक भी लज्जा का अनुभव नहीं होता है। असल चीज़ तो है जनता की तथाकथित सेवा। जिस जनता से इनका दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं रह जाता उसी जनता की सेवा के लिए ये ज़मीन आसमान एक किए रहते हैं। अपने प्रतिस्पर्धी को ये फूटी आंखों नहीं देख सकते, भले ही वह खुद इन्हीं के दल का क्यों न हो! ऐसे में दलीय निष्ठाओं की बात रह ही कहां जाती है? आज जो लोग राजनीति में हैं उनमें से अधिकांश की निष्ठा न अपने दल के प्रति है, न उसके नेतृत्व के प्रति, न जनता के प्रति, न किसी भी आदर्श के प्रति! इनकी निष्ठा सिर्फ एक चीज़ के प्रति है और वह है इनका अपना स्वार्थ!

यह विचारणीय है कि कैसे एक आदर्श से अपनी यात्रा प्रारम्भ कर हम इस बदनुमा यथार्थ तक आ पहुंचे हैं? जब हम इस बात पर विचार करेंगे तो पाएंगे, कि इसमें हमारी अपनी उदासीनता की भूमिका भी कम नहीं है। हमने राजनीति को बुरा कह-मान कर उससे किनारा कर लिया और इन्हें खुल कर अपना खेल खेलने को छुट्टा छोड़ दिया। यह भी कि आदर्शों से ख़ुद हमने भी किनारा कर लिया है अपने निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से हमारी अपेक्षाएं भी सदा वाज़िब नहीं होती हैं। हमारी अपेक्षाओं पर भी हमारे स्वार्थ हावी रहते हैं। जब उन्हें चुनने का मौका आता है तो हम भी अपने विवेक को ताक पर रख कर कभी धर्म, तो कभी जाति, कभी कम्बल तो कभी शराब के बदले अपने वोट का सौदा करने में नहीं झिझकते हैं! अपने चुने हुए लोगों को हम ही इतना ज़्यादा सर पर चढ़ा लेते हैं कि ख़ुद उन्हें अपने भगवान होने का गुमान होने लगता है। बशीरबद्र साहब ने क्या खूब कहा है: ''सर झुकाओगे तो पत्थर देवता हो जाएगा/ इतना मत चाहो उसे वो बेवफ़ा हो जाएगा।'' कहना अनावश्यक है कि हमने ही अपनी नासमझी, और बहुत बार स्वार्थ के वशीभूत होकर इन पत्थरों को देवता बनाया है। अब जब ये सब बेवफा हो गए हैं तो यह भी हमारा ही दायित्व है कि इन्हें अपनी औकात से परिचित कराएं और इन्हें इनकी ज़िम्मेदारियों का निर्वाह करने के लिए विवश करें! उदास कर देने वाली सच्चाई यह है कि अभी ऐसा होता दीख नहीं रहा है!

**– अतिथि सम्पादकः**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# बाड़मेर के उखड़ा गांव से निकली काष्ठ कला देश-विदेश में पहुंची

राजस्थानी हस्तशिल्प कला श्रृंखला में मरु प्रदेश स्थित बाड़मेर के कलाकारों द्वारा लकड़ी पर उत्कृष्ट नक्काशी का काम जिले का मुख्य आकर्षण केन्द्र है। पश्चिमी राजस्थान के मरुस्थलीय भू-भाग के सिद्धहस्त कलाकार लकड़ी पर उत्कृष्ट नक्काशी द्वारा अपने मन की सहज अभिव्यक्ति को जीवन्तता प्रदान करते हैं।

वर्तमान में जिले में लगभग 500 से 700 कुशल कारीगर यहां फर्नीचर कार्विंग में कार्यरत हैं। प्रारंभ में यहां रोहिड़ा की लकड़ी आसानी से उपलब्ध थी। रोहिडे की लकड़ी पर कार्विंग बारीक उत्कृष्ट एवं आसानी से होती थी। आजकल रोहिड़ा की अनुपलब्धता के कारण सागवान एवं अखरोट की लकड़ी कार्विंग की जाती है।

पूर्व में बाड़मेर से 14 कि.मी. दूर स्थित उखड़ा नामक गांव में केवल जांगिड़ जाति के कलाकार ही काष्ठ पर नक्काशी का काम करते थे। यहां तक कि इस कला को अन्य जाति को सिखाना भी जांगिड़ समाज में वर्जित था, किन्तु अब ऐसी कोई वर्जना नहीं है। अब तो यह कला लगभग सम्पूर्ण जिले एवं प्रदेश में विस्तार पाते-पाते सीमा पार पहुंच रही है। काष्ठ पर नक्काशी के काम का इतिहास देखें तो प्राचीन एवं आधुनिक कलात्मक नक्काशी के अंतर्गत काफी भिन्नता है। पाट, बाजोट, तोरण, थाल, थम्भ, द्वार-चौखट, अलमारी, खूंटियाँ, चक्की, हुक्का, बैलगाड़ी, ऊँट की पलाण, शतरंज के मोहरे, झरोखे, चारपाई, पलंग, झूले-पालने, आदि प्राचीन काल की देन हैं। आजकल डबल बैड के पलंग, ड्रेसिंग टेबल, स्टूल, सोफासेट, कुर्सियाँ, दीवान, पलंग, सेन्ट्रल टेबल, टी-टेबल, कॉर्नर टेबल, फोटोफ्रेम, टी.वी. ट्राली, शू-रेक, डाइनिंग टेबल सेट तथा दरवाजे-खिड़कियों पर पारम्परिक कलात्मक नक्काशी नई उत्कृष्ट पहचान बना रही है। इनकी मांग देश-विदेशों में दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

बाड़मेर के स्थानीय कलाकार काष्ठ पर नक्काशी के नित नए आयाम छू रहे हैं तथा कलाकृतियों के निर्माण की वैज्ञानिक तकनीकी की सूक्ष्म जानकारी की कठोरतम साधना से काष्ठ पर अपनी अनूठी कल्पनाओं को साकार करते हैं। यद्यिप जहां तक नक्काशी में उकेरी जा रही डिजाइनों का प्रश्न है वर्तमान में ऐसा कोई विशेष अन्तर दिखाई नहीं देता है, क्योंकि हस्तशिल्प-कला में मूलतः पारम्परिक स्वरूप और साधना पर विशेष बल दिया जाता रहा है अतः फूल-पत्तियाँ, लता-बेलें, फूल या पुष्प समूह वर्ग या डिब्बियाँ, त्रिकोण या गोल चक्र, शक्कर पारे, सांकल, हाथी, घोड़े, बैल, हिरण, हंस, वृक्ष तथा आड़ी-तिरछी रेखाएँ आदि परम्परागत डिजाइनें ही प्रायः प्रयुक्त होती है। आज कल हस्तशिल्प कला में प्रयुक्त डिजाइनों की सहज उपलब्धि राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान द्वारा भी होने लगी है। अब कम्प्यूटर द्वारा त्वरित डिजाइन तैयार करने की अनेक प्रणालियों का प्रचलन है, किन्तु बाड़मेर के सिद्धहस्त कलाकारों द्वारा अपनी पुश्तैनी पारम्परिक कलात्मक शैली में अन्य किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पसन्द नहीं की जाती है। वे आज भी काष्ठ पर नक्काशी के अतीत के इस गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने में सक्षम हैं। काष्ठ के जिस हिस्से पर नक्काशी का



पन्नालाल मेघवाल

- **पहले यहां रोहिड़ा और अब सागवान एवं अखरोट की लकड़ी पर कार्विंग की जाती है**
- **इस कला से निर्मित सामान की मांग देश-विदेशों में दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है**



काम करना होता है उसके नाप-जोख एवं आकार के अनुरूप ही डिजाइन उकेरी जाती है ताकि तैयार कृति पर डिजाइन सम्पूर्ण दिखाई दे। कृति पर उकेरी गई आकृति को समगत संतुलित बनाये रखने के लिए सिद्धहस्त कलाकारों की काल्पनिक उड़ान के साथ गहन सूझ-बूझ, हाथों का कुशल संचालन एवं गलियों की चपलता अनिवार्य है, तभी कलाकार के मस्तिष्क की उपज एवं कलात्मक सौष्ठव का काष्ठ पर सही प्रदर्शन होता है। लकड़ी का तैयार फर्नीचर अपने मौलिक स्वरूप में नितान्त खुरदरा होता है। उसके ऊपर स्प्रे एवं मैलामेन्ट की पॉलिश की जाती है जिससे वह आकर्षक एवं चमकदार दिखाई देता है। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर सूक्ष्म नक्काशी पर जमे धूल के कणों को हटाने के लिए लकड़ी की इन कृतियों पर पाली-यूरेथीन की पतली परत स्प्रे द्वारा चढ़ाई जाती है, जिससे पानी से कभी-कभी धोने पर भी लकड़ी पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। जहां एक तरफ लकड़ी पर नक्काशी का काम अत्यन्त श्रम एवं कष्टसाध्य होता है वहीं महंगा होता है। इसे खरीदना आम आदमी की क्रय-शक्ति से बाहर की बात है। बाड़मेर में तैयार काष्ठ पर नक्काशी की तैयार कृतियां मुख्यतः ग्राहक की मांग के अनुरूप तथा अनुकूल बनाई जाती हैं। इन्हें जयपुर, दिल्ली, बम्बई आदि महानगरों में स्थित एक्सपोर्ट फर्मों के माध्यम से विदेशों में निर्यात की जाती हैं। पश्चिमी राजस्थान के मरुस्थलीय भू-भाग क्षेत्र का यह हिस्सा आज विशिष्ट रूप से बाड़मेर बाड़मेरी फर्नीचर नक्काशी कला का पर्याय बन गया है।

**पन्नालाल मेघवाल**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# बेनीवाल युवाओं की मांगों को लेकर जयपुर से दिल्ली कर रहे साइकिल यात्रा

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रदेश के युवाओं की चिकित्सा विभाग की नई भर्तियों सीएचओ, लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राायूटर, नर्सिंग प्रोफेसर, नर्सिंग ऑफिसर, फार्मासिस्ट, मेडिकल ऑफिसर, आयुर्वेद डॉक्टर्स, आयुर्वेद नर्सेज की विज्ञिप्त जारी कराने, सीएचओ वेटिंग लिस्ट और स्पोटर्स लिस्ट, सीएचओ नियमितीकरण, ओबीसी आरक्षण की विसंगतियों को दूर करने, शैडो पोस्ट क्रिएट कराने, पैरामैडिकल संवर्ग ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन, ब्लड बैंक टेक्निशियन, नेत्र सहायक, डायलिसिस व अन्य कैडर निर्माण करने, एससी-एसटी छात्रों की स्कॉलरशिप दिलाने, सभी भर्तियों में ओबीसी ईडब्लूएस किस जाति प्रमाण पत्रों की समय सीमा का समाधान कराने, प्राइवेट अस्पतालों में न्यूनतम सैलरी 20000 किए जाने, नवीन मेडिकल कॉलेजों में शिलान्यास कर उनमें नर्सिंग कॉलेजों में और मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसरों की भर्ती करने सहित सभी मांगों को लेकर ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन यूनाइटेड के अध्यक्ष भरत बेनीवाल द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर गांधी सर्किल जयपुर से दिल्ली कि साईकिल यात्रा शुरू की गई। वे 271 किलोमीटर का युवा सत्याग्रह मार्च निकालेंगे। दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस आलाकमान को अपनी सभी मांगों से अवगत करवाएंगे। क्योंकि प्रदेश सरकार में सभी मंत्री आलाकमान ही सुनते हैं। बेनीवाल ने बताया कि सरकार को जगाने और कांग्रेस आलाकमान को प्रदेश में युवाओं की स्थिति से अवगत कराने के लिए साइकिल यात्रा कर रहे हैं। चिकित्सा विभाग की मांगों को लेकर केंद्रीय चिकित्सा मंत्री मनसुख मांडविया को भी ज्ञापन दिया जाएगा अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो जयपुर में बड़ी रैली करके अनिश्चितकालीन महापड़ाव डालेंगे।




**मांगे पूरी नहीं होने पर जयपुर में बड़ी रैली करके महापड़ाव डाल सकते हैं बेनीवाल।**

# जियो हैरिटेज साइटस के रूप में मेहरानगढ़ क्षेत्र महत्वपूर्ण

**जोधपुर,** (का.सं.)। इण्टैक जोधपुर चैप्टर एवं मेहरानगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में भू-विरासत पर्यटन के महत्त्व पर संगोष्ठी एवं ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र का आयोजन चौकेलाव महल, मेहरानगढ़ दुर्ग में पूर्व महाराजा गजसिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पन्न हुई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जियो हैरिटेज साइटस के रूप में मेहरानगढ़ व इसके आस-पास का क्षेत्र बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। जोधपुर के लिए यह बहुत ही गौरव की बात है कि यदि इस क्षेत्र को विश्व भू-विरासत की श्रेणी में संरक्षित किया जाता है तो निःसंदेह जोधपुर पर्यटन और वैज्ञानिक शोध की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा।

इण्टैक जोधपुर के संयोजक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने बताया कि इस संगोष्ठी में आमन्त्रित विशेषज्ञों के व्याख्यान भू-विरासत पर्यटन एवं जियो पार्क विश्व भू-विविधता दिवस (6 अक्टूबर) की प्रथम ईवेण्ट में छः व्याख्यान हुए। जय नारायण विश्वविद्यालय जोधपुर के भूविज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एस.सी. माथुर ने भू-विरासत, पर्यटन एवं जियोपार्क के अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के परिपेक्ष्य में मेहरानगढ़ पहाड़ी की विशेषताएँ बताते हुए जोधपुर में भारत के प्रथम जियोपार्क की संकल्पना दशाई।

आरपीएससी, अजमेर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शिवसिंह राठौड़ ने मेहरानगढ़ की पहाड़ियों में भूजल विरासत एवं हेरिटेज स्टोन रिर्सोस (जोधपुर सेण्ड स्टोन) से निर्मित भू-स्मारकों का महत्व बतलाते हुए इन्हें जियोपार्क में भू-विरासत के साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का महत्व बताया। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के भूविज्ञान के पूर्व अध्यक्ष प्रो. पी.एस. राणावत ने मेवाड़ की विभिन्न भू-विरासतों के महत्व एवं जियोपार्क पर प्रकाश डाला।

# नेशनल पेंटिंग कॉम्पटीशन-वर्कशॉप के समापन पर कलाकारों को सम्मानित किया

**आबूरोड़,** (निसं)। आबूरोड़ के ब्रह्माकुमारीज संस्थान के मनमोहिनीवन परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर थीम के तहत चल रही नेशनल पेंटिंग कॉम्पटीशन एवं वर्कशॉप का समापन हो गया।

समापन कार्यक्रम में चार विधाओं में तीन – तीन सबसे बेस्ट पेंटिंग्स का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। इस आधार पर 12 प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले कलाकारों का सम्मान किया गया। इस नेशनल पेंटिंग कॉम्पटीशन में देशभर से जाने माने कलाकारों ने भाग लिया। संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय ने कलाकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि कला में वह ताकत होती है जिस बात को हम शब्दों में बयां नहीं कर सकते हैं। उसे कला के माध्यम से अभिव्यक्त कर सकते हैं। कलाकार एक साधक भी होता है। कॉम्पटीशन में कलाकारों ने संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी, राजयोगिनी दादी जानकी, राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि और वर्तमान मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी की पोर्टेट, स्वर्णिम भारत, भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक भारत का योग चक्र को बड़ी ही बारीकी से बखूबी उकेरा। प्रतियोगिता में लगभग तीन सौ चित्रकारों ने भाग लिया। सभी कलाकारों ने चार विषयों पोट्रेट पेंटिंग, स्वर्णिम भारतए कल्चरल हेरिटेज ऑफ इंडिया और स्प्रिचुअल इंडिया पर रंगों के माध्यम से अपने विचारों को बहुत ही सुंदर रुप में प्रस्तुत कियाए जिसे सभी ने बहुत सराहा।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जज के रूप में दिल्ली से संगीता राजे, बडौदा से अतुल पडिया और कोलकाता से ब्राटिन खान ने भूमिका निभाई। आरंग से गौरव कुमार पटेलए रायपुर से अभिलाष देवांग, भावनगर से विपिन दवे, कोटा से शैलेंद्र कुमार जोशी, अहमदाबाद से मुकेश कुमार पटेल, दिल्ली से हरीश यादव, दिल्ली से सुमन, श्रीगंगानगर से साहिल, भिलाई से चित्राए पुणे से गोपाल, इटावा से सत्यम, रेवाडी से कपिल, सूरत से ढोलकिया मुकेश, औरंगाबाद से प्रकाश बालाजी, कालाबुरागी से नागराज, नवी मुंबई से पूजा, नोएडा से अंजुम परवीन, थाने से नेहा, अहमदाबाद से तेजस्वी और उदयपुर से रितिक की बेहतर पेंटिंग पर सम्मानित करते हुए सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



**ब्रह्माकुमारी संस्थान में नेशनल पेंटिंग कॉम्पटीशन वर्कशॉप के समापन पर चित्रकारों को स्मृति चिन्ह दिये।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 3 अक्टूबर, 2022**

आश्विन मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, सोमवार विक्रम सम्वत 2022, पूर्वाषाढा रात्रि 12.25 तक, शोभन योग दिन 2.25 तक बवकरण सांय 4.38 तक, चन्द्रमा मंगलवार प्रातः 6.02 मकर राशि में संचार करेगा।

ग्रहस्थिति – सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-धनु, मंगल-बुध, बुध-कन्या, गुरु-मीन, शुक्र-कन्या, शनि-मकर, केतु-तुला राशि में।

रवियोग रात्रि 12.25 से आरम्भ होगा। आज दुर्गाष्टमी मत्स्य उत्सव मेला छह बालाओं और तारादेवी है और अन्नपूर्णा परिक्रमा योग 4.38 पर पूर्ण होगा।

श्रेष्ठ चोघडिया अमृत सूर्योदय से 7.52 तक शुभकरण 10.45 तक चर 1.44 से 3.12 तक, लाभ-अमृत 3.22 से सूर्यास्त तक।

राहुकाल 7.30 से 9.00 तक सूर्योदय 6.24 सूर्यास्त 6.08

**मेष**
धार्मिक कार्यों में भाग लेना का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में शुभ मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
अपनी कार्य योजना की सीमित रखें। मित्रो रिश्तेदारों से अनबन और वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा।

**कर्क**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक कार्यों में आस्था बडेगी।

**सिंह**
परिवार में शुभ मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेगे।

**कन्या**
घर परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यवस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाये रखना ठीक रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेगे। संभावित स्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**धनु**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेगे। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनना लगेगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर**
अर्नगल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भाग दौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ**
आर्थिक वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बडेगा। परिवार में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करे। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।

# पहले गहलोत ने बढ़ाई अनिश्चितता, अब आलाकमान के पर्यवेक्षकों पर साधा निशाना

## गहलोत ने कहा कि ऑब्जर्वर को भी चाहिए कि वे कांग्रेस अध्यक्ष की सोच, व्यवहार के ढंग से काम करें, ताकि वह ऑरा बना रहे

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में 25 सितंबर को कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बहिष्कार के मामले में दिल्ली की ओर से कहा गया था कि एक-दो दिन में राजस्थान के मुख्यमंत्री का मामला सुलझ जाएगा, लेकिन अब 4 दिन होने के बावजूद कांग्रेस विधायक दल की बैठक होने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, तो दूसरी ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अचानक 2 दिन से बयानों को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। उन्होंने अपने बयानों में पहले जहां अनिश्चितता बढ़ाने का काम किया, तो दूसरे दिन गांधी जयंती पर उन्होंने राजस्थान आए पर्यवेक्षकों मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन को ही निशाने पर ले लिया।

गहलोत ने गांधी जयंती के मौके पर मीडिया से बात करते हुए जमकर बयानबाजी की और कहा कि जब यह लगा कि मैं अध्यक्ष बन जाऊंगा, तो नया सीएम आएगा। इससे 102 विधायक इस कदर भड़क गए कि उन्होंने किसी की नहीं मानी। उन्हें इतना क्या भय था? ऐसा क्यों हुआ, क्या कारण रहे, इस पर तो रिसर्च करना चाहिए। इसी के साथ राजस्थान आए पर्यवेक्षकों पर सवाल उठाते हुए गहलोत ने कहा कि ऑब्जर्वर को भी चाहिए कि वे कांग्रेस अध्यक्ष की सोच, व्यवहार के ढंग से काम करें, ताकि वह ऑरा बना रहे। राजस्थान का केस अलग हो गया। यह तो हिस्ट्री में लिखा जाएगा।

दरअसल 25 सितंबर के एपिसोड के बाद दोनों खेमों की ओर से बयानबाजी शुरू हुई, तो कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को एडवाइजरी जारी करनी पड़ी कि पार्टी के आंतरिक मामले को लेकर कोई भी नेता बयानबाजी करेगा तो अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसे में 2 दिन शांति रही लेकिन जैसे ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बीकानेर संभाग के दौरे पर गए, तो उन्होंने वहां अपने भाषणों में और मीडिया के साथ बातचीत में एक बार फिर मामले को गरमा दिया। वही गांधी जयंती पर जयपुर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने जमकर बयानबाजी की और सीधे पर्यवेक्षकों को ही निशाने पर ले लिया।

गहलोत ने जयपुर में कहा कि विधायकों को इतना क्या भय था, यह उन्हें कैसे उन्हें मालूम पड़ा, पता नहीं कर पाया, वो कैसे कर पाए। ऐसी नौबत क्यों आई, हमारे सब नेताओं को सोचना चाहिए कि क्या हुआ? उन्होंने कहा कि हम सबमें कमियां हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए। हमारे लिए राजस्थान में सरकार बनाना जरूरी है। मैंने अगस्त में ही सोनिया गांधी से कह दिया था कि आप चाहें तो जो सरकार रिपीट कर सके, उसे सीएम बना दीजिए, मैं सीएम पद छोड़ दूंगा। गहलोत ने कहा कि कई बार कई कारणों से ऐसे फैसले जाते हैं। मुझे नहीं मालूम, किन हालात में फैसला हुआ, जब विधायक दल की बैठक बुलाकर एक लाइन का प्रस्ताव पारित करना होता है, तो ही ऑब्जर्वर आते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के बिहाफ पर ही ऑब्जर्वर आते हैं और हम उनसे उसी ढंग से बिहेव करते हैं। हाईकमान का आदेश होने के बाद एक लाइन का प्रस्ताव पारित करवाना हमारी परंपरा रही है। मैंने सोनिया गांधी से मिलकर कहा कि कांग्रेस विधायक दल का लीडर रहते मेरी जिम्मेदारी थी कि वह प्रस्ताव पारित करवाता, लेकिन वह नहीं हो पाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधायकों से जाकर कहा कि आप चलिए। एक लाइन का प्रस्ताव पारित करने का तो कायदा होता है। विधायकों ने डोटासरा से कहा कि हमारे अभिभावक तो दिल्ली जा रहे हैं, हमें किसके भरोसे छोड़कर जा रहे हैं?

> ■ अमित शाह के पास कुछ विधायक गए थे, अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान, जफर इस्लाम बैठकर बातचीत कर रहे थे, विधायकों को हंस-हंसकर मिठाई खिला रहे थे

गहलोत ने कहा कि आप सोच सकते हो जिसने मेरी सरकार बचाई थी, ऐसे 102 विधायक थे, मैं कैसे उन्हें धोखा दे सकता हूं, इसलिए मैंने कांग्रेस अध्यक्ष से माफी मांगना मंजूर किया, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का पार्टी में इतना योगदान रहा है। मुझे तो संकोच हो रहा था, मैं उन्हें जाकर क्या कहूंगा?

बीजेपी पर हमेशा सरकार गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी तो हर वक्त सरकार को डिस्टर्ब करने की कोशिश करेगी, उसका बस चले तो सरकार गिरा दे। बीजेपी इन विधायकों से मिली हुई थी। गहलोत ने बिना किसी का नाम लिए हुए एक बार फिर सचिन पायलट खेमे पर निशाना साधते हुए कहा कि अमित शाह के पास बैठकें कर रहे थे, हमारे कुछ विधायक गए थे। अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान, जफर इस्लाम, सब बैठकर बातचीत कर रहे थे। हमारे विधायकों को हंस-हंसकर मिठाई खिला रहे थे। कह रहे थे कि थोड़ा इंतजार करो।उस वक्त होटल से निकलने के 10 करोड़ मिल रहे थे। उस समय जब गवर्नर ने असेंबली बुलाने की घोषणा कर दी तो बीजेपी 58 करोड़ तक विधायकों को दे रही थी। राजस्थान में इनका बस नहीं चला।

उल्लेखनीय है कि जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोनिया गांधी से मिलने गए थे उस समय भी वे सचिन पायलट पर सरकार गिराने के आरोप लगाते हुए एक पन्ने पर सब कुछ लिख कर ले गए थे। सोनिया गांधी के बंगले पर जाते वक्त गहलोत के हाथ जो कागज कैमरों में कैद हुआ, उस कागज में पायलट कैंप पर गुंडागर्दी करने, बीजेपी से मिलीभगत करने से लेकर पार्टी छोड़ने तक का जिक्र है। अब मुख्यमंत्री गहलोत के बयानों के बाद में राजस्थान की राजनीति उलझी हुई नजर आ रही है और यदि राजस्थान में विधायक दल की संभावित बैठक को लेकर जल्द ही कोई निर्णय नहीं होता है, तो राजस्थान में एक बार फिर कांग्रेस के दोनों खेमों के बीच टकराव की स्थिति बन सकती है। ऐसे में देखना यह है कि कांग्रेस आलाकमान कब और कैसे इस मामले को निपटाता है।

# डॉ.सतीश पूनिया और चंद्रशेखर ने खादी उत्पादों की खरीदारी की



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने रविवार को जयपुर में खादी ग्रामोद्योग से खादी उत्पादों की खरीदारी कर आमजन को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आज जयपुर में जेएलएन मार्ग स्थित महात्मा गांधी सर्किल पर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत देश और प्रदेश में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने खादी उत्पाद खरीदकर स्वदेशी को बढ़ावा देने की अपील की। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने जयपुर में खादी ग्रामोद्योग से खादी उत्पादों की खरीदारी कर आमजन को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. पूनिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, बापू ने देश की आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन के लिए हस्तशिल्प और हथकरघा को प्रोत्साहन दिया, आज उसी की बदौलत खादी विश्व पटल पर मनपसंद परिधान बना। आज महात्मा गांधी की जयंती है और सब इससे भिज्ञ है कि पूज्य बापू ने इस देश में आत्मनिर्भता के लिए ग्राम स्वराज्य के लिए, स्वावलंबन के लिए जिस तरीके से हस्तशिल्प को और हथकरघा को प्रमोट किया। आमतौर पर खादी के बारे में एक धारणा है इसमें डिजाइन्स नहीं है, इसमें कलर्स नहीं है, लेकिन मैंने खादी भण्डार पर आकर देखा और खरीदारी की तो बहुत उम्दा बनावट है, पहनने के बाद सुकून मिलता है और व्यक्ति को लगता है कि मैंने देश के लिए उन हथकरघा शिल्पकारों को अपने अंशदान से स्वावलंबी बनाने में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आप सब लोग भी जहां तक संभव हो खादी पहनें, खादी अपनाएं और खादी को मजबूती दें।

# सीएस ने सामाजिक न्याय संकुल का दौरा किया



गांधी जयंती के अवसर पर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने आज जामडोली स्थित सामाजिक न्याय संकुल का दौरा किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। गांधी जयंती के अवसर पर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने आज जामडोली स्थित सामाजिक न्याय संकुल का दौरा किया।

उन्होंने सामाजिक न्याय संकुल में संचालित बौद्धिक दिव्यांग विद्यालय और बौद्धिक दिव्यांग गृह का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने आवासीयो हेतु संचालित विद्यालय गृह व कौशल विकास कार्यों की सराहना की।

उन्होंने राजकीय छात्रावास व वृद्ध आश्रम का भी निरीक्षण किया। दौरे के दौरान छात्रावास की छात्राओं से बातचीत भी की। उन्होंने गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया। मुख्य सचिव ने सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग और अभ्युत्थानम सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी लिया। इस अवसर पर शासन सचिव, पंचायती राज विभाग नवीन जैन, शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डॉ समित शर्मा, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव हरि मोहन मीना, आयुक्त विशेष योग्यजन गजानंद शर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में गिरावट जारी

## राज्य में रविवार को 41 नए संक्रमित मिले, इससे पहले शनिवार को 47 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में गिरावट का दौर लगातार जारी है। राज्य में रविवार को भी थोड़ी कमी के बाद 41 नए मरीज मिले हैं। वहीं इस बीच दोगुना संक्रमितों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 364 रह गए हैं।

प्रदेश में रविवार को 11 जिलों में 8 हजार 856 जांचों पर 41 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 47 रोगी पाए गए थे। इधर पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 13 नए मरीज जयपुर सामने आए हैं। इसके अलावा कोटा में 7, पाली व अलवर में 5-5, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, नागौर व उदयपुर में 2-2 तथा सिरोही, जोधपुर और अजमेर में एक-एक नया संक्रमित मिला।

> ■ पिछले चौबीस घंटों में राजधानी जयपुर में 13 नए मरीज सामने आए हैं।

उधर, प्रदेश में रविवार को भी नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान राज्य में 83 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस और घटकर 364 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 23 मरीजों के स्वस्थ होने से 72 एक्टिव केस रह गए हैं। प्रदेश में रविवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9641 लोगों की मौत हो चुकी है।

जयपुर में रविवार को 10 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 3 नए संक्रमित मालवीय नगर में मिले हैं। इसके अलावा मानसरोवर में 2, आदर्श नगर, बनीपार्क, चौमूं, झोटवाड़ा, पुरानी बस्ती, सोड़ाला और वैशाली नगर इलाके में 1-1 नया रोगी मिला है।

# सीएम ने ऑब्जर्वर के कंधे पर बंदूक रखकर आलाकमान को चुनौती दी : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि आलाकमान के भेजे दूतों को इशारों-इशारों में मुखिया ने उनकी हैसियत और काम करने का तौर-तरीका बता दिया है। ऑब्जर्वर के कंधे पर बंदूक रखकर आलाकमान को सीधी चुनौती देने वाले मुख्यमंत्री का साहस वाकई काबिले गौर है। राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि अपने मुँह मिया मिट्ठू बने मुख्यमंत्री स्वयं व अपने सहयोगियों के कारनामों को जायज ठहाराते हुए महिमामंडन तो कर रहे हैं। लेकिन साथ ही वह इस बात का जवाब भी अवश्य दें कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में अपनी अक्षमता का प्रदर्शन करते हुए सोनिया गांधी से माफी क्यों मांगी?

> ■ उपनेता प्रतिपक्ष ने ट्वीट कर कहा कि सीएम इस बात का जवाब दें कि उन्होंन मुख्यमंत्री के रूप में सोनिया गांधी से मांफी क्यों मांगी

# राज्य में 1.42 लाख करोड़ के 32 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 1.42 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए 32 परियोजनाओं को कस्टमाइज्ड पैकेज की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश में 32 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर रविवार को बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की तीसरी बैठक में कहा कि राज्य सरकार निवेश में आने वाली बाधाओं को दूर करने लिए प्रतिबद्ध है।

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने निवेश बढ़ाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण नीतियों एवं कार्यक्रमों को लागू किया है। राजस्थान में एमएसएमई नीति-2022, हस्तशिल्प नीति-2022, पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2022, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (आरआईपीएस-2019), राजस्थान औद्योगिक विकास नीति-2019 एवं वन स्टॉप शॉप सिस्टम के माध्यम से निवेशकों को अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों के चलते बड़ी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रदेश में औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के प्रस्ताव लगातार मिल रहे हैं।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।


तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड रहा है कि हमारे पिताजी **श्री जगदीश प्रसाद जी बोहरा** (बागडा) का स्वर्गवास दिनांक 1.10.22 को हो गया। तीये की बैठक दिनांक 3.10.22 को 3:00 बजे से 4:00 बजे तक हमारे निवास स्थान बोहरा-सदन, सरना डूंगर पर होगी।
**शोकाकुल**- लालाराम, कैलाश चंद (पुत्र), श्रवण, रूडाराम, सीताराम, गोपाल, हनुमान, बाबूलाल (भतीजे), मुकेश, अशोक, राकेश, सुनिल, ललित (पौत्र), दिव्यांश (प्रपौत्र) एवं समस्त बोहरा परिवार सरना डूंगर खोरा बिसल जयपुर।
9694477204, 9928463029



नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# स्वच्छता अभियान सम्पन्न किया

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष अलका मूंदड़ा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं राघव शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा जयपुर शहर, अनुराधा माहेश्वरी जिला अध्यक्ष भाजपा जयपुर शहर महिला मोर्चा के सानिध्य में भाजपा जयपुर शहर महिला मोर्चा द्वारा स्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारत के अभियान कार्यक्रम जयपुर आराध्य गोविंददेवजी के प्रांगण में भाजपा महिला मोर्चा जयपुर शहर के पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अलका मूंदड़ा, जिला अध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी, पार्षद विमल अग्रवाल एवं महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी अमरावती शर्मा, माधवी अग्रवाल विमल अग्रवाल सभी पदाधिकारी कर स्वच्छ भारत का संदेश देते हुए।

# दुर्गाष्टमी पर शुभकामनाएं दीं

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दुर्गाष्टमी (3 अक्टूबर) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि मां महागौरी सभी को सुख, शांति, वैभव और आरोग्य प्रदान करें।

# जवाहर कला केंद्र में जीवंत हुआ महात्मा गांधी का जीवन दर्शन

**जयपुर** (का.सं.)। जवाहर कला केंद्र की सुकृति आर्ट गैलरी रविवार को महात्मा गांधी के कृतित्व और व्यक्तित्व के ओज से चमक उठी। कहीं समाचार पत्र पढ़ते महात्मा गांधी, कहीं जेल के बैरेक में पत्र लिखते बापू, कहीं दक्षिण अफ्रीका में रेल से धकेलने के बाद जमीन पर गिरते मोहन दास कर्मचंद गांधी तो कहीं विदेशी वस्त्रों की होली जलाकर अंग्रेजों को भारत छोड़ने की चेतावनी देते महात्मा। मौका था प्रदेश के जाने-माने चित्रकार चंद प्रकाश गुप्ता की बनाई 27 पेंटिंग्स की प्रदर्शनी 'मोहनदास से महात्मा' के उद्घाटन का। ये सभी चित्र चंद्र प्रकाश ने जल रंग, तैल रंग और पैंसिल स्कैच के माध्यम से तैयार किए हैं जिनमें गांधी के हर मूड की जीवंतता देखने योग्य है। फिर चाहे महात्मा गांधी के सिरहाने बैठ बालिका इंदिरा गांधी हो या उन्हें 'महात्मा' का सर्वप्रथम उद्बोधन देने वाले गुरू रवींद्र नाथ टैगोर। सभी चित्र ऐसे हैं मानों गांधी और उनके इर्द-गिर्द बैठे किरदार उनसे जीवंत संवाद कर रहे हों। कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, विधायक प्रशांत बैरवा, संस्कृतिकर्मी सुधीर माथुर और सुधीर कास्लीवाल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।



कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, विधायक प्रशांत बैरवा, संस्कृतिकर्मी सुधीर माथुर और सुधीर कासलीवाल ने दीप प्रज्जवलित कर चित्रकार चंद प्रकाश गुप्ता की बनाई 27 पेंटिंग्स की प्रदर्शनी 'मोहनदास से महात्मा' का उद्घाटन किया।

इन पेंटिंग्स में कलाकार ने महात्मा गांधी के 'मोहनदास' नामक साधारण बालक से लेकर महात्मा बनने तक के सफर को जीवंत किया गया है। जलरंगों से बनाई गई इन पेन्टिंग्स की विशेषता हैं उनकी जीवंतता, गतिवान आकृतियां, रंगों और रेखाओं के चित्ताकर्षक सुनियोजन इसके अलावा इनमें भारतीय चित्रकला की मूल आत्मा कही जाने वाली 'रेखाओं' की तीक्ष्णता महात्मा गांधी के एक-एक मनोभाव को खूबसूरती से जीवंत कर रही हैं। एक बच्ची का लाड़ लड़ाते बापू के चेहरे पर 'वात्सल्य' के भाव खास हैं तो एक अन्य पेंटिंग में दांडी यात्रा के लिए प्रस्थान करते महात्मा गांधी के अक्स में 'दृढ़ संकल्प' के भाव देखने योग्य हैं। इसके अलावा इन पेंटिंग्स में विदेशी वस्त्रों की होली, जेल के बैरक में पत्र लिखते, आश्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के साथ और एक अन्य चित्र में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ विचार विमर्श करते गांधी की पेंटिंग्स ऐसी जिनसे इस तपस्वी के संघर्ष और उनके व्यक्तित्व को सहज ही देखा और महसूस किया जा सकता है।प्रदर्शनी 3 अक्टूबर तक सुबह 11 से शाम 6 बजे तक दर्शकों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती सोनी देवी पत्नी स्व. रामलाल निवासी-बी 398, लाल प्याऊ के पास, पारीक कॉलेज रोड, बनीपार्क, जयपुर निवासी है। मेरी अभिभाष्या का पुत्र कैलाश चौधरी पुत्र स्व. रामलाल, पुत्रवधु श्रीमती प्रेमदेवी पत्नी कैलाश चौधरी एवं पौत्र अजय चौधरी पुत्र कैलाश चौधरी मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है, मेरी अभिभाष्या के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अनावश्यक विवाद कर उसकी सम्पत्ति हडपना चाहते हैं जिहाजा मेरी अभिभाष्या प्लाट नं. बी-398 एवं ग्राम नागलपुरोहित स्थित कृषि भूमि और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र कैलाश चौधरी, पुत्रवधु श्रीमती प्रेमदेवी और पौत्र अजय चौधरी को बेदखल करती है यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा मेरी अभिभाष्या के उक्त पुत्र, पुत्रवधु एवं पौत्र से किसी प्रकार का कोई लेन-देन व सव्यवहार करते है तो उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी, सूचित रहे।
जयपुर (सुरेश कुमार मिठारवाल) एडवोकेट
दिनांक-02.10.2022 मो.9414062160, 8003372160

**नाम परिवर्तन**
मैंनें अपना नाम विवाहोपरान्त विद्या ईसरानी से बदलकर ममता पत्नी श्री विशनदास रख लिया है। भविष्य में मुझे उपरोक्त दोनों नाम से ही जाना पहचाना जावे। निवासी 3/720-21, मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान। 9785799740

**खोया पाया**
मेरे मकान नं. 75/163 प्रताप नगर, सांगानेर का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये। मिलने पर सूचित करें- Dilip Soni 9829541680

हाउसिंग बोर्ड से जारी मकान न 6H-125, इंद्रा गांधी नगर जगतपुरा, जयपुर के संशोधित आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कही खो गये है मिलने पर सूचित करें यशवंत मीणा पुत्र श्री कृष्ण सिंह मीणा 7976469137

**आम सूचना** मैं, मूली देवी उर्फ मालती पारीक पत्नी श्री रामगोपाल पारीक निवासी 7, विकास नगर, हीरापुरा, अजमेर रोड, जयपुर के पक्ष में जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा प्लाट नम्बर 226, रजनी विहार, हीरापुरा, जयपुर का पट्टा विलेख क्रमांक 33 दिनांक 29.09.2015 का जारी हुआ था, जो दिनांक 15.10.2015 को उप-पंजीयक, जयपुर-सप्तम् के यहां पंजीबद्ध हुआ। उस पट्टा विलेख का एक असल कागज 'एण्डोर्समेन्ट ऑफ एक्जीक्यूशन' कहीं खो गया है, जिसके संदर्भ में दिनांक 27.09.2022 को एक एफ.आई.आर. दर्ज करा दी है। मैं उक्त प्लाट पर मकान बनाने हेतु भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी.-द्वितीय, जयपुर से ऋण ले रहीं हूं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो मुझे अथवा बैंक को 15 दिवस में सूचित करें। मोबाईल नम्बर-9549808522
जरिये अभिवक्ता, अबकर खान, मो.9829155350

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone NO. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1713 दिनाक-22.09.22
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 30/20/11, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 18.610 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री हरपाल सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 526 दिनांक 07.11.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 28.11.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 4662 दिनांक 05.12.2007 के द्वारा श्री प्रेम किशोर अरोड़ा पुत्र श्री एस.एन.अरोड़ा के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 27.03.2008 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री प्रेम किशोर अरोड़ा की मृत्यु दिनांक 01.10.2014 को हो जाने कारण अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवास के 70 प्रतिशत अविभाजित हिस्से को श्री नन्द किशोर अरोड़ा पुत्र स्व.श्री सत्यनारायण अरोड़ा एवं 30 प्रतिशत अविभाजित हिस्से को श्रीमती बीना बहमवर पत्नी श्री अशोक बहमवर ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री नन्द किशोर अरोड़ा पुत्र स्व.श्री सत्यनारायण अरोड़ा एवं श्रीमती बीना बहमवर पत्नी श्री अशोक बहमवर के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री नन्द किशोर अरोड़ा एवं श्रीमती बीना बहमवर के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone NO. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1794 दिनाक-30.09.22
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 84/62, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 151.50 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्रीमती गीता अग्रवाल पत्नी श्री रामावतार अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1792 दिनांक 30.05.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 14.08.1995 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 352 दिनांक 20.01.1996 के द्वारा श्रीमती गीता अग्रवाल पत्नी श्री रामावतार अग्रवाल के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 30.03.1999 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती गीता अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 12.03.2018 को हो जाने कारण इनका पुत्र श्री कपिल अग्रवाल पुत्र श्री रामावतार अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवा को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री कपिल अग्रवाल पुत्र श्री रामावतार अग्रवाल के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री कपिल अग्रवाल पुत्र श्री रामावतार अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

# नीमकाथाना जिला बनने से पहले खेतड़ी में हुआ विरोध

## खेतड़ी के चारावास में सभा करके जताया विरोध

**खेतड़ी, (निसं)।** नीमकाथाना जिला बनाने की आशंकाओं के साथ ही झुंझुनूं के खेतड़ी को नीमकाथाना में मिलाने का विरोध शुरू हो गया है। इसी क्रम में खेतड़ी के चारावास में बैठक कर खेतड़ी की सात पंचायतों को शामिल करने का विरोध जताया है।

बड़ाऊ, लोयल, चारावास, नंगली, जसरापुर व मानोता के लोगों ने विरोध जताते हुए बताया कि झुंझुनूं से इन गांवों की दूरी 30 किलोमीटर ही पड़ती है। जबकि नीमकाथाना की दूरी यहां से 60 से 70 किलोमीटर तक पड़ेगी तथा आने जाने के लिए साधन उपलब्ध नहीं होने से परेशानी उठानी पड़ेगी। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर इन पंचायतों को मिलाया गया तो

- **नीमकाथाना में जोड़ने पर झुंझुनूं से 60 किमी दूर हो जाएंगी सात पंचायतें**

आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में लोयल सरपंच महेंद्र काजला, कप्तान पाबूदानसिंह, गोकुलचंद, होशियारसिंह, अमरसिंह, ओमप्रकाश पूरण सिंह, सवाई सिंह, रोहिताश्व, सूबेदार शीशराम, राजेंद्र, सुभाष, हवा सिंह बगड़िया, सुनील, रविंद्र पायल, महेन्द्र भगासरा व बजरंग सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



**खेतड़ी की सात पंचायतों को नीम का थाना में शामिल करने का लोगों ने विरोध जताया।**

# उदयपुरवाटी विस. को नहीं शामिल होने देंगे नीमकाथाना में

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** जब से प्रदेश में नीमकाथाना को नया जिला बनाने की चर्चा शुरू हुई है। उसके बाद झुंझुनूं के खेतड़ी और उदयपुरवाटी में लगातार विरोध हो रहा है। अब इस विरोध में भाजपा भी कूद गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया ने गुढ़ागौड़जी में प्रेस वार्ता कर अपने इरादे बताए और कड़े लहजे में सरकार को चेतावनी दी है कि जबरदस्ती या फिर किसी कुचक्र को चलाकर उदयपुरवाटी विधानसभा को नीमकाथाना में शामिल किया जाता है तो इसका विरोध किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उदयपुरवाटी विधानसभा के कुछ गांव नीमकाथाना से सटे हुए हैं। इन गांवों में भी सरकार को पहले जनमत संग्रह कराना चाहिए। इसके बाद वहां के लोगों के जनमत के आधार ही उन्हें नीमकाथाना में




**भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया ने गुढ़ागौड़जी में प्रेस वार्ता की।**

शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि बड़ागांव जैसे साथ लगते ऐसे कई गांव है। जहां से झुंझुनूं जिला मुख्यालय महज 10 किलोमीटर है। यदि नीमकाथाना में बड़ागांव जैसे गांव भी शामिल

- **अब भाजपा ने भी दी राज्य सरकार को कड़े लहजे में चेतावनी**

हो जाएंगे। तो यहां से 60 से 70 किलोमीटर दूर ग्रामीणों को अपने कामों से जाना होगा। जो व्यवहारिक दृष्टि से सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि वह जनता के साथ खड़ी होगी। जनता के सहयोग से आंदोलन करेगी लेकिन किसी भी सूरत और किसी भी कीमत में उदयपुरवाटी विधानसभा को नीमकाथाना में शामिल नहीं होने देगी। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य अजय भालोठिया, भाजपा प्रवक्ता पवन शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच विजयपाल भाटीवाड़ आदि मौजूद थे।

# बालिका का गैंगरेप के बाद स्कूल जाना बंद

## दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष बोलीं-बेटियों संग घिनौने अपराध, नेताओं में कुर्सी की जंग

**अलवर, (निसं)।** अलवर के एक क्षेत्र में 16 साल की नाबालिग से गैंगरेप करने वाले 8 में से 1 भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सका है। 3 दिन पहले परिवार ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया। गैंगरेप की घटना 31 दिसंबर 2021 व 3 व 6 जनवरी 2022 की है।

गैंगरेप के बाद पीड़िता ने स्कूल जाना भी छोड़ दिया था लेकिन आरोपी उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बुलाते रहे। आखिर में पीड़िता से वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपए भी ऐंठने लगे। फिर भी वीडियो वायरल कर दिया। जब परिवार तक वीडियो पहुंचा तो 3 दिन पहले भिवाड़ी के किशनगढ बास थाने में मामला दर्ज कराया था। एक दिन पहले दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने भी इस पर सवाल खडे किए हैं।

नाबालिग से पहली बार गैंगरेप 31 दिसंबर 2021 को किया। इस गैंगरेप में नाबालिग की क्लास में पढने वाले स्टूडेंट्स व दूसरे युवक शामिल हैं। पुलिस सभी आरोपियों के दस्तावेज खंगाल रही है। अब तक यह पता चला है कि रेप करने वाले 2 नाबालिग हैं। जिनके डॉक्युमेंट से नाबालिग होने की पुष्टि हो चुकी है। अभी दूसरे आरोपियों के दस्तावेजों से उनकी उम्र का पता लगाया जा रहा है। नाबालिग की संख्या दो से अधिक भी हो सकती है।

इस मामले में 3 टीमें दबिश दे रही हैं। आरोपियों के घर, रिश्तेदारों के यहां दबिश के बावजूद अब तक एक भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है। इस मामले में पुलिस अधिकारी अतुल अग्रे का कहना है कि 3 टीम तीन दिन से आरोपियों को ढूंढने में लगी हैं। अभी एक भी गिरफ्तार नहीं हो सका है। लेकिन पुलिस जल्दी सभी को ढूंढ निकालेगी।

इस गैंगरेप में क्लास के नाबालिग व उस क्षेत्र के युवक भी हैं। जिनका नाम सामने आया है। अभी आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद ही पुलिस पूरा खुलासा कर सकेगी। अभी तक पीडिता के भाई की रिपोर्ट के बाद नाबालिग का मैडिकल व 164 के बयान हुए हैं।

# सूरौठ पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

**सूरौठ, (निस)।** पुलिस ने रविवार शाम को गंगापुर -भरतपुर मेगा हाईवे पर विशेष वाहन चैकिंग अभियान चलाकर मोटर वाहनों की चैकिंग की और वाहन चालकों को अपनी व अपने परिवार के जीवन की सुरक्षा के लिए सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने की नसीहत भी दी । कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह जाटव ने बताया कि इस अभियान में कार्यवाहक थाना प्रभारी एएसआई प्रहलाद सिंह द्वारा 15 लोगों के काटे चालान व उनसे 2300 रूपये का जुर्माना । इस अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालकों को हैलमेट अवश्यक लगाने और चौपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीटबैल्ट का उपयोग अवश्य करने व सड़क सुरक्षा के अन्य नियमों की भी पालना करने के लिए जागरूक किया । इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना वसूली की भी कार्रवाही की गई।

# बालाजी मार्केट में दुकान में लगी आग

**श्रीगंगानगर, (निसं.)।** जिले के घड़साना में रविवार को बंद पड़ी दुकान में भीषण आग लग गई। आग जिस दुकान में लगी वह किराए पर दी हुई। हादसे के बाद भी किराएदार मौके पर नहीं पहुंचा। ऐसे में पुलिस को दुकान में पेट्रोल डीजल का अवैध स्टोरेज होने की आशंका है। पुलिस दुकान मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

आग कस्बे के बालाजी मार्केट में लगी। इस मार्केट में अधिकांश दुकानें रिपेयरिंग वर्क, बिल्डिंग मैटेरियल, मार्बल वर्क आदि से जुड़ी है। रविवार दोपहर दुकान बंद थी। इसी दौरान आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं उठता देखा। उन्होंने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और घड़साना पुलिस को दी। फायरब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे तथा कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया।

दुकान किराए पर दी हुई है। मौके पर पहुंचे घड़साना थाने के एएसआई

- **किराए पर दी हुई थी दुकान, हादसे के बावजूद नहीं पहुंचा किराएदार**

भोलूराम ने बताया कि दुकान मालिक गांव एक जीडी निवासी इलियास पुत्र याकूब शाह की इस इलाके में पास-पास तीन दुकानें हैं। इनमें दो दुकानें पाल सिंह और एक अन्य को किराए पर दी हुई है जबकि जिस दुकान में आग लगी है उसे विकास पुत्र शिव गोदारा ने किराए पर लिया हुआ है। एएसआई भोलूराम ने बताया कि जिस तरह से आग भड़की इससे दुकान में पेट्रोल डीजल के स्टोरेज की आशंका है। दुकान का किराएदार विकास कहां का रहने वाला है, इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। दोपहर करीब ढाई बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

# चाकू की नोक पर महिला को बंधक बनाकर जेवर लूटे

**टोंक/निवाई, (नि.स.)।** जिले के निवाई कस्बे काबपोश लूटेरो ने निवाई कस्बे की कीर कॉलोनी के गणेश नगर में 2 घरों को निशाना बनाते महिला को बंधक बनाकर लाखों के जेवर लूट लिए और एक ही रात में दो मकानो पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार चित्रांश माथुर किसी कार्य से जयपुर गए थे, पिछे से बीती रात अज्ञात नकाबपोश लुटेरों ने सूने मकान को निशाना बनाया, ज्वैलरी व नकदी चोरी के बाद दूसरे मकान दुर्गेश गौत्तम के मकान को अपना निशाना बनाया। सबसे पहले दुर्गेश गौतम के घर की बाहर से विद्युत आपूर्ति बन्द कर दी। फिर दुर्गेश गोत्तम के कमरे की कुन्डी बाहर से बन्द कर दी। एक जना मेन गेट पर हथियार लेकर खडा हो गया और अन्य नकाबपोश लूटेरो ने चाकू की नोक पर महिला को बन्धक बनाकर जबरन कानो के झूमके और मॉडलिया एवं नकदी लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाकबन्दी करवाई।

उधर निवाई की पॉश कॉलोनी नकाबपोश लूटेरों की करतूत से लोगो में भारी रोष व्याप्त है। घटना की सूचना पर निवाई थानाधिकारी राजेश खण्डेलवाल, पुलिस वृत्ताधिकारी रुद्र प्रकाश शर्मा ने घटना का जायजा लेकर लूटेरो का सुराग



**चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।**

- **अज्ञात नकाबपोश लुटेरो ने एक ही रात में 2 मकानो में किए हाथ साफ**

लगाने के लिए शहर के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। वहीं पुलिस संदिग्ध लोगों से के साथ ही विशेष नजर बनाए हुए हैं।

# पूर्व राजस्व अधिकारी को एक वर्ष की सजा

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर न्यायालय ने चैक अनादरण मामले में एक पूर्व राजस्व अधिकारी विनोद पितलिया को दोषी मानते हुए एक वर्ष की सजा सुनाई तो वहीं 5 लाख 50 हजार रूपये अदा करने का आदेश दिया। उक्त राशि अदा नहीं करने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास का फैसला भी सुनाया।

भीण्डर निवासी मनोज कुमार पिता नवरतन मल दक ने 2016 में उदयपुर हाल कानोड निवासी विनोद कुमार पितलिया पिता नानालाल को उधार के रूप में तीन लाख रूपये दिये थे। विनोद पितलिया पेशे से राजस्थान सरकार में राजस्व अधिकारी थे, जो कुछ वर्ष पहले ही सेवानिवृत हो गये है। विनोद ने इस रकम को चुकाने के एवज में 16 फरवरी 2016 को एसबीबीजे शाखा वल्लभनगर का एक हस्ताक्षरशुदा चैक सौंपा। जिसको मनोज कुमार ने अपने खाते में जमा करवाया तो विनोद कुमार ने अपने बैंक खाते में पेमेंट पर रोक लगवा दी। जिससे बैंक ने बिना भुगतान चैक मनोज को लौटा दिया। इसको लेकर मनोज ने भीण्डर न्यायालय में अधिवक्ता सुशील जैन के माध्यम से परिवाद पेश किया। जिस पर करीब 6 वर्ष तक न्यायालय में मामला चलता रहा। विनोद पितलिया की तरफ से अधिवक्ता चन्द्रप्रकाश भाणावत पैरवी कर रहे थे।

# डॉक्टर ने एपीओ होने के बाद सेल्फ चेक लगा निकाली राशि

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के पालमांडव पीएचसी के डॉक्टर राजेश खराडी के 1.70 लाख रुपए का गबन करने का मामला सामने आया हैं। डॉक्टर ने एपीओ होने के बाद 7 सेल्फ चेक लगाकर अस्पताल के खाते से राशि उठा ली । 2 की जगह अकेले डॉक्टर के साइन से ही ये पूरी राशि हडप ली। मामला सामने आने के बाद अब कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, सीएमएचओ ने भी मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई है।

पालमांडव पीएचसी के प्रभारी डॉ. राजेश खराडी को शिकायतों के बाद 23 सितंबर को सीएमएचओ ने एपीओ कर दिया था। डॉ. खराडी को डूंगरपुर ब्लॉक ऑफिस में उपस्थिति के आदेश दिए गए थे, लेकिन डॉ. राजेश खराडी ब्लॉक ऑफिस में नहीं आए। इस दौरान डूंगरपुर ब्लॉक सीएमओ डॉ. जयेश परमार ने पालमांडव पीएचसी के बैंक का स्टेटमेंट निकलवाया, जिसमें एपीओ होने के 5 दिन बाद 28 सितंबर को 7 ट्रांजेक्शन से 1 लाख 70० हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया, जिसमें 20-20 हजार के 6 ट्रांजेक्शन और 50 हजार का एक ट्रांजेक्शन है। ये पूरी राशि एपीओ डॉ. राजेश खराडी के सिंगल सिग्नेचर से निकाली गई है, जबकि सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा बताते है

- **दो की जगह सिंगल सिग्नेचर से उठा ली 1.70 लाख की राशि**

सरकारी नियमों के अनुसार चेक से राशि निकालने के लिए डॉक्टर के साथ ही लेखाकर्मी के साइन जरूरी है। लेखाकर्मी के नहीं होने पर उसका चार्ज देख रहे कर्मचारी के साइन भी जरूरी हैं। वहीं, 20 हजार से ज्यादा की राशि निकालने के लिए ब्लॉक सीएमओ के साइन जरूरी हैं, लेकिन यहां सबसे बडी गडबडी एपीओ होने के बाद भी डॉक्टर के सिंगल सिग्नेचर से राशि उठाई गई। वहीं, बैंक की ओर से भी नियमों को अनदेखा कर राशि दे दी गई। ऐसे में इस गडबडी में बैंककर्मियों की मिलीभगत से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

पाल मांडव पीएचसी के अकाउंट से राशि निकालने का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया की सीएमएचओ को जांच करते हुए कार्रवाई के लिए कहा है। वहीं, बैंककर्मियों की ओर से गडबडी की गई है तो उसकी भी जांच करवाई जा रही है। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया की पूरी गड़बड़ी की जांच के साथ बैंक अधिकारियों को भी पत्र लिखकर रिपोर्ट मांगी जा रही है।

# उत्कर्ष में आरएएस मॉक इंटरव्यू कार्यशाला का समापन



**कार्यशाला के समापन अवसर पर आरएएस टॉपर मुक्ताराव ने भी अपने विचार रखे।**

**जोधपुर, (कासं)।** डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में 26 सितंबर से ०2 अक्टूबर तक आयोजित उत्कर्ष क्लासेस की सात दिवसीय आरएएस मॉक इंटरव्यू कार्यशाला का तिरंगामयी समापन हुआ। सातवाँ दिन राजस्थान प्रशासनिक सेवा के भावी अधिकारियों के कार्यशाला से जुड़े उनके अभूतपूर्व अनुभव, उत्साह एवं जोश के नाम रहा। समारोह में मंच पर उपस्थित उत्कर्ष के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत सहित अतिथि एवं साक्षात्कार विशेषज्ञों के रूप में कार्यशाला का हिस्सा रहे आरपीएससी के पूर्व चेयरमैन डॉ. ललित के. पंवार और शिव सिंह राठौड तथा डॉ. दिनेश गहलोत द्वारा सभी अभ्यर्थियों का पारंपरिक तौर पर स्वागत किया गया।

सत्र के दौरान संस्था निदेशक ने उपस्थित अभ्यर्थियों का सहृदय आभार व्यक्त करने के साथ ही कार्यशाला को सफल रूप प्रदान करने के लिए उत्कर्ष के प्रबंधन टीम लीडर्स को मोमेंटों भेंट कर सम्मानित किया। कार्यशाला के आखिरी सामूहिक सत्र में महात्मा गाँधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए सभी अभ्यर्थियों को तिरंगा भेंट कर ऑडिटोरियम में कार्यशाला का तिरंगामयी समापन किया गया। कार्यशाला के अंतिम सत्र के रूप में आयोजित सामूहिक सत्र में सिविल सेवा परीक्षा में चयनित उत्कर्ष के पूर्व विद्यार्थियों ने मंच से एवं वर्चुअल माध्यम से जुडकर अभ्यर्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन किया। इस दौरान आरएएस टॉपर मुक्ता राव ने इंटरव्यू से पहले की कुछ आधारभूत बातों पर रोशनी डाली और बताया कि यदि अभ्यर्थी कोई दस्तावेज ले जाना भूल जाए तो घबराने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि ऐसे में बोर्ड से दस्तावेज जमा कराने के लिए कुछ दिनों का समय माँगा जा सकता है। उन्होंने इंटरव्यू से पहले स्वयं को तनाव रहित रखना आवश्यक बताया। आईपीएस डॉ. प्रेमसुख डेलू ने उपस्थित अभ्यर्थियों को सलाह दी कि किसी भी साक्षात्कार में पैनल का सामना घबराहट के साथ नहीं बल्कि मुस्कुराहट के साथ करना चाहिए।

# सोते हुए परिवार पर गिरी पटोर की पट्टी



**हिण्डौन के ब्यानिया पाड़ा में रात को गिरी पटोर।**

**हिण्डौन सिटी, (निस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ब्यानिया पाड़ा में शनिवार देर रात 12:30 बजे पटोर पोश आवास में सो रहे परिवार पर अचानक पट्टी गिर पड़ी। जिसमें नीचे दबने से ढाई वर्षीय बालिका सहित 4 जने गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

गंभीर हालत होने के कारण घायलों को जयपुर एसएमएस के लिए रैफर किया। उल्लेखनीय है शनिवार देर रात को दबने से ढाई साल की बच्ची नाइट पुत्री महरुद्दीन, नाजो पत्नी महरुद्दीन, नाजिया (6) पुत्री मेहरूद्दीन, सुहाना (8) पुत्री शहजाद घायल हुए। घटना के बाद हुई तेज आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने

- **ढाई वर्षीय मासूम सहित 4 लोग घायल**
- **आस-पास के लोगों ने घायलों को मलबे से बाहर निकाला**

घायलों को मलबे से बाहर निकाला। सभी घायलों को गंभीर चोट आई है। जयपुर एसएमएस में घायलों का उपचार जारी है। चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने बताया कि घायलों की स्थिति काफी गंभीर है। खास बात यह रही कि इलाज के दौरान परिजनों को याद आया कि उनकी दो माह की पुत्री भी मलबे में दबी हुई है। जिसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर कुछ लोग पहुंचे।

# हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)** डीएसटी टीम हनुमानगढ़ के सहयोग से संगरिया पुलिस ने 510 ग्राम हेरोइन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ब्रेजा कार को भी जब्त कर लिया है। तस्कर ने नाइजीरियन गैंग दिल्ली से हेरोइन की बड़ी खेप लेकर आना कबूल किया है। पुलिस ने एनडीपीसी एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्यवाहक थाना प्रभारी शैलेश चंद ने बताया कि पुलिस हेड क्वार्टर से चलाए गए अवैध मादक पदार्थों के धरपकड़ अभियान के चलते जिले में एसपी के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। कार्यवाहक थाना प्रभारी शैलेश चंद ने मय स्टाफ चौटाला रतनपुरा रोड़ पर नाकाबंदी कर रखी थी।

इसी दौरान ब्रेजा कार नाकाबंदी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा तो संगरिया पुलिस ने डीएसटी टीम की सहयोग से ब्रेजा कार का पीछाकर ड्राइवर से भागने का कारण पूछा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो डैशबोर्ड में आधा किलो हेरोइन पुलिस को बरामद हुई। पुलिस ने तस्कर अमजद खान उर्फ अंजू पुत्र नजर हुसैन निवासी वार्ड 5 गुड़िया पीएस टिब्बी को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस ने ब्रेजा कार को भी जब्त कर लिया। पुलिस पूछताछ में तस्कर ने 510 ग्राम हेरोइन दिल्ली नाइजीरियन गैंग से लाने की बात स्वीकार की है।

# राजस्थान की एक मात्र गारबेज फ्री स्टार सिटी बना डूंगरपुर

## डूंगरपुर नगरपरिषद प्रदेश की 212 निकायों में सिरमौर बनी

**डूंगरपुर, (निसं)।** देश में दक्षिणी राजस्थान की एक छोटी निकाय ने स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए बड़े प्रयासों के बलबूते मरुधरा को रोशन किया है। राजस्थान की एक मात्र गारबेज फ्री स्टार सिटी बन कर डूंगरपुर ने मरुधरा का गौरव बढाया है। प्रदेश से एकमात्र डूंगरपुर निकाय स्वच्छता के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर पाई है। स्वच्छता के महासर्वेक्षण में डूंगरपुर निकाय ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश के 3800 निकायों में अपना दबदबा कायम रखा और राज्य की 212 निकयों को पछाड़ते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में प्रदेश का इकलोता थ्री स्टार शहर बना ।

1 अक्टूबर शनिवार को केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 का परिणाम जारी होते हुए ही डूंगरपुर निकाय के लिए अच्छी खबर मिली । सभापति अमृत कलासुआ के नेतृत्व वाले बोर्ड ने लगातार स्वच्छता सर्वेक्षण में छठी बार प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर बनने गौरव हासिल किया। टीम परिषद ने स्वच्छता के एक-एक बिंदु एवं एक-एक अंक पर बारीकी से



**सभापति कक्ष में सभापति, आयुक्त, उपसभापति और सफाई निरीक्षक का स्वागत करते हुए पार्षद।**

काम किया, कार्मिकों के साथ दिन रात एक कर के सर्वेक्षण के 7500 अंको की तैयारी की एक एक डॉक्यूमेंट अपलोड करना ओर स्वच्छता के अन्य कार्यो पर शत प्रतिशत कार्य कर के नगर परिषद् को एक बार फिर गौरवान्वित किया। इसमें हमारे सफाई कर्मचारियों का सबसे बडा हाथ है उसके लिए सभापति अमृत कलासुआ ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया वही सभापति ने समस्त शहरवासियों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहरवासियों के बिना ये उपलब्धि हासिल नहीं की जा सकती थी ।

स्वच्छता को शहर में लागू करने को लेकर सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त विकास लेघा ने स्वयं मॉनिटरिंग की और प्रतिदिन वार्डो में

- **उदयपुर, बांसवाडा, जयपुर और जोधपुर को काफी पीछे छोड़ा स्वच्छता के मापदंड में**
- **5200 अंकों के साथ डूंगरपुर रहा प्रथम, निम्बाहेडा रहा द्वितीय**

निरीक्षण कर प्रत्येक समस्या के त्वरित निवारण पर जोर दिया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में जहां डूंगरपुर निकाय को 7500 में से 5291 अंक मिले वही उदयपुर 3969, जयपुर 423०, जोधपुर 4030 और अजमेर को 3677 अंक मिले। इसका मतलब हमारी स्वच्छता के आगे ये शहर भी पिछडे । नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि अगर हमारे पास सीवरेज प्लांट होता तो हम देश में सिरमौर बनते।

# पैसों के विवाद में प्रोपर्टी डीलर की हत्या करने वाला जीजा गिरफ्तार

## शराब पार्टी के बाद उधारी के एक लाख रुपये को लेकर हुआ था विवाद

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । रामनगरिया इलाके में महल रोड पर कार में मिली युवक की लाश की वारदात का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्यारे जीजा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में मालूम चला कि साले ने शराब के नशे में उधार दिये हुए एक लाख रुपये जीजा से वापस मांगे। इस पर दोनों के बीच गाली-गलौच हो गई। गुस्से में जीजा ने गला घोंट कर अपने ही साले की हत्या कर दी।

डीसीपी (ईस्ट) डॉ. राजीव पचार ने बताया गिरफ्तार आरोपित दिनेश कुमार मीणा (44) बास बीलवा, शिवदासपुरा का रहने वाला है, जोकि पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है। इसका साला मृतक राजूलाल मीणा (34) निवासी सेक्टर-17, प्रताप नगर भी प्रॉपर्टी का ही काम करता था। घटनाक्रम के मुताबिक 29 सितंबर की सुबह राजू लाल घर से कार लेकर निकला था, जिसकी देर रात करीब 12:30 बजे अक्षयपात्र मंदिर के सामने महल रोड पर उसकी कार में लाश मिली थी। मृतक राजू के साथ आखिरी बार उसके जीजा दिनेश को देखा गया था। दिनेश को दस्तयाब कर पूछताछ की गई तो उसने साले राजू की गला घोंट कर हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपित दिनेश मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में एएसआई गंगासहाय, कांस्टेबल राजेश चौधरी और परमानंद की अहम् भूमिका रही।

थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया मृतक राजू लाल और आरोपित दिनेश मीणा दोनों ही शराब के नशे के आदि है। मृतक राजू लाल ने करीब तीन माह पहले जीजा दिनेश को एक लाख रूपए उधार दिए थे। घटना वाले दिन राजू और दिनेश कार में साथ थे और शराब पी रहे थे। इस दौरान नशे में मृतक राजू ने जीजा दिनेश से उधारी के रुपयों का तकादा किया था। दिनेश ने फ़िलहाल रूपए देने के लिए मना किया तो राजू ने उसे चोर कह दिया, जिससे आक्रोशित दिनेश ने राजू की हाथों से गला घोंट कर हत्या कर दी।




रामनगरिया थाना पुलिस ने युवक की हत्या के आरोप में उसके जीजा को दबोचा।

- साले ने शराब के नशे में गाली-गलौच कर जीजा को चोर बताया तो उसने गुस्से में गला घोंट दिया
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के गले पर नाखूनों के निशान मिले, तब पुलिस को हत्या का शक आरोपी जीजा पर हुआ, क्योंकि दोनों दोपहर से ही साथ में शराब पार्टी कर रहे थे

पुलिस ने बताया कि राजू की हत्या के बाद कार में लाश छोड़कर दिनेश मौके से फरार हो गया। शुक्रवार रात करीब एक बजे तलाशते हुए पहुंचे परिजनों को अक्षय पात्र चौराहे पर राजू कार में मिला। कार के अंदर शराब की बोतल भी पड़ी थी। परिजनों ने सोचा कि राजू ने ज्यादा शराब पी ली और होश नहीं है। इस पर वे लोग चलाकर हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन कार में लाश डालकर अपने घर ले गए। इसी दौरान प्राइवेट हॉस्पिटल ने पुलिस को सूचना दे दी। रामनगरिया पुलिस सूचना पर राजूलाल के घर जा पहुंची और कार व लाश को लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंची। जहां मोर्चरी में शव लाश रखवाकर कार जब्त की। पुलिस ने कार खंगाली तो उसमें शराब की बोतल निकली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक राजू के गले पर नाखूनों के निशान मिले। इस पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तब मालूम चला कि शुक्रवार दोपहर से ही जीजा दिनेश और साले राजू की शराब पार्टी चल रही थी। संदिग्ध मानकर दिनेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस की सख्ती के आगे दिनेश टूट गया और उसने हत्या की बात कबूल ली। उसने बताया कि राजू की हत्या के बाद वह गांव चला गया। रात को सोते-सोते अचानक उसकी नींद खुली तो उसे याद आया कि साले की लाश के साथ ही कार की डिग्गी में उसका हेलमेट रखा है। पुलिस को हेलमेट मिला, तो वह पकड़ा जाएगा। पुलिस से बचने के लिए वह अपना मोबाइल घर पर छोड़कर वापस पहुंचा। स्कूटी दूर खड़ी कर कार के पास गया। कार में राजू की लाश पड़ी थी। डिग्गी से अपना हेलमेट निकालकर वापस घर आकर सो गया।

# जयपुर महिला यादव महासभा का डांडिया महोत्सव सम्पन्न



**जयपुर** । जयपुर महिला सभा की अध्यक्ष फोरन्ता यादव के सानिध्य में जगतपुरा में स्थित आर.के.स्वीमिंग पुल व वाटर पार्क में यादव समाज का डांडिया महोत्सव का आयोजन हुआ।

जयपुर जिला अहीर सभा के अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने बताया कि नवरात्रों के महापर्व पर यादव समाज की महिलाओं की तरफ से पहली बार महिला अध्यक्ष फोरन्ता यादव व उनकी टीम की तरफ से ऐसा भव्य आयोजन किया गया, समाज की महिलाओं में डांडिया को लेकर बहुत ही उत्साह था,सभी महिलाएं घर पर अपने परिवार के साथ डांडिया सीख रही थी और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक दूसरे को सहयोग कर रही थी। समाज बंधुओं ने हजारों की संख्या में पहुंच कर यादव समाज की माताओं-बहनों का हौसला बढाया और कार्यक्रम की भव्यता व संगीत को देख के खुद भी डांडिया करने से खुद को नही रोक पाये और सभी ने सहभागिता करते हुए स्वादिष्ट भोजन का लुफ्त उठाया।

## युवक से सवा दो करोड़ रु.की ठगी

**जयपुर** (कासं)। गलता गेट थाना इलाके में एक व्यक्ति के साथ करीब 2.20 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया मोहनबाड़ी, सूरजपोल निवासी नटवरलाल सैनी अलग-अलग कंपनियों से विभिन्न तरह के सॉफ्टवेयर बनवा कर उसे अपने क्लाइंट को बेचने का काम करता है। सितंबर माह में उसने फिल्म बनाने व उसकी एडिटिंग करने को लेकर एक सॉफ्टवेयर बनवाने के लिए गुजरात की फर्म थिंक टैंक यूनिवर्सल से संपर्क किया। उसकी सुनील, रोनक और प्रवीण नामक व्यक्तियों से बात हुई। आरोप है तीनों ने मिलकर फिल्म सॉफ्टवेयर के नाम पर करीब 2.20 करोड़ रुपए एडवांस ले लिए और सॉफ्टवेयर देने में आनाकानी कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सार-समाचार

### धम्मचक्रप्रवर्तन दिवस नागपुर में होगा




**जयपुर** । धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस दीक्षाभूमि नागपुर में 4 व 5 अक्टूबर दशहरे के अवसर पर हर वर्ष की भांति मनाया जाएगा। ट्राईबल एम्पलाइज एंम्पावरिंग एसोसिएशन ऑफ इंश्योरेंस सेक्टर (तीर)के ऑल इंडिया महासचिव अशोक मीणा के अनुसार धम्मचक्र प्रवर्तन दिन भारतीय बौद्धों का एक प्रमुख उत्सव है। दुनिया भर से लाखों बौद्ध अनुयाई एकट्ठा होकर हर साल अशोक विजयादशमी एवं 14 अक्टूबर को मुख्य रुप से दीक्षाभूमि, नागपुर महाराष्ट्र में मनाते हैं। सर्वविदित है कि डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर ने अशोक विजयादशमी के दिन 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने 600,000 अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। डॉ. आंबेडकर ने जहां बौद्ध धम्म की दीक्षा ली वह भूमि आज दीक्षाभूमि के नाम से जानी जाती है। इस अवसर पर देशभर के सरकारी विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के अनुसूचित जाति-जनजाति के लाखों कार्मिक इसका हिस्सा बन, वहां आने वाले सभी अनुयायियों की यथासंभव सेवा करते हैं, बीमा उद्योग से संबंधित ''तीर'' संगठन का 15 सदस्य प्रतिनिधि मंडल इसमें भाग ले कर दीक्षाभूमि के पांडाल में मुख्य रूप से जरूरतमंद लोगों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी का निःशुल्क वितरण करेगा। ''तीर'' संगठन प्रतिनिधिमंडल के देशभर के सदस्यों में प्रमुख नवनीत महिंद्रा,नवनीत कुमार, आर डी मीना, राजेंद्र कनौजिया, राजेश आशोजिया, किशन मीणा,आलोक, राजीव लोचन, अनिल, विकास तथा सुमनलता जरेडा प्रमुख होंगे।

### 50 नागरिकों का सम्मान किया

**जयपुर** । विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज द्वारा स्थापित 634 आदर्श नगर जयपुर में स्थित सोमेश्वर महादेव मन्दिर के प्रांगण में गुरुदेव के आशीर्वाद एवं 25 वर्ष पूरे होने पर श्रद्धा पर्व रजत जयंती के उपलक्ष पर माता पिता एवं वरिष्ठ विशिष्ट एवं अति विशिष्ट पचास से अधिक समाज सेवियों का सम्मान किया गया। यह समारोह देश एवं विदेश में स्थित विश्व जागृति मिशन की सभी शाखाओं में बडी धूमधाम से मनाया गया। जयपुर मंडल में जिनका स्वागत किया गया उनमें जस्टिस दीपक महेश्वरी, सोनी हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं चेयरमैन विमल राय सोनी, आयकर अधिकारी सेवानिवृत्त एससी हाडा, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष शुभकरण नाहटा, पारस मल जैन, महेन्द शर्मा, सीए राजीव अग्रवाल, सेवा निवृत्त एडिशनल डायरेक्टर शिक्षा विभाग के शर्मा एवं अन्य नागरिकों का स्वागत किया गया। इसी क्रम में वरिष्ठ महिलाओं का भी स्वागत किया गया। उनमें महिला मंडल की प्रधान कांता, भल्ला मिशन के प्रधान मदन लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी आनंदी देवी अग्रवाल, प्रेम बत्रा एवं अन्य वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया। इस समारोह का मुख्य आकर्षक परिवार सहित अपने माता-पिता का सम्मान उनके बच्चों के द्वारा किया गया। जिसमें हंसराज खुराना उनकी धर्मपत्नी एवं दोनों पुत्र एवं पुत्रवधू और उनके बच्चे परिवार सहित उनका स्वागत माला पहनाकर दुपट्टा उडा कर भेंट देकर पहले मिशन के द्वारा सम्मान किया। आरती उतारी और उसके पश्चात उन्हीं के परिवार के छोटे छोटे पोते अपने माता-पिता के दादा-दादी के चरण स्पर्श कर माला पहनाकर आरती उतारी। पुत्रों ने श्रद्धा अनुसार लिफाफे में भेंट देकर संकल्प लिया कि हर महीने वह पॉकेट मनी के रूप में अपने माता पिता को देते रहेंगे।

### अतरंगी डांडिया रास में धमाल कल

**जयपुर** । अतरंगी क्लब की ओर से डू समथिंग फाउंडेशन के सहयोग के लिए महिलाओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से डांडिया रास 2022 का आयोजन 4 अक्टूबर को शाम 6 बजे किया जा रहा है। सेंट्रल टाउन, महारानी फार्म, गायत्री नगर एक्सटेंशन मानसरोवर में आयोजित इस उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। इनमें डांडिया क्वीन, बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट किड्स परफॉर्मेंस सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल हैं। विजेता प्रतियोगियों को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर जयपुर नगर निगम शील धावाई,संतोष फतेहपुरिया महिला मंडल अध्यक्ष और डांडिया रास की ब्रांड एंबेसडर दिया डागरा पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे।

### स्वेज फार्म में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**जयपुर** । स्वेज फार्म के रामनगर विस्तार में दुर्गा मैरिज गार्डन के पीछे मंगल विहार में 2 से 9 अक्टूबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पंडित मुरारीलाल महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्र में आज प्रातः महिलाओं ने कॉलोनी के विभिन्न क्षेत्रों में कलश यात्रा निकाली। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में भरत चरित्र, नृसिंह अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रूकमणि विवाह और सुदामा चरित्र आदि की संगीतमय प्रस्तुति दी जावेगी।

### जैन मंदिर से दानपात्र चोरी

**जयपुर** । सांगानेर इलाके में चोर एक जैन मंदिर में से दानपात्र चुरा ले गए। पुलिस ने बताया घटना 30 सितंबर की रात करीब ढाई बजे की दिगंबर जैन मंदिर की है, जहां तीन लड़के अंदर घुसे और मुख्य द्वार पर रखे दो दान पात्रों को चुरा कर ले गए। बताया जा रहा है दान पात्रों में हजारों रूपए रखे हुए थे। पुलिस जांच में जुटी है।

### युवती को एसिड अटैक की धमकी

**जयपुर** । मुहाना इलाके में एक युवती को एसिड अटैक की धमकी मिली है। पुलिस ने बताया इलाके में रहने वाली 22 वर्षीया युवती का आरोप है कि परिचित विकास ने उसके साथ जबरन छेड़खानी की और अश्लील फोटो खींच लिए। अब वह अश्लील फोटो को वायरल करने और एसिड अटैक की धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## बैंक अधिकारी बनकर ठगी

**जयपुर** (कासं)। हरमाड़ा इलाके में बैंक अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक करने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने बताया कि आनंद विहार सीकर रोड हरमाड़ा निवासी दिनेश शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित ने बताया कि 24 सितंबर को शाम 6 बजे उसकी पत्नी उर्मिला शर्मा के मोबाइल नम्बर पर फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक अधिकारी बताया और क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने के लिए कहा। इस पर उनकी पत्नी ने उनके नम्बर दे दिए और कहा कि मेरे पति से बात कर लो। इसी दौरान ठग ने दिनेश को फोन लगा लिया और कहा कि कार्ड ब्लॉक करवाना है, वह बैंक से बोल रहा है। दिनेश ने कहा कि उसे कार्ड ब्लॉक करवाना है। ठग ने ओटीपी नम्बर पूछा तो वह समझ गया और ओटीपी देने से मना कर दिया। ठग ने उनकी पत्नी को फोन लगा दिया और कहा कि उनके पति से बात हो गई है, उन्होंने कार्ड ब्लॉक करने के लिए कहा है। उसने झांसा देकर महिला से ओटीपी पूछा और 77292 रुपए पार कर लिये।

# टेड़ों को सीधा करने का एक तरीका अहिंसा भी है : प्रो.आनंद कुमार

- स्वराज सन्देश आग्रह सम्मलेन के साथ संपन्न हुई ''स्वराज सन्देश संवाद पदयात्रा''
- समुदाय ने मुख्यमंत्री को सौंपा स्वराज आग्रह पत्र

**जयपुर**, (का.सं.)। गाँधीजी के स्वराज संदेशों और विचारों को विस्तार देते हुए उसे प्रदेश के सभी समुदायों तक ले जाने का संकल्प लेते हुए महात्मा गाँधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज, सेन्ट्रल पार्क, जयपुर में आयोजित स्वराज सन्देश आग्रह सम्मलेन के साथ ही आज 21 दिन की स्वराज सन्देश संवाद पदयात्रा का समापन हुआ।

11 सितम्बर को विनोबा भावे की जयंती पर बाँसवाड़ा से शुरू हुई पदयात्रा का सफ़र पूरा करते हुए यात्रियों ने जयपुर में गाँधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को स्वराज आग्रह पत्र सौंपा जिसमें समुदाय की संप्रभुता कायम रखने हेतु तथा अपने स्वराज को बचने के लिए आग्रह किया गया है। पदयात्रियों ने जलसंसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय के सानिद्धय में मुख्यमंत्री को ये आग्रह पत्र सौंपा। इससे पहले यात्रा दुर्गापुरा में समग्र सेवा संघ से चल कर गाँधी सर्किल पहुंची जहाँ उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। यात्रा में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालवीय ने भी अपनी भागीदारी दी।

मुख्यमंत्री ने बड़ी तन्मयता के साथ यात्रा समुदाय की बात सुनी व् आग्रह पत्र पढ़ा और उचित कार्यवाही का आश्वासन भी दिया। सभी पदयात्रियों ने गाँधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महात्मा गाँधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज के निदेशक प्रोफेसर बी.एम.शर्मा ने कहा कि इंस्टिट्यूट की पहली वर्षगाँठ मनाने का इससे बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता था जब गाँधी के स्वराज को प्रत्यक्ष जीने वाले समुदाय के प्रतिनिधि अपनी 500 किलोमीटर की यात्रा तय कर यहाँ पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि स्वराज एक शब्द नहीं बल्कि एक व्यापक विचार है। इसे पाने के लिए चुनातियों का सामना कैसे करें ये चिंतन का विषय है। स्वराज की विचारधारा को युवाओं तक ले जाने की आवश्यकता है।

शिक्षक, चिन्तक और गाँधी विचारक प्रो. आनंद कुमार ने पदयात्रियों का स्वागत करते हुए कहा आज के इस दौर में हम सभी के लिए ये और भी आवश्यक हो गया है कि हम ये देखें कि गाँधी हमारी ज़रुरत के हिसाब से कितने महत्वपूर्ण हैं और हमारी जिंदगी में किस काम के हैं। उन्होंने कहा कि टेड़ों को सीधा करने का एक तरीका अहिंसा भी है। आज भी हर गाँव में हर समुदाय में आपको गाँधी मिल जायेंगे, यदि नहीं मिलेंगे तो शयद सत्ता के गलियारों में नहीं या कम मिलेंगे।


इस अवसर पर वाग्धारा के जयेश जोशी ने कहा कि वाग्धारा का प्रयास है कि किस प्रकार आदिवासी जीवनशैली में समृद्धि आये। स्वराज के सशक्त उदाहरण को मज़बूत करने का यह प्रयास है। जल, जंगल, ज़मीन, जानवर और बीज के एकीकरण के साथ कैसे खाद्य और पोषण का स्वराज प्राप्त किया जाये।

सम्मलेन में समग्र सेवा संघ के सवाई सिंह, अनुव्रत संस्था के संजय बैद और मैथिली समिति के बबिता झा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के छात्रों ने गाँधी जी के भजन प्रस्तुत किये।

## चिरंजीवी योजना की खामियां गिनाई

**जयपुर** (कासं)। अमृता देवी पार्क में मंगल विहार स्वास्थ्य केंद्र की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। वार्ड सभा का आयोजन भाजपा नेता एवं वार्ड 72 के पार्षद पारस जैन ने किया। जहां वरिष्ठ नागरिकों ने डॉक्टर्स को इस योजना की खामियों व शिकायतों के बारे में बताया। पारस जैन ने केहा कि मुख्यमंत्री जो योजना चला रहे हैं, उसको धरातल पर भी लागू करें। यह योजना केवल प्रचार का माध्यम बन रही है, जबकि हकीकत में इस योजना की कीर्यानवित नहीं हो रही है। लोग त्रस्त हैं, हॉस्पिटल्स में गरीब व्यक्तियों को लूटा जा रहा है। इस योजना में कई ऐसी खामियां हैं, जिसका फायदा प्राइवेट हॉस्पिटल उठा रहे है।

## सुरों के जरिये 'इंटरनेशनल डे फॉर एल्डर्स' सेलिब्रेट किया



**जयपुर** (कासं)। सुपर-60 क्लब के एनुअल कॉन्सर्ट 'दी विंटेज इयर्स' का पांचवां संस्करण बडी धूमधाम से रविवार शाम जवाहर कला केंद्र के रंगायन ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस साल भी सदस्यों ने लाइव म्यूजिक के साथ 60 से 70 साल पुराने बॉलीवुड सिनेमा के डुएट गाने प्रस्तुत किये।

इस बार के कार्यक्रम की थीम स्वर साम्राज्ञी स्व लता मंगेशकर की सांगीतिक धरोहर था जो वे हम सब के लिए छोड गयीं हैं। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सभागार में सभी ने खडे हो कर लता जी के सम्मान में उनके द्वारा गाये आलापों के बीच लगातार 3 मिनट तक करतल ध्वनि की। इस बीच मंच पर स्क्रीन पर लता जी के जीवन की कुछ खास पलों के वीडियो चलते रहे।

सांगीतिक कसावट से भरपूर दो घंटे के कार्यक्रम का संयोजन बड़ी सुंदरता से किया गया था, जिसके कारण लता की यादें पुनः ताजा हो गयीं। कार्यक्रम का आगाज़ देवरंजनी म्यूजिक स्कूल के बच्चों ने लता जी की लोकप्रिय प्रार्थना हम को मन की शक्ति देना की सुन्दर प्रस्तुति से किया। इसके बाद जब लता जी को प्रसिद्धि दिलाने वाला गीत आएगा आने वाला के बोल पियानो के स्वरों के साथ हॉल में गूंजे तो माहौल पूरा लतामय हो गया। मंच से 75 वर्षीया मृदुलदीप सक्सेना की प्रस्तुति जाने कैसे सपनों में खो गयीं अँखियाँ ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

## रेजिडेंट डॉक्टर्स बॉन्ड नीति के विरोध में उतरे

**जयपुर**, (कासं)। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे रेजिडेंट डॉक्टर्स ने सरकार की बॉन्ड नीति के विरोध में उतर आए हैं। रविवारको रेजिडेंट डॉक्र्स ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। उन्होंने इस नीति को अपारदर्शी और अपरिपक्व बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की है। साथ ही ऐसा नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है।

वर्ष 2013-14 में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने रेजिडेंट चिकित्सकों को लेकर एक बॉन्ड नीति जारी की थी। इसके तहत पीजी होने के बाद चिकित्सकों को कुछ वर्ष सरकारी सेवा देनी होगी या फिर 25 लाख का बॉन्ड भरना होगा, लेकिन प्रदेशभर के रेजिडेंट चिकित्सक अब इस नीति के विरोध में उतर गए हैं। रेजिडेंट चिकित्सकों का कहना है कि हम बॉन्ड भरने को तैयार हैं लेकिन बॉन्ड नीति अत्यंत जल्दबाजी में जारी की गई है। इसमें सुधार की जरूरत है। इससे रेजिडेंट चिकित्सकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में रविवार को चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इस अवसर पर जार्ड के प्रतिनिधि डॉ.प्रशांत पाराशर, डॉ.नीरज डामोर, डॉ.सोहन खन्ना, डॉ.साहिल जैन, डॉ.राजेन्द्र पुनिया सहित कई रेजिडेंट डॉक्टर्स ने विरोध जताया।

रेजिडेंट चिकित्सकों का कहना है कि राज्य सरकार की यह बॉन्ड नीति अपारदर्शी और अपरिपक्व तरीके से लागू की गई है। साथ ही सरकार ने इसकी विज्ञप्ति निकालने के बाद भी राजस्थान के सभी मेडिकल कॉलेजों में अभ्यर्थियों का बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के सीनियर रेजिडेंट पदों पर नियुक्त हो जाना, भ्रष्टाचार और धांधली को प्रदर्शित करता है।

# दूरदर्शन केन्द्र जयपुर में श्रमदान



**जयपुर**, (का.सं.)। दूरदर्शन केंद्र जयपुर के प्रांगण में स्वच्छ भारत विशेष अभियान के तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान करते हुए साफ़ सफाई की गई। केन्द्र के प्रांगण में जगह-जगह कूड़ा कचरा एकत्रित कर सफाई कार्य किया गया। केंद्र अध्यक्ष सतीश देपाल ने बताया कि 31 अक्टूबर तक इस विशेष अभियान के तहत नक्कारा पड़े उपकरणों, फर्नीचर और खराब इलेक्ट्रॉनिक सामानों की नीलामी की जाएगी और पुरानी फाइलों का नियमानुसार रिकॉर्ड बनाकर निष्पादन किया जाएगा। अलग अलग स्थानों को चिन्हित करते हुए हर रोज़ साफ सफाई का कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर केंद्र अध्यक्ष सतीश देपाल, समाचार प्रमुख मंजू मीणा, निदेशक अभियांत्रिकी एच.पी मीणा मौजूद थे।

# बैंक की मार्केटिंग मैनेजर ने फांसी लगाई

**जयपुर** (कासं)। शहर के मुहाना इलाके में पंजाब नेशनल बैंक की मार्केटिंग मैनेजर ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पति और बेटी के सोने के बाद शनिवार देर रात उसने यह कदम उठाया। सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने लिखा है- मैं परेशान हूं। मेरे से दुनिया परेशान है। मैं जा रही हूं। मुझसे पति-बेटी नफरत करते है।

थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया कि मुहाना मंडी के पास रहने वाली यूनिक सफायर, नारायण सरोवर इस्कॉन रोड निवासी सुरभि कुमावत (30) ने सुसाइड किया है। वह पति शाहिद (38) और बेटी मसायरा (5) के साथ रहती थी। शनिवार रात 9 बजे पति-पत्नी और बेटी सोसायटी के प्रोग्राम में गए थे। प्रोग्राम में खाना खाकर तीनों रात करीब 11 बजे अपने फ्लैट पर आ गए। पति-बेटी के सोने के बाद सुरभि उठकर दूसरे कमरे में चली गई। देर रात कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। रविवार सुबह पति शाहिद की नींद खुलने पर पत्नी सुरभि को आवाज लगाई। फ्लैट के दूसरे कमरे में जाकर देखने पर सुरभि फंदे पर लटकी थी। सुसाइड की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है।

पुलिस की सूचना पर एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। टीम को कमरे का सामान बिखरा हुआ मिला। पति शाहिद ने पुलिस को बताया कि सुरभि नेहरू पैलेस स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में मार्केटिंग मैनेजर थी। सुबह करीब 6 बजे उठकर देखा तो वह कमरे में नहीं थी। दूसरे कमरे में जाकर देखा तो सुरभि के गले में चुन्नी का फंदा लगा हुआ था। बेड पर वह घुटनों के बल बैठी हुई थी। फंदे को काटकर उसे बेड पर लिटा दिया।



## World Architecture Day

Architecture is something we do not tend to appreciate as much as we should. Look around you next time you walk down the street. Everything is a product of architecture. Think about all of those amazing buildings around the world. It's only right that we appreciate the work that went into these, right? Take a tour of some of your local works of interesting architecture, from skyscrapers to modern homes, and learn about famous architects.



#RESEARCH

# Daytime EV Charging

To limit the high costs of all that new capacity for generating and storing electricity, drivers should move to daytime charging at work or public charging stations



Charging your electric vehicle at work instead of at home, and during the day instead of at night, could cut costs and help the grid, a new study shows.

In March, the researchers published a paper on a model they created for charging demand that can be applied to an array of populations and other factors.

For their new study in Nature Energy, the team applied their model to the whole of the western United States and examined the stress the region's electric grid will come under by 2035 from growing EV ownership. In a little over a decade, rapid EV growth alone could increase peak electricity demand by up to 25%, assuming a continued dominance of residential, night-time charging, the new study finds.

To limit the high costs of all that new capacity for generating and storing electricity, drivers should move to daytime charging at work or public charging stations, which would also reduce greenhouse gas emissions, the researchers say.

"We encourage policymakers to consider utility rates that encourage day charging and incentivize investment in charging infrastructure to shift drivers from home to work for charging," says the study's co-senior author, Ram Rajagopal, an associate professor of civil and environmental engineering at Stanford University.

### Helping the Grid

In February, cumulative sales of EVs in California reached one million, accounting for about 6% of cars and light trucks. The state has targeted five million EVs on the road by 2030. When the penetration hits 30% to 40% of cars on the road, the grid will experience significant stress without major investments and changes in charging habits, says Rajagopal. Building that infrastructure requires significant lead time and cannot be done overnight.

"We considered the entire Western US region, because California depends heavily on electricity imports from the other Western states. EV charging plus all other electricity uses have consequences for the whole Western region given the interconnected nature of our electric grid," says Siobhan Powell, a PhD in mechanical engineering and lead author of both the March study and the new one.

"We were able to show that with less home charging and more daytime charging, the Western US would need less generating capacity and storage, and it would not waste as much solar and wind power," she says.

Once 50% of cars on the road are powered by electricity in the Western US-of which about half the population lives in California-more than 5.4 gigawatts of energy storage would be needed if charging habits follow their current course. That's the capacity equivalent of five large nuclear power reactors. A big shift to charging at work instead of home would reduce the storage needed for EVs to 4.2 gigawatts.

Current time-of-use rates encourage consumers to switch electricity use to nighttime whenever possible, like running the dishwasher and charging EVs. This rate structure reflects the time before significant solar and wind power supplies when demand threatened to exceed supply during the day, especially late afternoons in the summer.

Today, California has excess electricity during late mornings and early afternoons, thanks mainly to its solar capacity. If most EVs were to charge during these times, then the cheap power would be used instead of wasted.


### Decarbonizing

At the local level, if a third of homes in a neighbourhood have EVs and most of the owners continue to set charging to start at 11PM or whenever electricity rates drop, the local grid could become unstable.

"The findings from this paper have two profound implications: the first is that the price signals are not aligned with what would be best for the grid-and for ratepayers. The second is that it calls for considering investments in a charging infrastructure for where people work," says Ines Azevedo, associate professor of energy science and engineering in the Stanford Doerr School of Sustainability and a co-senior author of the new paper.

"We need to move quickly toward decarbonizing the transportation sector, which accounts for the bulk of emissions in California," Azevedo says. "This work provides insight on how to get there. Let's ensure that we pursue policies and investment strategies that allow us to do so in a way that is sustainable."

A scenario of having charging infrastructure that encourages more daytime charging and less home charging provided the biggest benefits, the researchers found.



The term "Rum Punch", as per Balbir, was derived from the Sanskrit "paanch". The five, or "paanch" ingredients were alcohol, sugar, lemon juice, water and either tea or spices. Ascribed to the traders of the East India Company, this Sanskrit "paanch" was translated to "One of Sour, Two of Sweet, Three of Strong, Four of Weak". The sour was lime, the sweet was sugar, the strong was rum and the weak was water. The fifth ingredient of the "paanch" was not identified by the Britishers.

# The Rum Punch: Not Just Another Rum'un





Wg. Cdr. CSV Ramany, VM (G)
*The author is a retired IAF fighter pilot*

*"Atmanirbhar Bharat Abhiyan"*
*"Swacch Bharat Abhiyan"*
*"Make in India"*

These words evoke the correct (and expected) political and nationalist sentiments from each Indian citizen. And keeping in mind these sentiments, the Indian Air Force, not to be left behind times, has in all its wisdom decided to rebrand the iconic "Rum Punch" as the "Vayusainik Milan".

The Rum Punch is a traditional custom, where the Officers and the men they command get together in a semiformal setting. Semi-formal indicates that the Officers would be in uniform and the Airmen in civvies. This Rum Punch would be held on Republic Day, Independence Day, Air Force Day and possibly the Unit Raising Day. Traditionally the drink served would be Rum-paani with plenty of snacks - boiled eggs and masala peanuts being the favourites. On this day, hair is let down, casual informal banter takes place, and in general is quite an essential part of the bonding process.

## #CHEERS!!!

For many years, rum was the favoured drink in the services as it cleared two of the most important criteria - it was cheap and it was strong. These days various other liquors and wines have elbowed out rum from its prime position. Plus, these days there are quite a few teetotallers in the services. So, possibly the renaming of Rum Punch as "Vayusainik Milan" was not such a bad idea after all.

### Operation Rum Punch

Rum, per se, has a long and very colourful history. Starting from 1731, the Royal Navy had authorized a daily pint of Jamaican Rum for "each man and a half". Over the years the sailor's rum ration has decreased, but the tradition lasted till the 1970s. The Indian Army launched "Operation Rum Punch" at 0400 hrs on 28 August 1961, when, as part of the United Nations Peace Keeping Force, two companies of the Indian Army Dogra Regiment seized the Radio Station and Police Station at Elizabethville at Katanga, a secessionist state of the Republic of Congo.

There are many versions of the history, origin and genesis of Rum. Our tea club Major Domo Balbir had one such theory which sounded the most convincing. Balbir has now reached his Valhalla and is sipping fine rum, but his theory deserves recapitulating.

**Rum, per se, has a long and very colourful history. Starting from 1731, the Royal Navy had authorized a daily pint of Jamaican Rum for "each man and a half".**

The term "Rum Punch", as per Balbir, was derived from the Sanskrit "paanch". The five, or "paanch" ingredients were alcohol, sugar, lemon juice, water and either tea or spices. Ascribed to the traders of the East India Company, this Sanskrit "paanch" was translated to "One of Sour, Two of Sweet, Three of Strong, Four of Weak". The sour was lime, the sweet was sugar, the strong was rum and the weak was water. The fifth ingredient of the "paanch" was not identified by the Britishers.





The Rum Punch served today in high society watering holes, essentially uses two pegs dark rum, two pegs pineapple juice, one peg orange juice, half peg lime and two pegs of water. In some places, coconut water is used instead of normal water, but this was objected to by Balbir on the grounds that it would spoil the taste of rum. Maybe the real reason was that coconuts were not so freely available in the Eastern Air Force.

### Fermented Drinks

The first printed record of rum dates back to 1632 to an English document that states rum as a concept borrowed from India. Subsequently it was introduced to the Western world by seafaring employees of the East India Company in the 17th century. This is backed by archaeological findings which show that sugar was fermented as early as 350 BC in India and New Guinea. At that time these fermented drinks were used primarily for medicinal purposes.

In the 1400s, when seafarers and explorers started opening up the world's trade routes through explorations, remote islands were discovered, and so was a perfect climate for growing sugar cane. Like the spices of yore, sugar was highly valued in the trade route. However, sugar needed a large amount of water and manpower. Islands have plenty of water, and as for manpower, slaves were an obvious and easy choice.

Explorers began to increase sugar production in the Caribbean, Azores and Canary Islands. For this they needed more slaves. African slavers accepted many forms of payment for slaves, the most highly sought-after payment being rum. Rum was earlier known as "kill devil", for its strong effect. The poor drank it straight, others began mixing it with sugar, lime and other ingredients, leading to the creation of the first Rum Punches.

In the early 1600s, the British colonialists living in New England had fond hopes of "Mediterranean bounty" coming from the "new world". Instead, they found the harsh climate of New England unsuitable for wines/grains/fruits. To make matters worse, at that time there was a shortage of beer in England. So, these settlers tried to make alcohol from anything that grew there – pumpkin, apples and even twigs. Failure in all these ventures meant that if you wanted to drink, you had to import it. They found that rum was cheaper than the brandy they were importing, due to shorter trade routes and cheaper base ingredient of molasses. Plus, it was stronger.

Cheaper and Stronger. Instead of importing rum, they started making rum themselves. Towns like Salem, Boston, Newport and Medford became rum distillation epicentres. Rum was over 80% of New England's exports. But this was a totally slave dependent economic system. The more slave traders and slaves wanted rum; the more sugar production was needed to produce molasses. More sugar means more slaves to produce the sugar. More slaves meant more demand for rum.



Old monk rum.



Hercules XXX rum.

The Britishers, who never missed an opportunity to make money, tried to impose an import tax on molasses. This led to the Sugar Act 1764, where a tax was levied on molasses. Bridled along with other tax schemes, this led to the "No taxes without Representation" movement, which possibly was the forerunner to the Boston Tea Party. Once freedom fighting started in America, rum was once again one of the most sought-after commodities. One General, writing to George Washington is quoted as, "Besides beef and pork, bread and flour, rum is too material an article to be omitted. No exertions are to be spared to provide ample quantities of it".

### Fashionable Drink

After the American War of Independence, rum became the fashionable drink for artists, aristocrats and intellectuals across Europe. The Jamaican rum became the alcohol of choice in much of the Western World. However, the birthplace of rum could also be traced to Barbados, Haiti, Cuba and India.

Rums come in many blends – white rum, black rum, dark rum and navy rum. The first three are single blends, but navy rum is traditionally a blend of rums from Guyana, Jamaica, Barbados and Trinidad. This was named because this combo was given to the sailors of the Royal British Navy as daily rations or "tots". This system ended on 31 July 1970, now mourned in the Royal Navy as "Black Tot Day".

The darker rums are classified as premium and most Indian rums fall in to this category. As per Balbir, two pegs of Indian rum can give you a healthy and strong heart. Indian rum decreases cholesterol levels. It acts as a blood thinner, combats artery blockages, prevents heart attacks and heart diseases. However, Balbir felt that this theory did not apply fully to the good citizens of Rajasthan, who needed at least four pegs per day, due to their genetic pool mismatch.

Ideal for the heart as per Balbir, was a brand – Hercules XXX, which was manufactured since 1956 by the firm of Radio Khaitan. This brand was, and still is, a favourite in most service messes, even though the consumption levels have come down as the number of teetotallers has increased. Another great favourite was Old Monk, with its signature bottle. This is an iconic vatted dark Indian rum launched in 1954. With a distinct vanilla flavour, it has an alcohol content of 42%. For some reason, despite being so popular, or maybe in spite of it, this brand is not so freely available.

Enough has been said about the Vayusainik Milan, but to the Sainik Milans and the Nausainik Milans, I can end with just one word – CHEERS!

writetoarbit@rashtradoot.com



DIfferent blends of rum.

#J'ADORE

# Dazzling Dussehra Outfits

Match your celebration and sparkle in ethnic attire ranging from sparkling lehengas to swishing sharara designs as you say goodbye to Navratri season & gear up for Diwali.



### Lehenga & Choli

The most perfect dress to go with Navratra and Dandiya nights is Lehenga Choli. Mirror worked colourful Lehengas and pattern choli will give you a flaunting look. It's comfortable to wear while you play Garba or Dandiya.

India has entered the festive seasons, and one confusion that most probably each of us must be experiencing is what to wear? A Dussehra celebration can be seen as low-key or bombastic, and the festival deserves a dedicated ethnic garb that matches its multifaceted nature. It's not an easy task to decide what to wear during the festive seasons. Dussehra is on its way, and if you have not yet decided about your outfit on this occasion, then below are some of the traditional outfits which are easy to carry and will give you a festive look to stand out among others.

### Pastel Sharara Set



It's no secret that pastels are in this season. From fresh mint shades to soft blues and lilac tones, donning anything pastel this season is a sign that you're in with the times. The good news? Pastels are the epitome of sophistication when it comes to Indian festive wear. Exude a soft and gentle sparkle with a touch of ethnic flair by opting for pretty pastel sharara designs this Dussehra.

### Elegant LehengaKurti

Fusion of traditional lehenga and formal kurti will give you a perfect traditional as well as elegant look for Dussehra. Dark embroidery or mirror work lehenga with light or chaste kurti is a good outfit for the festival.





### Shibori Sari

Just like the pastel trend for sharara designs - Tie-dye and shibori printed sarees are one of the most enduring Indian wear trends. Super trendy, on-spot with the current zeitgeist and a wonderful way to channel a traditional, coveted craft through ethnic wear; a shibori saree is an easy choice this season!

### Anarkali Suit

Anarkali is a dream outfit for many women. It gives an elegant and ready to gyrate look. It's easy to carry and comfortable to wear. This outfit will give you a relaxing but at the same time a comfortable look.




### Dhoti Pant with Jacket

Now a days, Dhoti pants are really in trend. Printed jacket with kurti and dhoti pant will give a perfectly bold statement. It's new and different yet very much appropriate for Dussehra look.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# महात्मा गांधी बने बच्चे धूप में तपते रहे, सोफों पर बैठे ठहाके लगाते रहे गांधीवादी!

## सर्वधर्म प्रार्थना सभा में महात्मा गांधी के सिद्धांतों की जमकर धज्जियां उड़ाई

**चूरू, (कासं)।** चूरू कलेक्ट्रेट परिसर में आज महात्मा गांधी की प्रतिमा के आगे आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में महात्मा गांधी के सिद्धांतों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी बने बच्चे महात्मा गांधी की प्रतिमा के आगे घंटों तक धूप में तपते रहे, उधर सामने अतिथि के रूप में सोफों पर बैठे गांधीवादी ठंडी हवा के बीच ठहाके लगाते रहे।

यहां चहेते ठेकेदारों को भी कुर्सियों पर बैठाया गया। दुर्भाग्य की बात है कि विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि के रूप में सर्व धर्म सभा में आए धर्मगुरुओं के साथ भी उचित व्यवहार नहीं हुआ। सवाल यह उठता है कि बच्चों को धूप में जमीन पर बैठाकर गांधीजी खुद ठंडी हवा में सोफे पर बैठकर ठहाके कब लगाते थे।

2 अक्टूबर रविवार को जिला स्तर पर हुई इस सर्वधर्म प्रार्थना सभा में वाराणसी के प्रख्यात गांधीवादी विचारक सतीश रॉय, राजस्थान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज,

- **14 साल बाद भी महात्मा गांधी की प्रतिमा को नहीं मिला ऐनक**

कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग, एसपी दिंगत आनंद, रियाजत खान, रतन लाल जांगिड़, एडीएम लोकेश गौतम आदि सहित कई गांधीवादी मंचस्थ रहे। राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष दुलाराम सहारण कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं के कारण बीच में ही चले गए। जिला प्रशासन को अवगत करवा देने के बाद भी यहां महात्मा गांधीजी की प्रतिमा को ऐनक उपलब्ध नहीं करवाया गया है। लोगों का कहना है कि कुल मिलाकर आज सर्वधर्म प्रार्थना सभा में प्रशासन और तथाकथित गांधीवादियों की वास्तविकता की पोल खुल गई है।



**चूरू कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में बच्चे घंटों तक धूप में ही बैठे रहने को मजबूर रहे।**

# शूटर सहित चार आरोपी गिरफ्तार

## जावरमाइन्स मजदूर यूनियन के नेता लालूराम की हत्या के प्रयास का मामला

**उदयपुर, (कासं)।** जावरमाइन्स मजदूर यूनियन के नेता लालूराम की हत्या का प्रयास करने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामे में एक शूटर तथा तीन हथियार सप्लायर करने वालो को गिरफ्तार किया तथा विधि से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया।

भाणेज को नौकरी से निकाले जाने के कारण राजु धनपाल ने पचास हजार रूपये में लालूराम की सुपारी दी थी। प्रकरण के अनुसार 19 सितंबर सवेरे टीडी परसूचना मिली की जावरमइन्स मजदून नेता जावर फला वड़ा टीडी निवासी लालुरम पुत्र काना मीणा पर सवेरे अज्ञात हमलावरों ने फायर किया। हादसे में गोली कान, कंधे पर लगने से वह घायल हो गया।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षकविकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के सुपरविजन में अनुसंधान अधिकारी गिर्वा भुपेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गोवर्धन विलास थानाधिकारी चैल सिंह, टीडी थानाधिकारीगोपाल कृष्ण, हेडकांस्टेबल गणेश सिह मय टीम ने अनुसंधान शुरू कर हमलावर शार्प शूटर सरादीत फला आमली झाड़ोल निवासी दिनेश कसौटा पुत्र रमेश कसौटा को

- **विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी डिटेन**
- **हमलावरों को 50000 रू. में दी थी सुपारी**

बापर्दा गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत बाल अपचारी को बापर्दा डिटेन किया। इस मामले में की गई पूछताछ के आधार पर घटना करने के लिए हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी निचली सूबरी कोटडा निवासी आकाश उर्फ आकु पुत्र शंकरलाल, बिलख फला सोमावत थाना ऋषभदेव निवासी धुलेश्वर उर्फ धनराज डॉन पुत्र गौतम लाल, नला फला चणावदा थाना परसाद निवासी राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू मीणा पुत्र धर्मा को गिरफ्तार किया।

इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान के दौरान मौके से खाली कारतूस बरामद किया तथा तकनीकी अनुसंधान में जावरमाइन्स में नौकरी से निकाले वालों की सूची की पड़ताल कर उनसे की गई पूछताछ में राजु धनपोल गैंग के शुटर्स द्वारा करने की जानकारी सामने आई। राजु धनपाल द्वारा अपने भाणेज विकासको नौकरी से निकाल देने के करण महेन्द्र बरापाल को शूटर उपलब्ध कराने के लिए कहा। महेन्द्र ने अपने नाबालिग भतीजे को घटना के लिए संपर्क किया तथा सहमती देने पर दोस्त दिनेश कसोटा को वारदात करने के लिए लेकर आया व राजु धनपल व उसके भाणजे विकास के साथ मिलकर 18 सितंबर को रात में घटना की योजना बनाई तथा घटना करने के बाद भागने एवं छिपने की रणनीति तैयार की। जिसके अनुसार 19 सितंबर सवेरे मोर्निंग वॉक पर जाते समय लालूराम पर फायरिंग कर फरार हो गए।

घटना से पूर्व जावरमाइन्स पुलिस थाने के हिस्ट्रीशिटर राजुधनपाल ने अपने साथी कोटडा निवासी चेतन बुम्बडिया से हथियार मंगवाने व उक्त घटना के लिए 50 हजार रूपये देने की जानकारी सामने आई है। राजु धनपाल के खिलाफ 31 तथा चेतन के खिलाफ 9 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। राजु के भाणजे विकास को जावरमइन्स मे नौकरी करने से निकालने से नाराजगी के चलते रंजिश चल रही थी। डिटेन विधी से संघर्षरत बारल अपचारी के खिलाफ एक अपराधिक प्रकरण दर्ज है। आकाश उर्फ आकु के के खिलाफ 4, धुलेश्वर उर्फ धनराज के खिलाफ 9 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# अध्यापक के तबादले पर गुस्साये छात्र, स्कूल के द्वार पर जड़ा ताला



**दीपपुरा गांव के विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर छात्रों ने प्रदर्शन किया।**

**करौली, (नि.स.) ।** विद्यालय के अध्यापक का स्थानांतरण करने पर आक्रोशित स्कूली छात्र- छात्राओं सहित ग्रामीणों ने विद्यालय पर ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार यहां के निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दीपपुरा में कार्यरत अंग्रेजी के वरिष्ठ अध्यापक नीरज देव का चलते सत्र के बीच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खानाका स्थानान्तरण करने पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने रविवार को गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा कर विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार और प्रशासन से अध्यापक का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग की।

विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने बताया कि यदि सरकार को स्थानांतरण ही करना था तो शिक्षण सत्र की शुरुआत में कर देना चाहिए या फिर इस वर्ष के शिक्षण सत्र पूरा होने के बाद करना चाहिए जिससे हम अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शिक्षण व्यवस्था पर अंग्रेजी के अध्यापक के नहीं होने से प्रभाव पड़ेगा।

# पक्षी दर्शन एवं संगोष्ठी का आयोजन

**डूंगरपुर, (निसं)।** वनविभाग के तत्वावधान मे वन्य-जीव सप्ताह का शुभारंभ रविवार प्रातः रण सागर तालाब पर पक्षी दर्शन एवं संगोष्ठी के साथ हुआ। उप वन संरक्षक सुगनाराम जाट के निर्देशन में प्रातः रण सागर पर पक्षी दर्शन कार्यक्रम हुआ इसमे पक्षीविज्ञ एवं पूर्व मानद वन्य-जीव प्रतिपालक वीरेंद्र सिंह बेडसा एवं बर्डवाचर डॉ अर्पित स सेना ने लगभग 25 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों की पहचान करवा कर इनकी विशेषताओं एवं महत्व के बारे मे बताया।इसके बाद लालगिरी मठ पर पक्षियों का कृषि एवं मानव जीवन में योगदान तथा इनके संरक्षण के प्रयास विषयक संगोष्ठी हुई। इसमे मुख्य वार्ताकार वीरेंद्र सिंह बेडसा एवं डा अर्पित स सेना नें पर्यावरण संरक्षण तथा कृषि में पक्षियों के योगदान को विविध उदाहरणों के माध्यम से रेखांकित किया। सहायक वन संरक्षक चंद्रजीत सिंह पंवार , क्षेत्रीय वन अधिकारी सीमलवाडा तेज सिंह राणावत , सरपंच दिनेश रोत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इनके संरक्षण की महती आवश्यकता बताई।

# रतनपुर पुलिस ने पकड़ी 12 लाख की शराब

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत गुजरात सीमा पर रतनपुर पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के करने के मामले में बडी कार्यवाही को अंजाम दिया। पकडी गयी शराब की किमत लगभग 12 लाख रुपये कीमत की आयातित और स्वदेशी महँगी शराब की 48 पेटियों के साथ ही 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरंभिक पूछताछ में आरोपीयो ने शराब दिल्ली से गुजरात ले जाना बताया। बिछीवाडा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जाँच कर रही है।

पुलिस सुत्रो के अनुसार रविवार सुबह बिछीवाडा थाना की रतनपुर चौकी पुलिस पर नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध बन्द बॉडी मिनी कन्टेनर को रुकवा पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान पुलिस को संदेह होने पर कंटेनर का गेट खुलवा तलाशी लेने पर गत्तों के कई डब्बे मिले जिन पर मशहूर ऑनलाइन व्यापार करने वाली एक कम्पनी के नाम छपे हुए थे। जब खोलकर देखा तो उनमें महँगी



**बिछीवाड़ा पुलिस द्वारा पकड़ी गयी शराब के साथ आरोपी।**

इम्पोर्टेड अंग्रेजी शराब से भरी बोतले भरी हुई थी। गिनती करने पर कुल 48 पेटिया शराब से भरी मिली जिसकी बाजार में करीब 12 लाख के आसपास है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी विपिन बिहारी तथा सेकी सिंह ठाकुर उत्तरप्रदेश को गिरफतार कर लिया हैं।

# 68वां वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का शुभारम्भ

**अजमेर, (कासं)।** 68 वें वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर विधायक वासुदेव देवनानी ने वन्य जीवों के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करने की बात कही। संभागीय आयुक्त मेहरा ने वन्य जीवों में अनुशासन की भावना होने के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। 68 वें वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर रविवार को जवाहर रंगमंच पर देवनानी ने कहा कि वन्य जीव वनों की रौनक है। इनसे वनों में जीवन का एहसास होता है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में विलुप्त हो चुकी चीता प्रजाति को नामीबिया से मंगवाकर जंगलों में छोड़ा। उन्होंने वन्य जीव संरक्षण में भागीदारी निभाने का आव्हान किया।

देवनानी ने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के बारे में भी वन विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की। संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने कहा कि वन के पशु अधिक अनुशासित होते हैं। वे प्रकृति द्वारा बनाए गए नियमों तथा अनुशासन में रहकर जीवन यापन करते हैं। जिला कलैक्टर अंशदीप ने कहा कि नई पीढ़ी को वन्य जीव संरक्षण से जोड़ना चाहिए। इससे उनमें जंगल तथा जीवन से प्रेम विकसित होगा।




**वन्य जीव संरक्षण सप्ताह को संभागीय आयुक्त ने सम्बोधित किया।**

उप वन संरक्षक सुनील चिद्री ने कहा कि महात्मा गांधी स्मृति वन उद्यान, डियर पार्क, हर्बल पार्क, नाग पहाड एवं पंचकुण्ड नर्सरी का भ्रमण सोमवार सुबह 6.30 बजे से कराया जाएगा। आनासागर चौपाटी पर साईकल रैली का आयोजन 4 अक्टूबर को सुबह 6.30 बजे होगा। इस अवसर पर पक्षी विशेषज्ञ आबिद अली, एनीमल वेलफेयर सोसायटी के अमर सिंह, सुधीर माथुर एवं मुन्नी देवी सहित भीलवाडा के सहायक वन संरक्षक, समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी एवं संभाग के नर्सरी प्रभारी उपस्थित रहे।

# युवक की कुएं में डूबने से मौत

**बिजयनगर, (निसं.)।** विजय नगर थाना क्षेत्र के नगर ग्राम में रविवार दोपहर कुएं पर काम करते समय युवक के पैर फिसलने से कुएं में गिरने से उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निवासी विनोद पुत्र कन्हैयालाल दमामी उम्र 20 वर्ष रविवार दिन में कुएं में पैर फिसलने से डूबने की घटना की जानकारी मिलने पर थाना अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी मय जाब्ते के घटनास्थल पहुंचे ग्रामीणों की सहायता से युवक को निकालने का प्रयास किया लेकिन पानी अधिक होने के कारण युवक का पता नहीं चल पाया। थानाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी में एनडीआरफ टीम को सूचना दी। देर शाम पहुंची एनडीआरफ टीम ने मौके पर पहुंचकर कुए में गिरे युवक को निकालने की कड़ी मशक्कत करते हुए शव को बाहर निकाला।

# 90 विधायकों के इस्तीफों के बाद प्रदेश में संवैधानिक संकट: प्रो. देवनानी

**झुंझुनूं, (निसं)।** पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि जिस प्रदेश के 90 विधायक अपना इस्तीफा दे चुके है। वहां पर संवैधानिक संकट हो गया है। ऐसे में राजस्थान में जल्द से जल्द विधायकों का इस्तीफा स्वीकार कर राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए। यही नहीं मध्यावधि चुनाव करवाकर नई सरकार को सत्ता में आने का मौका मिलना चाहिए।

पूर्व मंत्री देवनानी झुंझुनूं के उदयपुरवाटी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे यहां पर शाकंभरी मैया के दरबार में शीश नवाने आए थे। जहां पर पंडित केदार शर्मा के सानिध्य में चल रहे शतचंडी पूजा में उन्होंने हिस्सा लिया। उनके साथ पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी भी मौजूद थे। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए देवनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत माफी मांगने की नौटंकी और आंसू बहाकर अपने आलाकमान को धोखा दे रहे हैं। जो व्यक्ति अपने आलाकमान का विश्वास तोड़ सकता है वो किसी का भी सगा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालातों में भी मंत्री लगातार तबादला सूचियां जारी कर रहे हैं। जो अवैधानिक है जो मंत्री अपने विधायक पद से इस्तीफा दे चुका है। वो अपने सभी नैतिक अधिकार खो चुका है। देवनानी ने कहा कि पिछले चार सालों से पायलट और गहलोत की लड़ाई में प्रदेश की जनता पिस रही है। इस लडाई का तोड़ कांग्रेस आलाकमान के पास भी नहीं है। अब कांग्रेस का आलाकमान भी असहाय हो गया है।

भाजपा में गुटबाजी के सवाल पर देवनानी ने कहा कि भाजपा में हाईकमान जो तय करेगा वो ही हमारा नेता होगा। विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और कमल के फूल के चेहरे पर लड़ा जाएगा। हमारे बीच में कोई भी गुटबाजी नहीं है। गुटबाजी मीडिया द्वारा बनाई गई अफवाह है। उन्होंने कहा कि 2023 में राजस्थान और छत्तीसगढ़ से कांग्रेस को हराकर हम कांग्रेस मुक्त भारत का मिशन पूरा करेंगे। इस मौके पर देवनानी ने प्रदेश में शिक्षा के ढर्रे को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि हिंदी मीडियम स्कूलों को बंद कर इंग्लिश मीडियम का बोर्ड टांगने से ही केवल स्कूल बदल नहीं जाती।

# चालान की कार्रवाई के दौरान हैडकांस्टेबल ने की मारपीट

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर पुलिस ने बीते दो दिनों से आमजन से यातायात नियमों की पालना करवाने के लिए अपना सख्त रवैया अपनाया हुआ है। बीते आठ दिनों गांधीगिरी दिखाकर यातायात नियमों की पालना की समझाईश के बाद शनिवार को पुलिस ने चालानी कार्रवाई शुरू की थी। वहीं रविवार को पुलिस ने इस सख्ती का ऐसा रवैया इख्तियार कर लिया कि रविवार को बोहरागणेश क्षेत्र में चालान बनाने के दौरान हुई बहस के दौरान वहां मौजूद पुलिस हैडकांस्टेबल ने सरेआम युवक की पिटाई शुरू कर दी। युवक कपासन का बताया गया है।

रविवार दोपहर में सोशल मीडिया पर बोहरागणेशजी क्षेत्र में चालान बनाने के दौरान पुलिसकर्मी द्वारा की जा रही पिटाई का वीडियो वायरल होने लगा। जिसमें पुलिसकर्मी चालान बनाने के दौरान हुई बहस के बाद आवेश में आकर युवक को थप्पड़ मारते दिखाई दे रहा है। हालांकि इस मामले में पुलिस युवक

- **एसपी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिसकर्मी को किया निलंबित**

को बैठाकर थाने ले गई।

इधर, उदयपुर पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने भी इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस थाना प्रतापनगर में तैनात हैड कांस्टेबल महावीर प्रसाद को निलंबित कर दिया। आदेश में एसपी ने निलंबित कांस्टेबल का मुख्यालय वृत्त कार्यालय कोटड़ा व इन्हें मिलने मिलने वाला मूल वेतन का आधा भाग तथा उस पर देय अनुज्ञेय महंगाई भत्ते नियमानुसार देय के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय कार्रवाई के आदेश भी दिए है।

# पांचवी कक्षा का बालक मारुति बना चर्चा का विषय

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी के आदर्श रामलीला मंडल में पांचवी कक्षा में अध्ययनरत एक 8 वर्षीय बालक ने अपने अभिनय के जरिए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है । उसके द्वारा निभाया जा रहा सीता का किरदार पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पिछले 35 वर्षों से खेतड़ी भोपालगढ़ स्थित गोपीनाथ मंदिर के संत रसिक मोहनदास महाराज के सानिध्य में रामलीला का मंचन आदर्श रामलीला मंडल के द्वारा कस्बे की अनाज मंडी में किया जा रहा है। 8 वर्षीय बालक मारुति खेतड़ी के अनाज मंडी में हो रही रामलीला में सीता का किरदार निभा रहा है और अपनी नृत्य नाटिका की वजह से खूब वाहवाही बटोर रहा है। मारुति नानी बाई का मायरा व अन्य भजन भी गाता है। उसके पिताजी रामलीला में काम करते हैं। तब उसे भी प्रेरणा मिली और आज भगवान श्री राम उसके आदर्श है। वहीं रामलीला के डायरेक्टर ललित शर्मा ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से अनाज मंडी में रामलीला का मंचन किया जा रहा है लेकिन इस नन्हें बालक मारुति ने सभी का मन मोह लिया है।

# गौमाता की सेवा में आगे आएं आमजन: दत्तशरणानंद

## अंतर्राष्ट्रीय गोभक्ति महोत्सव में महाराज ने परिवार सहित आने का निमंत्रण दिया

**जालोर, (कासं)।** गो ऋषि स्वामी दत्तशरणानंद महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में गाय माता काफी मुश्किल में है। हम सभी भक्तों का दायित्व और कर्तव्य है कि इस विकट घडी में गौ माता की तन, मन व धन से सेवा करें। पश्चिमी राजस्थान समेत कई क्षेत्रों में लंपी वायरस के कारण गौ माता का स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है। इस विकट घडी में सैकडों की संख्या में गो भक्तों ने गौ माता की सेवा की है।

वे रविवार को मलकेश्वर मठ में अंतरराष्ट्रीय गोभक्ति महोत्सव का निमंत्रण देने के दौरान भक्तों को संबोधित कर रहे थे। गोधाम पथमेड़ा मीडिया प्रभारी ममता माली ने बताया कि दत्तशरणानंद महाराज ने जालोर प्रवास के दौरान क्षेत्र में स्थित लंपी रोग निवारण व गो चिकित्सालयों का निरीक्षण किया।

दत्तशरणानंद महाराज ने भक्तों को कहा कि गोमाता में देवी देवताओं का वास होता है। सभी मानवों का कर्तव्य है कि गौ माता की सेवा करें और उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयास करें। साथ ही गांव गांव ढाणी ढाणी में गौ माता की सेवा के लिए चिकित्सा शिविर लगाने का आव्हान किया।



**मलकेश्वर मठ में गो ऋषि स्वामी दतशरणानंद महाराज ने अंतर्राष्ट्रीय गोभक्ति महोत्सव का निमंत्रण देने के दौरान भक्तों को संबोधित किया।**

मलकेश्वर मठ में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने श्री गोधाम महातीर्थ पथमेडा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले अंतरराष्टीय गोभक्ति महोत्सव का निमंत्रण भी दिया । यह महोत्सव 26 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक आयोजित होगा। महाराज ने सभी भक्तों को अपने परिवार समेत महोत्सव में भाग लेने के लिए निमंत्रण दिया।

इस दौरान ब्रह्मचारी दीनदयाल महाराज, विठ्ठल कृष्ण महाराज, मीडिया प्रभारी ममता माली, गोपालसिंह राजपुरोहित सुरेश नागर, नंदकिशोर मंत्री, नरेंद्र अग्रवाल, प्रवीणसिंह नाथावत, हरिसिंह भागली, एडवोकेट तरुण गहलोत, सेवानिवृत्त कंपाउंडर हरि गुप्ता, कार्यालय व्यवस्थापक दिनेश राजपुरोहित, हरीश चौधरी, शंकर सिंह राजपुरोहित, हरिशंकर राजपुरोहित, कैलाश प्रजापत, नथमल बजाज, उम्मेदसिंह, गुणेश राजपुरोहित, नंदकिशोर बिहानी, श्यामसुंदर, कैलाश माहेश्वरी, हेमन्त माली, सुरेश सोलंकी, संजय बोराणा, ललित राजपुरोहित, शंकर देवड़ा, भरत कुमार, ओम प्रकाश, आनंद सिंह, सूर्यप्रकाश समेत कई भक्तजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**फुलेरा, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला जयपुर के फुलेरा स्काउट द्वारा रविवार को लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर रेलवे कॉलोनी स्थित स्काउट केंद्र पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। स्काउट दल द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आरओएच डीपो फुलेरा में मण्डल यांत्रिक अभियंता विनोद मीना, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता किशन लाल मीणा, सुरेश कुमार और कनिष्ठ अभियंता भावना शिखा दुबे, सीएमएस सूरज नारायण के नेतृत्व में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया। रेलवे स्टेशन फुलेरा पर स्काउट मास्टर घनश्याम कुमावत, प्रकाश चारण, रोवर लीडर गजराज महावर के साथ स्काउट दल द्वारा रेल यात्रियों को स्वच्छता हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे स्काउट गाइड ने जागरूकता नारों के माध्यम से रेल यात्रियों को जागरूक किया एवं प्लेटफार्म पर स्थित पार्क में स्वच्छता सेवाकार्य किया।

### भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के पूतली रोड स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में रविवार को नवरात्र की सप्तमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति भजन कीर्तन कार्यक्रम बडे ही धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माता के मंदिर को फूल मालाओं से सजाया गया। वहीं मंदिर में सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता का गुणगान किया एवं श्री दुर्गा माता के चरणों में धोक लगाई। आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, मिथलेश मित्तल, प्रदीप अग्रवाल, रणवीर राठौड़ द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर एडीएम जगदीश आर्य, डीएसपी डॉ. संध्या यादव, तहसीलदार सूर्यकांत शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल, पत्रकार अमित यादव, पप्पुराम हलवाई, रामकुमार सैनी, रामसिंह चौधरी, रामबाबू शर्मा, रामप्रकाश बंसल, घनश्याम अथोनिया समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रामलीला का मंचन

**नारायणपुर, (निसं)।** आदर्श रामलीला मंडल के तत्वाधान में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागंण में चल रही रामलीला मंचन में शनिवार रात्रि को सीता हरण, बाली वध, सुग्रीव मित्रता की लीला का मंचन हुआ। वही वृंदावन के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सीता हरण की लीला को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। इस दौरान पंडित नरेश शर्मा ने बताया कि रविवार को लंका दहन, सीता-रावण संवाद, मेघनाथ हनुमान संवाद किया जायेगा। इस मौके पर रामलीला अध्यक्ष राजू प्रजापत, महेन्द्र शर्मा, दीनदयाल सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ग्राम सभा का आयोजन

**पावटा, (निसं)।** ग्राम पंचायत बडनगर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में तहसीलदार ओमप्रकाश गुर्जर, सरपंच रामकरण यादव, डॉ. कानाराम मीणा, पटवारी रवीना कराला, हरलाल पंच, कालूराम पंच सहित ग्रामवासियों ने भाग लिया। इस दौरान सरपंच रामकरण यादव ने बताया कि चिरंजीवी योजना से लोगों की बीमारियों का इलाज हुआ है। सभी चिरंजीवी योजना से जुड़े आर्थिक स्थिति कमजोर व्यक्ति चिरंजीवी योजना का पूर्ण रुप से लाभ उठायें। इसी के साथ साथ नरेगा का प्लान भी बनाया गया सरकार की चलाई हुई सभी स्कीमों के बारे में तहसीलदार ओमप्रकाश ने सभी ग्राम वासियों को अवगत कराया कि लोगों को जागरुक करो और सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं का फायदा उठाओ।

### पथ संचलन निकाला

**मालपुरा, (निस)।** राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की और से रविवार को लाम्बाहरिसिंह मे पथ संचलन निकाला गया। दशहरा मैला मैदान पर भगवा ध्वज लहरा शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोमदत शर्मा ने की। संघ के विभाग प्रॉड कार्य प्रमुख दुर्गालाल एवं खण्ड संघ चालक प्रहलादराय शर्मा ने विजयदशमी पर्व पर शस्त्र पूजन एवं संचलन के आयोजन को लेकर स्वंय सेवकों को विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात मैला मैदान से पूर्ण गणवेशधारी स्वंय सेवको ने हाथ मे दण्ड लिये संघ घौष पर कदम मिलाते हुए पथ संचलन निकाला। शस्त्र व ध्वज वाहिनी पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। मार्ग मे जगह-जगह रंगोलियां सजा स्वागत द्वार लगाया गया।

# नहर का पानी लाने के लिए कांग्रेस पदाधिकारियों ने निकाली पदयात्रा

**बहरोड़/ मुंडावर।** मुंडावर तहसील में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व पंचायत समिति प्रधान रोहिताश चौधरी की ओर से मुंडावर तहसील में नहर का पानी लाने के लिए प्रारंभ की जाने वाली पदयात्रा का शुभारंभ समारोह के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीसी सचिव अजीत यादव रहे। जिसमें रोहिताश चौधरी को ध्वज थमा

- **गांधी एवं शास्त्री जयंती पर पदयात्रा का शुभारंभ समारोह आयोजित**



नहर का पानी लाने के लिए मुंडावर तहसील में महापुरुषों की जयंती पर ध्वज के साथ पदयात्रा में रवाना होते कांग्रेस कार्यकर्ता

कर यात्रा का शुभारंभ करते हुए विधानसभा मुंडावर क्षेत्र के प्रत्येक गांव में ग्रामीणों को नहर का पानी लाने के लिए जागरूक करने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यकर्ताओं ने चरखे से सूत कातकर गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने नहर का पानी आने पर क्षेत्र में खुशहाली आने की बात भी कही। अध्यक्षता कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम पटेल ने की। इस मौके पर जिला महासचिव अखिलेश कौशिक, अपर लोक अभियोजक रामावतार चौधरी, राजस्थान के संनिर्माण प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष केजी कौशिक, नीमराणा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मुद्गल, राजू खटीक, गिर्राज गुप्ता, धर्मसिंह चौधरी पेहल, पृथ्वी सिंह चौहान ततारपुर, प्रेम गुप्ता, जगराम पटेल, पूर्व पार्षद बाबूलाल यादव, देशराज यादव, अवधेश भारद्वाज, सुबेसिंह सोडावास, रामनिवास ठेकेदार, तिला माथुर, राजेंद्र चौधरी मोहम्मदपुर, सुरेश बल्लूवास, दीना खान, लक्ष्मीनारायण भानोता, बाबूलाल हुड्डा, तपन कौशिक, प्रकाश एवं ललित बेहरोज आदि मौजूद रहे।

## विकास कार्यो की पुस्तिका का विमोचन

**बस्सी, (निसं)।** उपखंड बस्सी के पंचायत समिति बस्सी सभागार में रविवार को बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा के नेतृत्व में बस्सी प्रधान इंदिरा देवी, तूंगा प्रधान कृष्णअवतार मीणा के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में चार साल बेमिसाल पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन करते हुए विधायक ने चार साल में करवाए गए विकास कार्यो का लेखा-जोखा जनता के सम्मुख पेश किया।

साथ ही मीडिया से बात करते हुए विधायक ने आगामी एक साल के अन्दर उपखंड क्षेत्र बस्सी में करवाए जाने वाले विकास कार्यो के बारे में भी अपने विचार लोगो के सम्मुख रखे। इस मौके पर कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य गिर्राज सामोत्या, सुरेंद्र सिंह बराला, जिला पार्षद संगीता शर्मा, पंचायत समिति सदस्य सुनीता शर्मा , नवीन राठौड, उपप्रधान सोनिया बैरवा, उपप्रधान राजेंद्र सैनी, राजेंद्र कालवानियां, बेनीप्रसाद कटारिया, एडवोकेट कुलदीप सोदावत, बस्सी विकास अधिकारी रमेश मीणा, शिवदत्त शर्मा,करण पोटल्या, माधोगढ सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र सिंह, नूतन गढ समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### गांधी व शास्त्री जयंती मनाई




**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय इंदिरा हैप्पी उमावि एवं जवाहर नवोदय विद्यालय सहत अनेकों विद्यालयों में में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। नवोदय के सुरेश पंवार ने बताया कि कार्यवाहक प्राचार्य देशराज यादव ने गांधी जी व भारत रत्न शास्त्री जी की प्रतिमा के समक्ष दीपप्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।ततपश्चात छात्र प्रशांत ने गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने को प्रेरणा दी। महाराष्ट्र से प्रवास पर आयी छात्रा श्रुति ओर अस्मिता ने भी गाँधी जी और शास्त्री जी के आदर्शो को याद किया। छात्रा अंजली और यक्षित ने बापू के जीवन पर गीत गाकर उन्हें याद किया तो वहीं संगीत अध्यापक महावीर जी के निर्देशन में नैंसी, खुशबू, प्रीति, मीनाक्षी तथा कुमुद ने रघुपति राघव राजा राम भजन की मनमोहक व शानदार प्रस्तुति दीजय जवान, जय किसान का नारा देने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनके शानदार व्यक्तित्व, अनुशासित जीवन, कठोर नैतिकता, विचारों और निडरता के लिए आज भी याद किया जाता है।

### गांधी व शास्त्री जयंती पर सेवा कार्य



**पावटा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाडा कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में विधायक फूलचंद भिंडा, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी व नगरपालिका चेयरमेंन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी के सानिध्य में पावटा गौशाला में गौ सेवकों का समान, पावटा सीएचसी में स्वच्छता अभियान व नीलका धाम मैं स्वच्छता अभियान व कुंड की सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, किसान मोर्चा हरी बल्लीवाल, राकेश गढवाल, पार्षद मोठु गढवाल, पार्षद संजय सेन, आईटी सेल प्रभारी जयराम सिंह, युवा मोर्चा विरेंद्र राठी, शिवपाल राठी, बनवारी यादव, आईटी सेल राहुल गोयल, विनय गोयल, अंकित टांक, मोहित शर्मा, कालूराम शर्मा, राजू सेन, प्रिन्सप्रिन्स सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अरनव सिंह ने मनवाया लोहा

**अलवर।** फरीदाबाद, दिल्ली में आजोजित एपीजे विद्यालय के मॉडल यूनाइटेड नेशंस वाद विवाद प्रतियोगिता में अलवर निवासी अरनव सिंह ने भाग लिया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में देश भर से युवाओं ने 6 विभिन्न समितियों में भाग लिया। अरनव सिंह अखिल भारतीय राजनीतिक दल समिति में प्रथम स्थान पर रहे। इस समिति ने अपने 2 दिन के कार्यकाल में भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं फ्रीडम ऑफ लिटरेचर बिल पर वाद विवाद किया। अपनी कमेटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने के अतिरक्त उन्हें सेक्रेटरी जनरलस बेस्ट डेलिगेट के खिताब से भी नवाजा गया। इस खिताब को हासिल करने के लिए उन्होंने सभी समितियों के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सबसे मेधावी देबटर्स के साथ वाद विवाद किया। इस बहस में जेन-जी और तत्कालीन समय में आये बदलावों में उसके योगदान पर उन्हें स्पॉनटेनियस डिबेट करनी थी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री श्री टीकाराम जूली ने अरनव को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

### रामलीला में भगवान राम की आरती की

**किशनगढ़ बास।** कला मंच के कलाकारों की ओर से दिखाई जा रही रामलीला के सातवें दिन लंका दहन मंचन का शुभारंभ पूर्व विधायक रामहेत यादव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी, पार्षद मनोज मित्तल, तेज सिंह सैनी, रामेश्वर गुप्ता, शिवचरण शिबू, सुरेश बंजारा बने सिंह नरूका एवं पत्रकार मुकेश सोनी ने गणेश पूजन कर किया। इस मौके पर पूर्व विधायक यादव ने कहा कि रामलीला के मंचन से हमें श्रीराम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। यादव ने कहा कि भगवान श्री राम की कृपा इस क्षेत्र पर बनी रहे और हम सबके बीच सदैव प्रेम और भाईचारा कायम रहे खुशहाली के नए आयाम स्थापित हो यही भगवान राम से कामना करता हूं। उन्होंने कहा देश कि जनता ने जो वर्षों से अयोध्या में भगवान राम के मंदिर बनने सपने सजाए थे वह देश की सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद मंदिर निर्माण में दिए गए देशवासियों के सहयोग से जल्द भव्य मंदिर के रूप में पूरे होने जा रहे हैं। इस अवसर पर कला मंच के अध्यक्ष खेमचंद यादव, संरक्षक देवेंद्र तिवारी, उमेश कांत वशिष्ठ, सतीश शर्मा, रामायण वाचक सीपी शर्मा, नुरेश कांत वशिष्ठ, नवीन जैन आदि सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

### 60 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** नवीन दशहरा समिति द्वारा विजयादशमी महोत्सव पर पांच अक्टूबर को दशहरा मेला व नृसिंह लीला का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोर शोर की जा रही है। खाटूश्यामजी में दक्षिण भारतीय शैली से नृसिंह लीला का आयोजन किया जाता है। समिति के अध्यक्ष पप्पू शर्मा ने बताया कि दशहरे पर बुधवार को सांयकाल में मुख्य बाजार से राम व रावण युद्ध के लिए रावण टीले पर पहुंचेंगे जहां लक्ष्मण शक्ति,रावण वध की लीला का मंचन किया जाएगा। इसके पश्चात रंगीन आतिशबाजी के साथ 60 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। समिति के मंत्री दीनदयाल शर्मा ने बताया कि रावण दहन के पश्चात रात्री को मुख्य बाजार में सम्पूर्ण रात्री नृसिंह लीला का आयोजन किया जाएगा।

## शिल्पांगन क्राफ्ट बाजार का समापन

**अलवर, (निसं)।** रूडा द्वारा विभिन्न राज्यों के दस्तकारों को विपणन बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 26 सितम्बर से प्रताप ऑडिटोरियम में लगाए गए शिल्पांगन क्राफ्ट बाजार का आज समापन हुआ। रूडा की प्रबंध निदेशक नलिनी कठोदिया ने बताया कि उद्योग मंत्री शकुन्तला रावत की पहल पर राज्य में पहली बार रूडा द्वारा शिल्पांगन क्राफ्ट बाजार अलवर में लगाया गया जिसमें अलवरवासियों ने खुले मन से खरीददारी कर दस्तकारों के उत्पादों की खूब खरीददारी की। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय इस क्राफ्ट बाजार में 50 लाख रूपये से अधिक के उत्पादों की बिक्री हुई। दस्तकारों ने इससे अति प्रसन्न हुए हैं। दस्तकार पुनः अलवर में क्राफ्ट बाजार लगाने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि अलवरवासियों ने सहारनपुर का फर्नीचर, रोट आइरस एवं वुडन के डेकोरेटिव आइटम्स, जयपुरी बैंगल्स, खुर्जा की पोटरी, वेस्ट बंगाल की टेराकोटा ज्वैलरी, बनारस की साडियां, सांगानेर एवं बगरू की बैड शिट्स, बैड कवर, कुर्तिया व बोधोई उत्तर प्रदेश के कारपेट, वेस्ट पश्चिम बंगाल की पेंटिंग व जूतियां, नागालैण्ड के ड्राई फ्लोवर आदि की जमकर खरीददारी की। अंतिम दिन मेला अपने चरम पर रहा। उत्तर प्रदेश से आए दस्तकार सुलेमान खुर्जा पोटरी के दस्तकार आबिद अली, नागालैण्ड से आई ड्राई फ्लोवर्स की दस्तकार ल्हुडिनों, हिमाचल के गर्म कपडों के दस्तकार विजय कुमार ने अपने उत्पाद खूब बिकने पर अलवर वासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है और उन्होंने आशा व्यक्त की हैकि पुनः अलवर में आकर अपना उत्पाद बेचना चाहेंगे। उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय क्राफ्ट बाजार में प्रतिदिन शाम को पर्यटन विभाग की ओर से लोक कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई जिसमें शिल्पांगन क्राफ्ट बाजार के चार चांद लगाए। कठोतिया ने शिल्पांगन क्राफ्ट बाजार के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग करने पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं जिला प्रशासन के साथ अलवरवासियों का आभार व्यक्त किया।

# विजयदशमी पर श्रीराम शोभायात्रा व रावण दहन को लेकर नहीं सुलझी गुत्थी

**मालपुरा,(निसं)।** विजयदशमी के पर्व पर निकाली जाने वाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा एवं दशहरा मैदान पर रावण के पुतले का दहन की तिथि मे महज दो दिन शेष रहने के बावजूद ना तो प्रशासन व दशहरा महोत्सव समिति की कोई बैठक हुई और ना ही आयोजन समिति की और से एसडीएम कार्यालय मे दिये गये प्रार्थना पत्र पर प्रशासन की और से स्वीकृति को लेकर स्पष्ट आदेश जारी नहीं किये जाने से दशहरा जुलूस व रावण दहन की गुत्थी नही सुलझने से आखिर कौन करेगा रावण के पुतले का दहन का रहस्य बरकरार होने का मामला सामने आया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों दशहरा महोत्सव समिति की फलोदी बालाजी मंदिर मे हुई महत्वपूर्ण बैठक मे मौजूद पदाधिकारी व सदस्यों ने लम्बी चर्चा के बाद इस बार भी दशहरे का जुलूस अर्थात भगवान श्रीराम की शोभायात्रा पीढियो से चले आ रहै परम्परागत मार्ग से ही निकाले जाने का निर्णय लिये जाने के बाद समिति की और से एसडीएम रामकुमार वर्मा के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया तो एसडीएम ने शहर की शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर दशहरे के जुलूस के लिए समिति की और से दिये गये प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट के लिए कस्बा थाना पत्र भेजा गया। लेकिन मामले मे तीन दिन बाद भी थाने से एसडीएम कार्यालय रिपोर्ट नही पहुंची है।

पुलिस की रिपोर्ट के अभाव मे आयोजन समिति व प्रशासन सहित शांति समिति व एकता मंच सहित दोनो ही समुदायो की परस्पर सामुहिक बैठक भी नहीं बुलाई गई है जबकि महज विजयदशमी के पर्व मे दो दिन शेष रहे है। प्रशासनिक सुत्रों से मिली जानकारी की माने तो दो साल पूर्व विजयदशमी के जुलूस के दौरान परम्परागत मार्ग मे हुए पथराव के बाद उपजे साम्प्रदायिक तनाव को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने मिटिंगों का

- **एसडीएम कार्यालय व थाने के बीच घूम रहा आयोजन समिति का प्रार्थना पत्र**

आयोजन कर दोनो ही समुदायों के प्रमुख जुलूस व शोभायात्राओं के लिए परम्परागत मार्गो को बदल नवीन मार्ग का निर्धारण किया गया था। लेकिन प्रशासन द्वारा तय किये गये नवीन मार्ग से एक भी जुलूस व शोभायात्रा नहीं निकाली गई। बीते दिनों प्रशासन के अथक प्रयास सहित जिला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कई बार दोनो समुदायो की सामुहिक बैठके किये जाने के बावजूद भी परम्परागत मार्ग से स्वीकृति नहीं मिलने के चलते कावडयात्रा समिति ने एनवक्त पर कावडयात्रा निरस्त कर प्रशासन के नवीन मार्ग को अस्वीकार कर दिया गया था।

# रक्तदान शिविर में स्वच्छता की शपथ दिलाई

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बा स्थित पुरुषोत्तमदास मंदिर परिसर में रविवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश आगे तब बढेगा जब युवा समझकर वोट डालेगा।

कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी पंकज यादव, राष्ट्रीय मंत्री योगी सेना मोहन दास महाराज, युवा नेता राकेश दायमा, समाजसेवी सीताराम सैनी, सरपंच विजय इन्दौरिया, बृजमोहन शर्मा, प्रकृति प्रेमी राम भरोस मीणा आदि अतिथियों का आयोजकों की ओर से साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर महिला कलाकारों द्वारा राजस्थानी लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। शिविर में युवाओं ने 117 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदान करने वाले युवाओं को अतिथियों द्वारा हेलमेट, प्रशस्ति पत्र



कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया।

देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिला युवा अधिकारी पंकज यादव ने मौजूद लोगों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाई और थानागाजी में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। चिकित्सा शिविर में नेत्र, बीपी, शुगर, नाक, कान, गला आदि रोगों की निशुल्क जाँच की गई। गौमाता में फैल रहा लंपी वायरस की रोकथाम हेतु निशुल्क आयुर्वेदिक औषधि वितरण की गई। नेहरु युवाओं केंद्र द्वारा बानसूर और थानागाजी विधानसभा के राजकीय सेवाओं में खेलकूद, कला, साहित्य, पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 63 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन साहित्यकार मोहन लाल मोर्य ने किया। इस मौके पर ब्लॉक कोर्डिनेटर राज पटेल, अभिषेक चौधरी, रमन मीणा. हरिओम गुर्जर, आरवाईएमपी अंकुश शर्मा, महर्षि गुर्जर, मदन सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।

## गांधी जयंती का हुआ आयोजन

**पावटा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा जयपुर ब्लॉक स्तरीय गांधी जयंती का आयोजन किया गया। इसमें मुय अतिथि एसडीएम पावटा राजवीर सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी, चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि व समाजसेवी गोपाल अग्रवाल, तहसीलदार ओमप्रकाश गुर्जर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा मुरलीधर यादव सहित गणमान्य नागरिकों ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्य क्रम का शुभारंभ किया।

वही इस दौरान स्थानीय विद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे जिनके द्वारा मिनट टू मिनट कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी के 3 भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई, जाने दे दी हमें आजादी बिना खडक बिना ढाल का गायन किया गया। कार्यक्रम में मुय अतिथि उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी एवं

- **कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी के 3 भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई, जाने दे दी हमें आजादी बिना खडक बिना ढाल का गायन किया गया**

उनके द्वारा किए गए कार्यो पर प्रकाश डाला। पावटा प्रधान पूजा चौधरी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शो को जीवन उतारने के लिए प्रेरित किया।

वधायक प्रतिनिधि एवं युवा नेता राजेश गुर्जर ने महात्मा गांधी के अहिंसा सत्य सत्याग्रह एवं लाल बहादुर शास्त्री की सादगी के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए विद्यालय के प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच संचालन चिरंजीलाल गुर्जर ने किया।

# गांधी जयंती कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने चरखा चलाकर प्रस्तुति दी

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जयंती तथा विश्व अहिंसा दिवस पर आयोजित गांधी सप्ताह कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में विधायक दीपचंद खेरिया, एसडीएम गंगाधर मीणा, पंचायत समिति प्रधान बद्री प्रसाद सुमन की उपस्थिति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधायक दीपचंद खैरिया ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश जिन हालातों से गुजर रहा है देश के कितने टुकड़े कब हो जाए कुछ नहीं कहा जा सकता है। हम रहे नहीं रहे इसलिए हमें इन बच्चों में वह संस्कार पैदा करने हैं कि इंसानियत एक है।

सर्व धर्म प्रार्थना सभा में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के बुरा ना देखो, बुरा ना बोलो, और बुरा ना सुनो का संदेश देते हुए स्कूली बच्चों ने चरखा चलाते गांधी जी प्रस्तुति दी जो प्रार्थना सभा में आकर्षण का केंद्र रहा वही शिक्षा और राजस्व विभाग से जुड़े दीपक खंडेलवाल सुरजीत सिंह लख्मीचंद ने प्रार्थना प्रस्तुति देकर एकता का संदेश दिया।



किशनगढ़ बास में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जन्म तिथि पर आयोजित सर्व धर्म प्रार्थना सभा में उपस्थित विधायक एसडीएम सहित स्कूली बच्चे।

- **गांधी जयंती पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन**

इस मौके पर राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष विधायक दीपचंद खेरिया, एसडीएम गंगाधर मीणा, प्रधान बद्री प्रसाद सुमन ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी केशव सोनी बीडीओ राजकुमार बायला, प्रधानाचार्य अनिल अग्रवाल सहित विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं स्कूली बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सूरत सिंह खेरिया ने किया।

## सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

**मालपुरा, (निसं)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंति पर रविवार को मालपुरा मे प्रभात फेरी निकाल सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कोर्ट परिसर से एसडीएम रामकुमार वर्मा ने झण्डी दिखा प्रभातफेरी को रवाना किया। हाथो मे तिरंगा लिये पूर्व सैनिक,निजी विद्यालयो के विधार्थी,प्रशासनिक अधिकारी व कार्मिक गांधी व शास्त्री के स्वरूप मे सजीव झांकियों के साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए गांधी पार्क पहुंचे। पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी,एएसपी राकेश कुमार बैरवा, डीवाईएसपी सुशील मान, एसडीएम रामकुमार वर्मा, रमाकांत पाठक, तहसीलदार जीआर बैरवा, कैलाश गुर्जर सहित बडी संख्या में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी व शास्त्री को नमन किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा मे रघुपति राघव राजाराम व साबरमति के संत भजनों व प्रार्थना का गुणगान किया गया।

# बीसलपुर की लाइन टूटने से व्यर्थ बह रहा है पानी



उप तहसील दतवास में बीसलपुर की लाइन टूटने से व्यर्थ बहता पानी।

**निवाई, (निसं)।** उप तहसील दतवास में बीसलपुर की लाइन टूटने से पानी व्यर्थ बह रहा है। दशरथसिंह चौहान ने बताया कि पुलिस थाने के समीप 15 दिन से बीसलपुर की लाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर पानी सडक मार्ग पर बह रहा है।

बीसलपुर की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से गांव में स्थित बनी हुई पानी की टंकी नहीं भरने से नलों में पानी की सप्लाई नहीं होने से ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड रहा है। ग्रामीणों ने कई बार बीसलपुर के कर्मचारी व अधिकारियों को इसकी शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेजकर बीसलपुर की क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक करवाने की मांग की है।

## संक्षिप्त

### सगाई समारोह आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** डॉ. अम्बेडकर मानवतावादी सेवा संस्थान श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में बाबा गरीबनाथ आश्रम के पीठाधीश्वर श्री सेवानाथ जी के सान्निध्य में प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र कुमार महरड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं विवाह समिति अध्यक्ष हरीशचंद्र छिछोलिया की अध्यक्षता में छटवें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां करते हुए रविवार को सगाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 11 जोड़ों की सगाई की रश्म सम्पन्न हुई । कार्यक्रम में सभी जोड़ों को बरी का बेस एवं सूट का कपड़ा, एक रुपया व नारियल देकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में शेष जोड़े शामिल नहीं हो पाए हैं उनके लिए समिति कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से आगामी 20 नवम्बर को सगाई समारोह एवं रिंग सेरेमनी आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में प्रेम देवी द्वारा 31000, एवं श्री हरीशचन्द्र छिछोलिया द्वारा 21000 का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

### गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई

**लालसोट, (निसं)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं चांदसेन कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संस्कृत महाविद्यालय पर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बनाई गई । जिसमें लालसोट नगर पालिका चैयरमैन रक्षा मिश्रा, पीसीसी सदस्य दिनेश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश राड़ा, पीसीसी सदस्य रामबिलास शर्मा, पंचायत समिति उप प्रधान कैलाश दुसाद, नगर अध्यक्ष राजेंद्र पांखला, पूर्व वाइस चेयरमैन हीरालाल सैनी, पूर्व पार्षद चन्दशेखर जांगिड़, पूर्व पार्षद अनोक महावर , शम्भु लाल सैनी, चिरजीलाल सैनी आदी लोग मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं चांदसेन कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संस्कृत महाविद्यालय पर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बनाई गई।

### रामफूल अध्यक्ष, गणेश बने उपाध्यक्ष

**उनियारा/चौरू, (निसं)।** उनियारा उपखंड क्षेत्र चौरू में विगत दिनों देहलवाल बाबा मंदिर प्रांगण में कस्बे वासियों की हुई मीटिंग में सर्वसम्मति से रामफूल ताजी को देहलवाल बाबा सेवा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, सचिव पितांबर मीणा, कोषाध्यक्ष हरीशंकर धाकड़ को बनाया। मीटिंग में कई प्रस्ताव लेकर निर्णय लिया गया कि देलवाल बाबा प्रांगण में असामाजिक तत्वों का आना एवं शराब पीकर उत्पात मचाने एवं आने वाले को 5100 रुपए का जुर्माना किया जाएगा। बाबा मंदिर प्रांगण में हर महीने मीटिंग का आयोजन होगा। ताजी के अध्यक्ष बनने पर कस्बे वासियों ने बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बुद्धिप्रकाश मीना, चंद्र प्रकाश शर्मा, चिरंजी लाल सैनी, अशोक कुमार सैनी, कमल सैनी, हेमराज यादव, अर्जुन लाल यादव, मुकेश मीणा, मुरारी सैनी, महेश प्रजापत, बनवारी यादव, कमलेश मीना सहित कई लोगों ने बधाई दी।

### महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

**थानागाजी, (निसं)।** भाजपा मंडल प्रतापगढ़ में आदर्श विद्या मंदिर-प्रतापगढ़ में गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और बापू के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' का उच्चारण किया। हरीश पायला ने महात्मा गांधी के सिद्धांतों, विचारों व जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीश पायला, मंडल अध्यक्ष हरलाल प्रजापत, लीलाराम, मंडल उपाध्यक्ष बनवारी लाल प्रजापत, किसान मोर्चा सदस्य सुमेर सिंह गुर्जर,विस्तारक रामप्रताप, प्रधानाचार्य रामोतार शर्मा, माध्यमिक विभाग प्रधानाचार्य सुआलाल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय महरौली में महात्मा गांधी व श्री लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह हर्षोल्लास पूर्वक सर्व धर्म प्रार्थना की शुरुआत के साथ मनाया गया। इस समारोह मे सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को चार चाँद लगाए तथा प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार सैनी ने गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी बच्चों को गांधी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित किया। वहीं गौवंश को युवाओं ने आयुर्वेदिक लड्डू खिलाए।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जिले भर में सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित

**टोंक, (नि.स.)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर रविवार को जिले भर में सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित हुई। स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इनमें भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि के साथ हुई।

गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर परंपरागत तरीके से सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने वैष्णव जन तो तेने कहिए, दे दी हमें आजादी बिना खडग बिना ढाल तथा धर्म वो ही एक सच्चा



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी पार्क में प्रार्थना सभा कार्यक्रम आयोजित हुआ।

गीतों का गायन किया। इससे पहले शहर के विभिन्न क्षेत्रों से स्कूलों से विद्यार्थी कार्यक्रम स्थल पर रैलियों के रूप में पहुंचे। राष्ट्रगान के साथ सर्वधर्म प्रार्थना सभा कार्यक्रम का समापन किया।

जिला स्तरीय समारोह गांधी पार्क में हुआ। इस अवसर पर सांसद सुखबीर

■ स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों ने कार्यक्रमों में भाग लिया

सिंह जौनपुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, नरेश बंसल, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान, अति. जिला कलेक्टर परशुराम धानका, अति. जिला कलेक्टर टोंक भवानी सिंह राठौड, उपखंड अधिकारी टोंक गिरधर, सहायक कलेक्टर शिप्रा जैन, नगर परिषद आयुक्त रामधन गुर्जर, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक अनुराग गौतम, गांधीवादी विचारक प्रकाश चंद जैन, कैलाश आहूवालिया, पूर्व विधायक कमल बैरवा, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक खांन, सेवादल संगठन महासचिव सुभाष मिश्रा, पार्षद विकास लोदी, रामलाल संडीला, सत्यनारायण रैगर, राजेन्द्र वरजानी, हंसराज गाता, मोहन मीणा, महावीर तोगडा, मणीन्द्र लोदी, जर्रार खान, शिवजीराम मीणा, सलीम नकवी सहित स्थानीय जन-प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, राजकीय महाविद्यालय टोंक से एनसीसी अधिकारी मोहम्मद बाकिर हुसैन, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड सहित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के युवा कलाकारों सहित शहर के गणमान्य नागरिकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता कुसुमलता विजयवर्गीय ने किया।

## स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता की शपथ ली

**रामगढ़/पचवारा/ मंडावरी लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालयों पर गांधी जयंती को धूमधाम से मनाते हुए गांधी जयंती के मौके पर स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता सहित देश प्रदेश को अखंड वह अटूट बनाए रखने की शपथ ली गई। लालसोट उपखंड मुख्यालय पर अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में ब्लॉक स्तरीय गांधी जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि राष्ट्रिपता महात्मा गांधी द्वारा स्थापित अहिंसा एवं उनकी विचारधारा पर चलते हुए देश प्रदेश के विकास के मार्ग प्रशस्त किया जाए। इस दौरान कार्यक्रम में एसडीएम मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार मदनलाल मीणा, अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण माली, पीसीसी सदस्य एवं खादी ग्रामोद्योग समिति के अध्यक्ष दिनेश मिश्र प्रधानाध्यापक मदन पारीक आदि मौजूद रहे। पंचायत समिति क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्रों में दो अक्टूबर रविवार को राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। वही रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय पर भी गांधी जयंती पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडावरी नगर पालिका मुख्यालय पर भी नगर पालिका में गांधी जयंती को मनाया एवं शांति सद्भावना भाईचारे की शपथ ली गई। गांधी जयंती के मौके पर लालसोट विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं के दौरान स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता सहित विभिन्न सकारात्मक एवं सुधारात्मक बिंदुओं पर शपथ ली गई।

## गांधी जयंती समारोह आयोजित

**राजगढ़ अलवर, (निसं)।** माता श्री गोमती देवी जन सेवा निधि की ओर से लव कुश गार्डन में संस्था का 34 वाँ स्थापना दिवस एवं गांधी जयंती समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि उपखण्ड़ अधिकारी ओमप्रकाश मीना, अध्यक्षता लुपिन सीएसआर की हैड़ तुशारा शंकर, विशिष्ट अतिथि जिला विकास प्रबंधक प्रदीप चौधरी,एसएफऐसी कृषि मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार सुखमल जैन व खेम सिंह आर्य ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का लोकार्पण किया

**लालसोट, ( निसं )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने रविवार को डीडवाना ग्राम में ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट के लोकार्पण व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र चिकित्सा स्वास्थ्य को लेकर एक मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर विकास कार्यों का शिलान्यास लोकार्पण किया गया।

डिडवाना ग्राम में चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री मीणा ने रविवार को डेढ

■ सीएचसी भवन का किया शिलान्यास

करोड लागत के बने ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट का लोकार्पण किया एवं साढे चार करोड़ लागत से नए बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मंत्री मीणा ने कहा कि ऑक्सीजन जनरेसन प्लांट से ऑक्सीजन की कमी के बाद मरीजों को होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोविड



डीडवाना ग्राम में चिकित्सा मंत्री परिषद लाल मीणा ने प्लांट का लोकार्पण व सीएचसी भवन का शिलान्यास किया।

संक्रमण के समय ऑक्सीजन के अभाव में मरीजों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इस दौरान डीडवाना ग्राम सेवा सहकारी समिति की कार्यकारिणी एवं गौ रक्षा कमांडो दल का स्वागत किया गया।

लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को लालसोट प्रधान नाथू लाल मीणा प्रदेश स्वायत शासन संस्था के उपाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र पूर्व सरपंच दीपक पटेल पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी देवी, पंचायत समिति सदस्य कजोड़ी देवी सरपंच विनोद फुलवारीया, सीएमएचओ सुभाष बिलोनिया, बीसीएमएचओ धीरज शर्मा, हनुमान पार्टी वाला बृजमोहन थानेदार राकेश सामोत्या, केदार चोपड़ा शंभूलाल पीथावत, सुरेश पीथावत, रमेश मुंशी, रवि बेरडीवाला राकेश मेडीवाला, सागर जैमन, मुकेश शर्मा आदि कई ग्रामीण जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रामीण ओलम्पिक खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

**अलवर।** राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन समारोह इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला स्तर पर विजेता रही टीमों के खिलाडियों को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाडियों के साथ सामूहिक फोटो खिचवाकर उनकी हौंसला अफजाई की।

जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर ने कहा कि राज्य सरकार ने खेलों को बढावा देने के उद्देश्य से राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक आयोजित कराये जा रहे हैं जो अपने अपने उद्देश्य में शत प्रतिशत सफल नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव व ढाणी की प्रतिभाएं इस आयोजन से सामने आई है। उन्होंने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र

■ राज्य स्तर पर आयोजित खेलों में जिले की 10 टीमें लेंगी भाग

कुमार सोनी राजस्थान के हनुमानगढ जिले की एक ढाणी से निकलकर मेहनत के बल पर जिला प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार कठोर परिश्रम से आप भी जिले व राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने खेल के सफल आयोजन कराने पर जिला प्रशासन एवं भामाशाहों को साधुवाद दिया। जिला बीसूका के उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा व नगर परिषद सभापति धनश्याम गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार ने अब दो साल की बजाय हर वर्ष ग्रामीण ओलम्पिक कराने साथ ही शहरी क्षेत्रा में भी ओलम्पिक कराने का निर्णय लिया है। इससे हर साल प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अब इससे इन्हें प्लेटफार्म मिला है। उन्होंने उम्मीद जताई की अलवर के खिलाडी राजस्थान में अपना परचम फहराएंगे। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का ध्वज उतारकर जिला स्तरीय खेलों के समापन की घोषणा की। उन्होंने खेलों के सफल आयोजन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष योगदान देने वाले प्रत्येक जन प्रतिनिधियों, अधिकारी, कार्मिकों व भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन से जिले में खेलों का एक नया वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि अलवर के खिलाडी राज्य में अव्वल रहेंगे।

# रैली निकाल कर शान्ति का दिया संदेश

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में रविवार को विभिन्न राजकीय एवं निजी संस्थानों ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई और सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई।

कस्बा स्थित रा.उ.मा.विद्यालय से एनएसएस स्वयं सेवकों ने व्याख्याता राधा मोहन शर्मा व एन एस एस प्रभारी मोहन लाल चौधरी के नेतृत्व में मुख्य बाजार से होकर विशाल रैली निकालते हुए शांति और सद्भावना का संदेश देते हुए नगर पालिका के पास स्थित रा.बा.उ.मा. विद्यालय में आयोजित ब्लाक स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सर्व थर्म प्रार्थना सभा एवं समारोह में भाग लिया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ उपखंड अधिकारी अशोक कुमार एवं सीबीईओ हनुमान सहाय मीणा ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया बालिका

■ ब्लाक स्तरीय सर्व थर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

■ राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

प्रधानाचार्य हेमलता सत्तावन ने अतिथियों का पुष्प हार भेंट कर स्वागत किया। अध्यक्षता करते हुए सीबीईओ हनुमान सहाय मीणा ने कहां की इस युग में गांधी के सिद्धांतों पर चलकर विश्व शांति की स्थापना की जा सकती है और बालकों से आग्रह किया कि जीवन में लालबहादुर शास्त्री जैसी सादगी एवं कर्तव्य के प्रति समर्पित भाव रखना सीखें।

# शास्त्री व गांधी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे सहित समुचे उपखण्ड क्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ति मनाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा नेता मुकेश गोयल के नेतृत्व में

■ महात्मा गांधी व शास्त्री के जीवन पर अतिथियों ने प्रकाश डाला

स्थानीय भाजपा कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ग्राम विकास, स्वच्छता व जल जीवन मिशन जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलाकर महात्मा गांधी के सपनों को



कोटपूतली कस्बे सहित उपखण्ड क्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई।

पूरा कर रही है। उन्होंने महापुरूषों के आचरण को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए सेवा कार्य करते रहने की बात कही।

वहीं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशामुक्ति संगोष्ठी, श्रमदान, नशे से दूर रहने की शपथ सहित अनेक सेवा कार्य किये। इसी तरह कस्बे के डाबला रोड़ स्थित ओएनएस स्कूल में निदेषक रामस्वरूप सैनी के नेतृत्व में लाल बहादुर शास्त्री व गांधी जयन्ती मनाई गई। वहीं देश की आजादी व स्वतंत्रता के लिए महात्मा गांधी के बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा। जिन्होंने प्रत्येक भारतीय के मन में आत्म-सम्मान स्वतंत्रता समानता व वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना पैदा कर भारत देश को स्वतंत्रता दिलवाई। यह विचार रविवार को राजपूताना पी.जी. कॉलेज में विश्व अंहिसा दिवस व महात्मा गांधी जयन्ती पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा कार्यक्रम में संस्था निदेशक महेन्द्र चौधरी ने व्यक्त किए।

## हादसे में एक की मौत, एक घायल

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुलिया पर बाईक सवार होकर दिल्ली से जयपुर की और जा रहे दो युवकों को अल-सुबह करीब चार बजे एक बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार एक युवक की जहां घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर घायल हो गया।

एएसआई रतन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अल-सुबह दौराने गस्त पनियाला पुलिया पर हादसे की सुचना मिली थी। जिस पर मौके पर जाकर देखा तो बाईक सवार दो युवक सड़क पर लहुलुहान स्थिती में पड़े थे। जिन्हें यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अनिल कुमार पुत्र गणेश कुमार जाति देवेन्द्र बलम निवासी जे-जे कॉलोनी उत्तर पश्चिमी दिल्ली को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकी उसके दोस्त गणेश को गंभीर स्थिती में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## सार-समाचार

### दुर्गाष्टमी पर सजेगी विशेष झांकियां



**टोंक, (नि.स.)।** जिलेभर में दुर्गाष्टमी पर सोमवार को माता के दरबार विशेष झांकियों से सजेंगे, वहीं श्रद्धालुओं की अपार भीड भी माता के दर्शन के लिए उमडेगी। घर-घर दुर्गाष्टमी पर कुल देवी की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी एवं कुंआरी कन्याओं के माता के रुप में भोजन प्रसादी करवाकर दक्षिणा देकर श्रद्धालु आर्शीवाद लेंगे। जिला मुख्यालय पर स्थित ऐतिहासिक कंकाली माता मन्दिर में दुर्गाष्टमी पर सुबह विशेष पूजा अर्चना होगी और खीर, फल की प्रसादी का वितरण होगा। इसी तरह शहर की पुलिस लाईन माताजी, आरएसी माता मन्दिर में भी श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रहेगी। जिला मुख्यालय के नेशनल हाईवे पर स्थित श्रीयंत्र शिखर युक्त श्री स्वर्ण दुर्गा कैलाशपति मन्दिर में शरद नवरात्रि महोत्सव के सातवें दिन कालरात्रि की झांकी सजाई गई। वहीं वैष्णो देवी माता मन्दिर में दुर्गाष्टमी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना होगी। दुर्गाष्टमी पर बनास नदी के पुल स्थित वैष्णो देवी माता मन्दिर में छप्पन भोग झांकी सजाई जाएगी। मन्दिर के श्रद्धालु ओमप्रकाश नामा ने बताया कि वैष्णो देवी माता मन्दिर में वैष्णो माता की मनमोहक झांकी सजाई जाएगी और छप्पन भोग की झांकी के दर्शन होंगे।

### चंद्रप्रभु भगवान के प्रतिरूप का अभिषेक



**टोंक, (नि.स.)।** पुरानी टोंक चतुर्भुज तालाब के पास स्थित श्रीचंद्रप्रभु दिगंबर जैन तेरापंथी नसिया में रविवार को तीन लोक महामंडल विधान की पूजा का समापन हुआ। 15 दिन से चल रहे विधान के पुण्यार्जक रतन देवी, अशोक कुमार, राकेश कुमार बिलासपुरिया परिवार रहे। समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि विगत 15 दिन से तेरापंथी नसियां में तीन लोक मंडल विधान की पूजा चल रही थी, जिसका समापन रविवार को हुआ 15 दिनों से चल रही पूजा के तहत भगवान चंद्रप्रभु को श्रद्धालुओं के द्वारा 2100 अर्ध्य चढाए गए। रविवार को पूजा समापन के अवसर पर प्रातः चंद्रप्रभु भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की गई, उसके पश्चात नित्य नियम पूजा की गई, उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ श्रीफल एवं महाअर्ध्य चढाया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष देवराज काला मंत्री चेतन बिलासपुरिया, सुरेंद्र, निर्मल, खेमचंद, अशोक, राकेश, पवन, रतन देवी, संजू, तरुणा, चमेली, सुमन, सरिता, मधु, रेणु, संगीता एवं बीना सहित सैकडों श्रद्धालु मौजूद थे।

### नारी शक्ति प्रेरणा स्त्रोत बनी

**फुलेरा, (निसं)।** प्रदेशभर के गौ वंशो में तेजी से फैल रहे लम्पी स्क्रीन डिजीज रोग के कारण गौ-वंश एवं गौपालकों को भारी नुकसान हो रहा है। इसके चलते क्षेत्र में पालिका प्रशासन के द्वारा बनाये गये क्वारेन्टाइन सेन्टर पर गौ सेवा के लिए संचालित संस्थाओं के द्वारा लगातार गौवंश की सेवा की जा रही है। इसी क्रम में कस्बे के निकट स्थित ग्राम मान्दी में संचालित डब्लूसीओ मान्दी ग्रुप ने भी गौ सेवा का संकल्प लेकर फुलेरा में पशु पक्षी व पर्यावरण संरक्षण संस्था डब्लूसीओ के संस्थापक ओमप्रकाश (पीन्टी) से उपरोक्त बिन्दुओं पर चर्चा की। जिस पर पीन्टी ने उनके विचारों की सराहना करते हुए उन्हें फुलेरा आकर गौमाता के प्राथमिक उपचार सीखने के लिए कहा तो मान्दी ग्रुप ने कस्बे के स्कूल खेल मैदान में संचालित क्वारेन्टाइन सेन्टर पशुचिकित्सा अधिकारी राज सिंह शेखावत, सीताराम नागा तथा पशुधन सहायक राजकुमार चौहान के नेतृत्व मे 4 दिवसीय प्राथमिक उपचार का निशुल्क प्रशिक्षण लिया। गौ माता का उपचार करने के दौरान पूजा शर्मा, अनुष्का शर्मा, प्रियांषी शर्मा, मुरली मनोहर शर्मा, लखन शर्मा, आर्यन शर्मा, पूजा शर्मा व शिवानी शर्मा अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है।

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रविवार को गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन रखा गया। ग्राम विकास अधिकारी हनुमान लाल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर बैठक में सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को याद किया गया। साथ ही विशेष ग्रामसभा में जल ग्रहण योजना का प्रस्ताव, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक, चिरंजीवी स्वास्थ्य योजनाओं की सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमावत द्वारा विस्तार से जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जल ग्रहण योजना के सहायक अभियंता, पं. स. सहायक विकास अधिकारी महावीर प्रसाद, सीएससी प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमावत मय स्टॉफ, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड पंच भगवान सहाय, बनवारी लाल कुमावत, रोजगार सहायक बद्री नारायण गुर्जर, व्याख्याता हरिनारायण कुमावत, रामकिशोर मीणा, पंचायत सहायक महेंद्र मीणा, रामस्वरूप प्रजापत सहित अनेक लोग बैठक में शामिल रहे।

### मोहम्मद इस्लाम प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**मालपुरा (निसं)** राजस्थान राज्य बैडमिंटन एसोसिएशन के हुए चुनाव में मालपुरा निवासी मो. इस्लाम नकवी को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया। टोंक जिला बॉल बैडमिंटन संघ अध्यक्ष मूलशंकर शर्मा, चेयरमैन मो. इस्हाक नकवी, सचिव मो. युसुफ नकवी, कोषाध्यक्ष कैलाश जाट, कैलाश सोनी, एडवोकेट कन्हैयालाल सैनी, मो. सोयब सहित संगठन पदाधिकारियो ने मो. इस्लाम को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। मो. इस्लाम ने बताया कि इस बार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन मालपुरा में करवाये जाने का प्रयास किया जायेगा। जिससे कि टोंक जिले में भी इस खेल का प्रचलन बढ सकेगा।

### अल्का गुर्जर का स्वागत

**निवाई।** भाजपा की राष्ट्रीयमंत्री अल्का गुर्जर रविवार को टोंक जिले के प्रवास पर रही। इस दौरान देहात मंडल के पूर्व अध्यक्ष शिवदयाल गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जिले की बॉर्डर पर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन राजकुमारी शर्मा, प्रधान रामअवतार लांगडी, पूर्व पार्षद रतनदीप गुर्जर, सवाईभोज गुर्जर, मदन मास्टर, सरपंच रमेश यादव, शंकर पडियार, नारायण शर्मा, रामजीलाल मीणा, जगदीश दौराया, रामलड्डू गुर्जर, सीताराम लांगडी, दयाराम गुर्जर, श्योकिशन, गिर्राज बोकण, रेखा भडाणा, नटवाडा मण्डल अध्यक्ष हरि करीरिया, रंगलाल गुर्जर, ईशाक मुगल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर ने अद्वैत आश्रम के पर पहुंचकर संत श्री बालकानंद महाराज से आशीर्वाद लिया।

### चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**टोंक, (नि.स.)।** शहर के बडा क्षेत्र में दिनदहाडे एक लाख रुपए चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक जने को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 30 सितम्बर को अरविंद कुमार पुत्र बाबूलाल उम्र 42 साल निवासी दौलतपुरा धन्नातलाई टोंक ने रिपोर्ट दी थी कि बैंक से रुपए निकलवा कर जा रहा था, इस दौरान वीर पाल मोग्या बीच बाजार एक लाख रुपए निकाल कर चोर लिया। जिसे मौके पर ही पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया। शहर कोतवाल जितेन्द्र सिंह चारण ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, मामले की गहनता से जांच की जा रही है।



वह (अटकलें) काफी ज्यादा बढ़ सकती हैं लेकिन मुझे लगता है कि अगर उन्हें जीतना है, तो उन्हें बुमराह के साथ जीतना होगा। मेरी राय में वह जरूरी सदस्य है। मुझे उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द वापस आ जाएगा। - ब्रेट ली

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, टी-20 विश्वकप में जसप्रीत बुमराह को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **बाबर आजम**



**पाकिस्तान** क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने तीनों फॉर्मेट में 40 प्लस के औस्त से रन बनाए हैं। लेकिन हाल के समय में टी-20 क्रिकेट में उनका स्ट्राइक रेट नीचे गिरा है। आलोचकों के निशाने पर आ गये है। इसे लेकर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने अपनी चिंता जताई है। मियांदाद ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस मामले में बाबर से ईमानदारी सेबात करनी चाहिए और उनसे पूछना चाहिए क्या वह कप्तानी को लेकर दबाव महसूस कर रहे हैं। क्रिकेट पाकिस्तान के साथ बातचीत करते हुए मियांदाद ने कहा, बाबर विश्व स्तरीयबल्लेबाज हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल इतिहास में पहला मैच फ्रांस और मैक्सिको के बीच खेला गया, जिसमें फ्रांस 4-1 से जीता था।

## यरवदा जेल ने जीती राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता

कोल्हापुर, 2 अक्टूबर। पुणे की यरवदा जेल ने फाइनल में प्रयागराज जेल को हराकर राष्ट्रीय ऑनलाइन कैदी शतरंज प्रतियोगिता का खिताब हासिल किया है। यरवदा जेल ने शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में प्रयागराज को 3.5 पॉइंट से हराकर प्रतियोगिता में विजय पताका लहराई। कलंबा कोल्हापुर जेल ने भुवनेश्वर को 4-0 से मात देकर तीसरा स्थान अपने नाम किया। इससे पहले, कोल्हापुर-पुणे और प्रयागराज-भुवनेश्वर के सेमीफाइनल मुकाबले ड्रॉ रहे थे। टाइब्रेकर मुकाबले में पुणे (3-1) और प्रयागराज (3.5) विजयी होकर फाइनल में पहुंचे थे।

## निशियोका ने जीताशापोवालोव को हराकर कोरियाई ओपन खिताब

सियोल, 2 अक्टूबर। जापान के योशिहितो निशियोका ने रविवार को यहां कनाडा के चौथे वरीयता प्राप्त डेनिस शापोवालोव को 6-4, 7-6 से हराकर कोरियाई ओपन का खिताब अपने नाम किया। यह निशियोका के करियर का दूसरा खिताब है। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 2018 में शेनजेन ओपन में अपनी पहली ट्राफी हासिल की थी। गैर वरीय जापानी खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कैस्पर रूड को पराजित किया था। वह अगस्त में वाशिंगटन फाइनल में भी पहुंचे थे। उन्होंने सियोल ओलंपिक पार्क टेनिस सेंटर में दो घंटे के अंदर अपने से ऊंची रैंकिंग के प्रतिद्वंद्वी को मात दी।

## महिला प्रीमियर लीग में हॉप्स का दबदबा बरकरार

नयी दिल्ली, 2 अक्टूबर। पुरुषों की पहली प्रीमियर लीग के सफल आयोजन के बाद महिला लीग भी आधे से ज्यादा सफर तय कर चुकी है। एक ओर जहां पुरुषों की लीग में आखिरी दौर तक कांटे की टक्कर रही, वहीं महिला लीग में विजेता का फैसला लगभग तय है। हॉप्स एफसी ने सौ फीसदी कामयाबी के साथ सभी 13 मैच जीतकर 39 अंक बनाए हैं और खिताबी जीत का दावा पेश कर दिया है। दूसरे नंबर पर गढ़वाल एफसी है, जिसने 12 मैच खेलकर नौ जीते हैं और 27 अंक जुटाए हैं। सिग्नेचर एफसी तीसरे स्थान पर है जिसने आठ मैच जीतकर 25 अंक बना लिए हैं। रॉयल रेंजर्स, ठाोइंग स्टार्स और हंस एफसी के बीच तीसरे स्थान की होड़ लगी है। रेंजर्स एफसी और ईव्स एससी ने तीन-तीन मैच जीतकर क्रमश: 11 और नौ अंक जोड़े हैं। सभी 13 मैच हारने वाली एकमात्र टीम जगुआर एफसी ने पूरे टूर्नामेंट में कुल 148 गोल खाए हैं।

## सुब्रतो कप : एनसीसी, झारखंड अंडर-17 की जीत

नयी दिल्ली, 2 अक्टूबर। नेशनल कडेट कोर और 10 2 जिला स्कूल (झारखंड) ने 61वें सुब्रतो कप पुरुष अंडर-17 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के पहले दिन रविवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। नेशनल कैडेट कोर ने यहां अंबेडकर स्टेडियम में खेले गये पहले मैच में द एयर फ़ोर्स स्कूल को 4-0 से हराया। विजयी टीम के लिये अनिमेष रॉय ने दो गोल किये, जबकि स्नेहाशीष मल्लिक और अंकम चंदा ने एक-एक गोल जमाया। दिन के दूसरे मैच में 10 2 जिला स्कूल (झारखंड) ने ममता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल (दिल्ली) को 3-1 से हराया। झारखंड के लिये जामदार कलुंडिया, धरोन हेम्ब्रोन और डोगर पूर्ति ने गोल किया, जबकि दिल्ली का सांत्वना गोल कार्तिक ने किया।

## लंदन मैराथन : किप्रतो पुरूष और येहुआलॉ महिला वर्ग की चैम्पियन बनी

लंदन, 2 अक्टूबर। पदार्पण कर रहे कीनिया के अमोस किप्रुतो और इथियोपिया की येलेमजर्फ येहुआलॉ ने रविवार को यहां लंदन मैराथन में क्रमश: पुरूष और महिला रेस जीत ली। किप्रुतो ने दो घंटे चार मिनट और 39 सेकेंड तथा येहुआलॉ ने दो घंटे 17 मिनट और 25 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। तीस साल के किप्रुतो ने इथियोपिया के लेयूल जेब्रेसिलासे को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया जबकि बेल्जियम के बाशिर अब्दी तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की रेस में जब छह मील की दूरी बची थी तो एक 'स्पीड बंप' पर येहुआलॉ लड़खड़ायी।

# भारत ने पहली बार द. अफ्रीका से घर पर जीती टी-20 श्रृंखला

### दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की



गुवाहाटी, 2 अक्टूबर। भारत ने डेविड मिलर (106 नाबाद) के विस्फोटक शतक के बावजूद दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 मैच में रविवार को 16 रन से मात देकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 20 ओवर में 238 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में प्रोटियाज 221 रन ही बना सके।

दक्षिण अफ्रीका को इस विशाल लक्ष्य तक पहुंचाने का प्रयास करते हुए मिलर ने 47 गेंदों पर आठ चौकों और सात छक्कों की बदौलत 106 रन की नाबाद पारी खेली। क्विंटन डी कॉक ने उनका साथ देते हुए 48 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों के साथ नाबाद 69 रन बनाये। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 174 रन की साझेदारी की लेकिन प्रोटियाज को जीत तक नहीं पहुंचा सके।

इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका के सामने 237 रन का स्कोर खड़ा करने के लिये सूर्यकुमार यादव ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार तीसरा अद्धर्शतक जड़ते हुए 22 गेंदों पर 61 रन बनाये। लोकेश राहुल ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों के साथ 57 रन की पारी खेली, जबकि विराट कोहली 28 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के के साथ 49 रन बनाकर नाबाद रहे। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने राहुल के साथ मिलकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिये 59 गेंदों में 96 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज पहले दो ओवरों में समय लेने के बाद तीसरे ओवर से हमलावर हुए और भारत ने पावरप्ले में 57 रन जोड़े। रोहित-राहुल की जोड़ी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा (15) अद्धर्शतकीय साझेदारियां की हैं। राहुल ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों की बदौलत 57 रन बनाये जबकि रोहित ने 37 गेंदों पर सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 43 रन की पारी खेली। यह जोड़ी मैच को प्रोटियाज से दूर ले जा रही थी लेकिन केशव महाराज ने दोनों बल्लेबाजों को आउट किया।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले दो लिये ही थे कि सूर्यकुमार और विराट की जोड़ी ने ताबड़तोड़ अंदाज में रन बनाना शुरू कर दिये। दोनों के बीच 42 गेंदों पर 102 रन की विस्फोटक साझेदारी हुई। सूर्यकुमार ने 22 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों के साथ 61 रन की अविश्वसनीय पारी खेली और टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे कम गेंदों (573) पर 1000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने। कोहली ने 28 गेंदों पर सात चौके और एक छक्का लगाकर नाबाद 49 रन बनाये और वह टी20 क्रिकेट में 11,000 रनों तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने।

सूर्यकुमार 19वें ओवर की पहली गेंद पर रनआउट हो गये, जिसके बाद क्रीज़ पर आये दिनेश कार्तिक ने एक चौके और दो छक्कों के साथ नाबाद 17(7) रन बनाकर भारत को 20 ओवर में 237 रन तक पहुंचाया। यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर है।

दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरू से ही दबाव में रही। कप्तान टेम्बा बावुमा पहला ओवर मेडन खेलने के बाद दूसरे ओवर में शून्य रन पर पवेलियन लौट गये, जबकि राइली रूसो शृंखला में दूसरी बार शून्य रन पर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के दो विकेट सिर्फ एक रन पर गिरने के बाद एडेन मार्करम ने क्विंटन डी कॉक के साथ तीसरे विकेट के लिये 46 रन की साझेदारी की।

## इंडिया लीजेंड्स ने लगातार दूसरी बार जीती रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज

रायपुर, 2 अक्टूबर। इंडिया लीजेंड्स ने नमन ओझा (108 नाबाद) के शानदार शतक की बदौलत फाइनल में श्रीलंका लीजेंड्स को 33 रन से हराकर लगातार दूसरी बार रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज का खिताब जीत लिया है। इंडिया लीजेंड्स ने शनिवार को रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 के फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 195 रन बनाए, जिसके जवाब में श्रीलंका लीजेंड्स 18.5 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गयी।

भारतीय दिग्गजों की टीम के लिये नमन ओझा ने 71 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 108 रन की शतकीय पारी खेली। श्रीलंकाई टीम के लिये ईशान जयरत्ने ने चार चौकों और चार छक्कों के साथ 22 गेंदों पर 51 रन बनाये लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। इंडिया लीजेंड्स ने 2021 में रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ का पहला सीज़न जीतने के लिये भी श्रीलंका लीजेंड्स को फाइनल में हराया था। इंडिया लीजेंड्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सचिन तेंदुलकर का विकेट पहले ओवर में ही गंवा दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये सुरेश रैना ने पहली गेंद पर चौका लगाया लेकिन दूसरी गेंद पर पवेलियन लौट गये। नुवन कुलसेकरा (29/3) ने दोनों विकेट लिये। इसके बाद ओझा ने विनय कुमार के साथ पारी को संभालते हुए तीसरे विकेट के लिये 90 रन की साझेदारी की। विनय ने 21 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 36 रन बनाये।

विनय का विकेट गिरने के बाद ओझा ने पारी की रफ्तार बढ़ाई जबकि युवराज सिंह (19) और इरफान पठान (11) बड़ा योगदान दिये बिना पवेलियन लौट गये। ओझा ने सीरीज का अपना पहला शतक पूरा किया और भारत ने आखिरी पांच ओवर में 46 रन जोड़े। स्टुअर्ट बिन्नी (08 नाबाद) ने दो चौके लगाकर टीम को 20 ओवर में 195/6 के स्कोर तक पहुंचाया। श्रीलंका लीजेंड्स ने 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 41 रन पर चार विकेट गंवा दिये।

पहले 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर सिर्फ 67 रन बनाने के कारण श्रीलंकाई टीम के जीत के आसार बहुत कम लग रहे थे, लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आये ईशान ने टीम की उम्मीदों को जिन्दा रखा। उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महेला उदावट्टे के साथ सातवें विकेट के लिये 31 गेंदों पर 63 रन की साझेदारी की। जब श्रीलंकाई टीम को 16 गेंदों पर 47 रन की आवश्यकता थी तब अभिमन्यू मिथुन (27/2) ने उदावट्टे (26) और इसुरू उडाना को लगातार गेंदों पर आउट किया। 19वें ओवर में विनय कुमार की गेंद पर ईशान के आउट होने के साथ ही श्रीलंका की सभी उम्मीदों पर पूर्ण विराम लग गया। श्रीलंका लीजेंड्स 18.5 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गयी और इंडिया लीजेंड्स ने मैच 33 रन से जीत लिया। भारतीय टीम के लिये राजेश पवार, स्टुअर्ट बिन्नी, राहुल शर्मा और यूसुफ पठान ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच नमन ओझा को जबकि मैन ऑफ द सीरीज तिलकरत्ने दिलशन (192 रन, पांच विकेट) को चुना गया।

## विश्व टेटे चैम्पियनशिप : भारतीय पुरूष टीम ने दुनिया की दूसरे नंबर की जर्मनी को हराकर उलटफेर किया

चेंगडू, 2 अक्टूबर। स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान के अपने दोनों एकल मुकाबले जीतने से भारत ने रविवार को यहां विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के ग्रुप चरण में दूसरी वरीय जर्मनी को 3-1 से हराकर उलटफेर किया। साथियान को इन दो में से एक जीत दुनिया के नंबर नौ खिलाड़ी डांग कियू के खिलाफ मिली। दुनिया के 37वें नंबर के इस भारतीय ने पहले डुडा बेनेडिक्ट (36वीं रैंकिंग) को हराया और फिर जर्मनी के अपने से ऊंची रैंकिंग के कियू को पराजित किया।

साथियान ने दोनों ही मुकाबलों में पहले दो गेम हारने के बाद मजबूत वापसी की। उन्होंने बेनेडिक्ट को 11-13, 4-11, 11-8, 11-4, 11-9 से और कियू को 10-12, 7-11, 11-8, 11-8, 11-9 से हराया।

साथियान ने कहा, ''कियू के खिलाफ मुकाबला निश्चित रूप से काफी कठिन था। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शुमार है। यह काफी चुनौतीपूर्ण मुकाबला भी रहा। हालांकि भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हरमीत देसाई को दूसरे एकल में कियू से 1-2 से हार मिली। लेकिन इसके बाद मानव ठक्कर ने ऊंची रैंकिंग के रिकार्डो वाल्थर को हराकर अपनी टीम को जीत दिलायी। भारत (17वीं रैंकिंग) ने शुरूआती ठ्ाुप मैच में शनिवार को उज्बेकिस्तान को हराया था और प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये उसे शीर्ष दो में रहने की जरूरत है।

## भाला फेंक के शीर्ष खिलाड़ी शिवपाल डोप जांच में विफल होने पर चार साल के लिए प्रतिबंधित

नयी दिल्ली, 2 अक्टूबर। भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ियों में शामिल शिवपाल सिंह को नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) के डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल द्वारा पिछले साल डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण चार साल के लिए खेल से निलंबित कर दिया गया है।

तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले शिवपाल को पिछले साल अक्टूबर में प्रतियोगिता से बाहर परीक्षण में विफल होने के बाद अस्थायी निलंबन के तहत रखा गया था। उनके नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेटांडाईओनोन की पुष्टि हुई थी। उत्तर प्रदेश के 27 वर्षीय एथलीट के लिए प्रतिबंध की अवधि पिछले साल 21 अक्टूबर से शुरू हुई थी और उनकी निलंबन की अवधि अक्टूबर 2025 तक होगी।

## शेष भारत ने पहली पारी में बनाई 276 की विशाल बढ़त

राजकोट, 2 अक्टूबर। शेष भारत ने सरफराज खान (138) के शतक और हनुमा विहारी (82) एवं सौरभ कुमार (55) के अद्धर्शतकों की बदौलत ईरानी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन रविवार को 374 रन बनाकर पहली पारी में 276 रन की बढ़त हासिल की। दिन का खेल खत्म होने तक सौराष्ट्र ने दो विकेट के नुकसान पर 49 रन बना लिये हैं।

शेष भारत ने दूसरे दिन का खेल 205/3 से आगे बढ़ाया। हनुमा विहारी अपना शतक पूरा नहीं कर सके और 184 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के के साथ 82 रन बनाकर आउट हो गये। पहले दिन अपना शतक पूरा कर चुके सरफराज ने दूसरे दिन 13 रन जोड़े और 138 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्होंने 178 गेंदों की अपनी पारी में 20 चौके और दो छक्के लगाये। दोनों बल्लेबाजों का विकेट चिराग जानी (58/2) ने लिया।

श्रीकर भरत (12) के जल्दी आउट होने के बाद जयंत यादव और सौरभ कुमार ने मोर्चा संभालते हुए सातवें विकेट के लिये 71 रन की साझेदारी की। जयंत ने 96 गेंदों पर छह चौकों सहित 36 रन बनाये जबकि सौरभ ने 78 गेंदों पर 10 चौके लगाकर 55 रन की पारी खेली।

चेतन सकारिया (93/5) ने सौराष्ट्र के लिये अनुशासन के साथ गेंदबाजी करते हुए भरत के बाद जयंत और सौरभ का भी विकेट लिया। मुकेश कुमार (11) ने उमरान मलिक के साथ नौवें विकेट के लिये 27 रन जोड़े लेकिन वह भी सकारिया की धारदार गेंदबाजी का शिकार हुए। कुलदीप सेन (01) के रनआउट के साथ शेष भारत की पारी 374 रन पर समाप्त हुई जबकि उमरान 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। हार्विक देसाई और स्नेल पटेल ने सौराष्ट्र के लिये दूसरी पारी में सहज शुरुआत की लेकिन दिन का खेल समाप्त होने से पहले दोनों पवेलियन लौट गये। हार्विक (20) और स्नेल (16) को सौरभ कुमार ने आउट किया। स्टंप्स के समय चिराग जानी (03) और धर्मेंद्रसिंह जडेजा (08) क्रीज पर मौजूद हैं।

## पाटीदार, मुकेश पहली बार भारतीय टीम में शामिल

मुंबई, 2 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह अक्टूबर से शुरू होने वाली एकदिवसीय शृंखला के लिये रजत पाटीदार और मुकेश सिंह को टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने रविवार को 16-सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा करते हुए बताया कि शिखर धवन एकदिवसीय शृंखला में भारतीय टीम की कप्तानी संभालेंगे। भारत की टी20 विश्व कप टीम के अतिरिक्त खिलाड़ी श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), दीपक चाहर और रवि बिश्नोई को भी यहां शामिल किया गया है।

इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के लिये खेलने वाले मध्यक्रम के बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी को टीम में जगह दी गयी है। इससे पहले उन्हें आयरलैंड टी20 शृंखला और जिम्बाब्वे एकदिवसीय शृंखला के लिये टीम में नामित किया गया था, हालांकि वह उन दौरों पर एक भी मैच नहीं खेल सके थे।

जिम्बाब्वे दौरे पर चोटठास्त वाशिंगटन सुंदर की जगह लेने वाले शाहबाज़ अहमद ने भी यहां जगह बनाई है। शाहबाज़ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिये टीम में शामिल किया गया है लेकिन शुरुआती दो मैचों में उन्हें नहीं खिलाया गया।

रणजी ट्रॉफी 2022 के फाइनल में मध्यप्रदेश के लिये शतक जड़ने वाले रजत पाटीदार और बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश सिंह को पहली बार भारतीय टीम के लिये तलब किया गया है। अच्छी फॉर्म से गुजर रहे दोनों खिलाड़ी इस सीरीज में भारत के लिये पदार्पण कर सकते हैं।

न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ अनौपचारिक एकदिवसीय शृंखला में भारत के कप्तान रहे संजू सैमसन और ईशान किशन इस सीरीज में भारत के विकेटकीपर होंगे। न्यूजीलैंड-ए अनौपचारिक सीरीज में अच्छे प्रदर्शन करने वाले शार्दुल ठाकुर और कुलदीप यादव 16-सदस्यीय स्क्वाड का हिस्सा हैं जबकि बुखार के कारण एशिया कप के अंतिम मैचों से बाहर रहने वाले आवेश खान स्वस्थ होकर टीम में वापस आए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला के लिये भारतीय टीम : शिखर धवन (कप्तान), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, अवेश खान, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

## इंडोनेशिया में फुटबॉल मैच में भगदड़, 170 से ज्यादा लोगों की मौत

जकार्ता, 2 अक्टूबर। इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में एक फुटबॉल मैच के दौरान मची भगदड़ में कम से कम 174 लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशिया के पूर्वी जावा के उप-राज्यपाल एमिल दर्डक ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कोम्पास टीवी ब्रॉडकास्टर को बताया कि अधिकारियों ने शनिवार को मलंग के कांजुरुहान स्टेडियम में हारने वाले पक्ष के समर्थकों पर आंसू गैस के गोले दागे। इसके परिणामस्वरूप भीड़ में भगदड़ मच गई और कुल 174 लोगों की मौत हो गई। करीब 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 11 की हालत गंभीर है। स्टेडियम के अंदर ही 30 से अधिक मौतें हुईं, जहां लोगों को न केवल भगदड़ के दौरान, बल्कि आंसू गैस के इस्तेमाल के कारण घुटन से भी पीड़ित होना पड़ा। इंडोनेशियाई फुटबॉल संघ (पीएसएसआई) के महासचिव यूनुस नुसी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने त्रासदी पर एक रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने त्रासद हादसे के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और पुलिस तथा पीएसएसआई को पूरी जांच करने का आदेश दिया। इंडोनेशियाई फुटबॉल लीग के खेल अगली सूचना तक स्थगित रहेंगे।

## पद्मनाभ सिंह बने रामबाग गोल्फ क्लब के मानद संरक्षक



जयपुर, 2 अक्टूबर। दो दिवसीय लेट जस्टिस अंशुमान सिंह मेमोरियल गोल्फ कप टूर्नामेंट का समापन हुआ। रामबाग गोल्फ क्लब में हुए इस टूर्नामेंट में 300 से अधिक गोल्फ खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें खेल के प्रति अपार उत्साह व जीत के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। 73 पॉइंट्स के साथ जय शांडिल्य ठाॅस विनर रहे। मुख्य अतिथि एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह द्वारा उन्हें ट्रॉफी प्रदान की गई।

इस अवसर पर रामबाग गोल्फ क्लब के कप्तान डॉ. अशोक गुप्ता ने घोषणा की कि गोल्फ व पोलो में जयपुर के राजपरिवार के योगदान के सम्मान के तौर पर क्लब महाराजा पद्मनाभ को अपना मानद संरक्षक बनाना चाहता है। पद्मनाभ सिंह ने इसे सहर्ष स्वीकार किया और कहा कि यह उनके लिए अत्यंत सम्मान की बात है। उन्होंने मेमोरियल कप के आयोजकों और गोल्फ क्लब के सदस्यों के उत्साह की सराहना की।

इस अवसर पर अलग-अलग हैंडीकेप्स की श्रेणियों में पुरस्कार (विजेता व उपविजेता दोनों को) दिए गए, जैसे कि 19-24 हैंडीकेप में रजत करवासरा (44 पॉइंट्स) विजेता व हमीर सिंह राठौड़ (36 पॉइंट्स) उपविजेता रहे। 10-18 हैंडीकेप वर्ग में सुधांशु जोशी (40 पॉइंट्स) विजेता व रामदेव बडियासर (35 पॉइंट्स) उपविजेता रहे, जबकि 00-09 हैंडीकेप वर्ग में रिपुदमन सिंह (37 पॉइंट्स) को विजेता व कुणाल सिंह (35 पॉइंट्स) को उपविजेता का पुरस्कार प्रदान किया गया। स्ट्रेटेस्ट ड्राइव के विजेता का पुरस्कार हर्शिता पटवा को, लॉन्गेस्ट ड्राइव के विजेता का पुरस्कार प्रद्युम्न सिंह को और नियरेस्ट टू पिन के विजेता का पुरस्कार विभोर अग्रवाल को दिया गया।

इसी प्रकार बेस्ट जूनियर गोल्फर श्रेणी के विजेता का पुरस्कार अभय मालावत (38 पॉइंट्स) और उपविजेता का पुरस्कार देवव्रत सिंह (34 पॉइंट्स) को प्रदान किया गया। बेस्ट लेडी गोल्फर की विजेता डॉ. सरस्वती मित्तल (17 पॉइंट्स) व उपविजेता नितिका जडेजा (13 पॉइंट्स) रही। बेस्ट वेटरन गोल्फर के विजेता प्रताप सिंह (19 पॉइंट्स) व उपविजेता दर्शन सिंह (17 पॉइंट्स) रहे।

बेस्ट सीनियर वेटरन गोल्फर के विजेता का पुरस्कार डॉ. आर. एस. चौधरी (20 पॉइंट्स) को और उपविजेता का पुरस्कार दर्शन सिंह (17 पॉइंट्स) को दिया गया।

## कर्नाटक के तैराक गौड़ा ने अनुभवी साजन को 200 मीटर फ्री स्टाइल में पछाड़ कर स्वर्ण जीता

राजकोट, दो अक्टूबर (भाषा) कर्नाटक के किशोर अनीश एस गौड़ा ने रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की तैराकी प्रतियोगिता में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में अनुभवी साजन प्रकाश को हराकर सीनियर स्तर पर अपनी पहचान कायम की।

रविवार को तरणताल में इन खेलों के पांच नये रिकॉर्ड कायम किये। 18 साल के गौड़ा ने 200 फ्रीस्टाइल तैराकी में एक मिनट 51.88 सेकंड के समय के साथ असाधारण प्रयास किया। ओलंपियन प्रकाश की मौजूदगी के बाद भीपिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप को जीतने वाले गौड़ा का आत्मविश्वास नहीं डिगा। गांधी नगर में ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगियों ने पांच फाइनल में इन खेलों के चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। सेना के ऊंची कूद के खिलाड़ी सर्वेश अनिल कुशारे ने 2.27 मीटर के साथ और उत्तर प्रदेश के उसैद खान ने डेकाथलॉन में 7121 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीते।

हरियाणा पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी और तमिलनाडु की चार गुणा 400 मीटर टीम ने भी इस दौरान इन खेलों के नये रिकॉर्ड बनाये। राष्ट्रमंडल खेलों (2018) के कांस्य पदक विजेता भारोत्तोलक दीपक लाठेर (हरियाणा) ने पुरुषों के 81 किठाा भार वर्ग में सेना के अजय सिंह को करीबी मुकाबले में पछाड़कर स्वर्ण जीता। अजय क्लीन एंड जर्क में दो किलो अधिक वजन उठाने के बावजूद दीपक से कुल वजन के मामले में एक किलो से पिछड़ गये। दीपक ने कुल 315 किठाा भार उठाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

जिम्नास्टिक में पश्चिम बंगाल की ओलंपियन प्रणति नायक ने दो स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने 'अनइवन बार्स' और 'फ्लोर एक्सरसाइज' वर्ग में पीला तमगा हासिल किया। त्रिपुरा की जिमनास्ट प्रोतिष्ठ सामंत ने भी 'आर्टिस्टिक वॉल्टिंग' और 'बैलेंसिंग बीम' में दो स्वर्ण जीते।

कुश्ती में अंडर -20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल ने महिलाओं की 53 किठाा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। हिसार की 18 वर्षीय पहलवान ने फाइनल में मध्यप्रदेश की प्रियांशी प्रजापति को मात दी। बैडमिंटन में शीर्ष वरीयता प्राप्त तेलंगाना की टीम को मिश्रित टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में महाराष्ट्र को 3-2 से हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

## अदिति अशोक ने तीसरे दौर में 74 का कार्ड खेला

द कॉलोनी (अमेरिका), 2 अक्टूबर। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां एसेंडेंट एलपीजीए के तीसरे दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 74वें स्थान पर खिसक गयीं। पहले दो दिन 74 और 71 का कार्ड बनाने वाली अदिति ने 'बैक नाइन' से शुरूआत की। उन्होंने 13वें, पहले और पांचवें होल में बोगी की जबकि कुछ होल में बर्डी करने का मौका गंवा बैठी जिससे वह निचले स्थान पर खिसक गयीं।



*पुर्तगाल में एक आदमी ने अनायास ही ऐसी खोज कर डाली कि सभी हैरत में पड़ गए। घर के पिछवाड़े में इस व्यक्ति को 82 फुट लंबे डायनासॉर के अवशेष मिले। माना जा रहा है कि, यह यूरोप में मिला डायनासॉर का सबसे बड़ा जीवाश्म है। वर्ष 2017 में, पुर्तगाल के पोम्बाल शहर में अपनी जमीन पर निर्माण के दौरान खुदाई में इस व्यक्ति को सबसे पहले हड्डियों के कुछ जीवाश्म मिले। उस व्यक्ति ने वैज्ञानिकों से सम्पर्क किया, जिसके बाद स्पैनिश व पुर्तगाली वैज्ञानिकों ने वहाँ खुदाई शुरु की जिसमें उन्हें डायनासॉर के और विशालकाय अवशेष मिले। एक अधिकृत बयान के अनुसार, खोज में सिर व रीढ़ की हड्डी के अंश मिले हैं तथा इसमें दस फुट लम्बी पसलियां भी हैं। युनिवर्सिटी ऑफ लिस्बन की विशेषज्ञ एलिसाबेते मलाफिया ने कहा, यह यूरोप, या संभवतया विश्व में मिला सबसे बड़ा स्पैसिमैन है तथा ये हड्डियां शाकाहारी डायनासॉर सॉरोपॉड की हो सकती हैं, जिसकी लम्बी गर्दन और पूंछ होती थी। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि, स्पैसिमैन 39 फीट ऊंचा, 82 फीट लम्बा था और 160 से 100 मिलियन वर्ष पूर्व यहां रहता था। मलाफिया ने बताया, ''सैंट्रल पुर्तगाल का पोम्बाल क्षेत्र ,जहां ये हड्डियां मिली हैं, में पहले भी लेट जुरैसिक कशेरुकी जीवों के महत्वपूर्ण अवशेष मिल चुके हैं। यहां उन जानवरों से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण खोजें हुई हैं जो 145 मिलियन वर्ष पूर्व रहते थे। उसके बावजूद यह खोज बेहद अनोखी है। इस विशालकाय जानवर की सभी पसलियाँ, और वो भी मूल एनाटॉमिकल स्थिति में मिलना हैरान करता है। इतने विशालकाय डायनासॉर की हडिडयाँ इतनी अच्छी स्थिति में मिलना दुर्लभ है और जिस तरह से यह संरक्षित है, उससे स्पष्ट है कि इसकी और भी हड्डियां मिल सकती हैं। वैज्ञानिक अगले वर्ष और उत्खनन कर सकते हैं। फिलहाल वैज्ञानिक इन नमूनों को प्रयोगशाला ले गए हैं, जहां इनकी सफाई कर इन्हें अध्ययन के लिए और म्यूज़ियम में प्रदर्शन के लिए तैयार किया जाएगा।*

# इण्डोनेशिया में फुटबॉल मैच के दौरान हिंसा भड़की, 174 की मौत

## एक टीम की हार के बाद कुछ लोग विरोध प्रदर्शन करने लगे जिसके बाद स्टेडियम में भगदड़ मच गई

- **स्टेडियम के अंदर ही 30 से अधिक मौतें हुईं, जहां लोगों को न केवल भगदड़ के दौरान, बल्कि आंसू गैस के इस्तेमाल के कारण घुटन से भी पीड़ित होना पड़ा।**
- **पीड़ितों की मौत ज्यादातर भगदड़, दम घुटने, एक दूसरे के ऊपर से चढ़ने के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि, स्टेडियम में मैच देखने के लिए 42,000 टिकटें बेची गयी थीं। जबकि स्टेडियम की क्षमता केवल 38000 की थी।**

जकार्ता, 2 अक्टूबर (वार्ता)। इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में एक फुटबॉल मैच के दौरान मची भगदड़ में कम से कम 174 लोगों की मौत हो गई।

इंडोनेशिया के पूर्वी जावा के उप-राज्यपाल एमिल दर्डक ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कोम्पास टीवी ब्रॉडकास्टर को बताया कि अधिकारियों ने शनिवार को मलंग के कांजुरुहान स्टेडियम में हारने वाले पक्ष के समर्थकों पर आंसू गैस के गोले दागे। इसके परिणामस्वरूप भीड़ में भगदड़ मच गई और कुल 174 लोगों की मौत हो गई। करीब 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 11 की हालत गंभीर है।

स्टेडियम के अंदर ही 30 से अधिक मौतें हुईं, जहां लोगों को न केवल भगदड़ के दौरान, बल्कि आंसू गैस के इस्तेमाल के कारण घुटन से भी पीड़ित होना पड़ा।

इंडोनेशियाई फुटबॉल संघ (पी.एस.एस.आई.) के महासचिव यूनुस नुसी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने त्रासदी पर एक रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने त्रासद हादसे के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और पुलिस तथा पी.एस.एस.आई. को पूरी जांच करने का आदेश दिया। इंडोनेशियाई फुटबॉल लीग के खेल अगली सूचना तक स्थगित रहेंगे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने स्टेडियम में मची भगदड़ की पुलिस जांच के आदेश दिए है।

विडोडो ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैंने पुलिस को फुटबॉल मैचों के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं का पूरी तरह से मूल्यांकन करने का भी आदेश दिया। उन्होंने इंडोनेशिया के फुटबॉल एसोसिएशन को दक्षिण पूर्व एशियाई देश में सभी फुटबॉल मैचों को अस्थायी रूप से तब तक रोकने का निर्देश दिया जब तक कि संबंधित जांच पूरी नहीं हो जाती।

स्टेडियम में फुटबॉल मैच के बाद मची भगदड़ में दो पुलिस कर्मियों की भी मौत हो गयी है। इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत के मलंग के कंजुरुहान स्टेडियम में शनिवार की रात इंडोनेशियाई लीग फुटबॉल मैच में पर्सेबाया सुरबाया से हारने के ठीक बाद दुनिया की सबसे भयावह खेल स्टेडियम आपदाओं में से एक त्रासदी हुई है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि हारने वाली घरेलू टीम के समर्थक बाड़ पर चढ़ गए और फुटबॉल मैदान में घुस गए, जिसके बाद समर्थकों की पुलिस के साथ झड़प हुई और आंसू गैस के गोले दागने के बाद स्टेडियम में भगदड़ मच गई।

प्रांतीय पुलिस प्रमुख निको अफिंटा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कल देर रात मलंग रीजेंसी के कंजुरुहान स्टेडियम में अरेमा मलंग क्लब के इंडोनेशियाई लीगा-1 फुटबॉल प्रतियोगिता में पर्सेबाया सुरबाया टीम से हार के ठीक बाद अफरा-तफरी मच गई।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर ज्यादातर मौते भगदड़ के कारण हुई जबकि अन्य लोग की मौत दम घुटने से हुई। उन्होंने कहा कि करीब 34 लोगों की मौत स्टेडियम के अंदर हुई जबकि बाकी लोगों की मौत अस्पताल में हुई।

इस बीच इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी और सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री महफूद एम.डी. ने आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट में कहा कि मैच में प्रतिद्वंद्वी टीमों के समर्थकों के बीच कोई झड़प नहीं हुई, क्योंकि जीतने वाली टीम पर्सबाय के समर्थकों को स्टेडियम में मैच देखने की अनुमति नहीं दी गयी थी। पीड़ितों की मौत ज्यादातर भगदड़, दम घुटने, एक दूसरे के ऊपर से चढ़ने के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में मैच देखने के लिए 42,000 टिकटें बेची गयी थी।

## कश्मीर में आतंकी हमला

श्रीनगर, 2 अक्टूबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को दोपहर में आतंकवादियों ने एक तलाशी दस्ते पर हमला कर दिया। इस हमले एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया जबकि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) का एक जवान घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों ने हमले की जानकारी देते हुये बताया कि अज्ञात आतंकियों ने

- **पुलवामा में हुये इस आतंकी हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया।**

पिंगलाना में सी. आर.पी.एफ. और पुलिस की संयुक्त नाका पार्टी पर हमला किया।

उन्होंने कहा कि हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद गया और सी.आर.पी.एफ. का एक जवान घायल हो गया और घायल सुरक्षाकर्मी को अस्पताल ले जाया गया है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और हमलावरों को पकड़ने के लिए मौके पर अतिरिक्त बल भेजा गया है।

# राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा ने वन्यजीव नियमों के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई

## भाजपा ने शिकायत की है कि, मैसुरु में बांदीपुर टाइगर रिजर्व में राहुल गांधी और अन्य नेता बिना अनुमति के प्रवेश किया तथा वाहनों से नीचे उतरे

- **भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि वन अधिकारियों ने मुदुमलाई और कर्नाटक की ओर से कांग्रेस नेताओं को सुबह छह बजे के निर्धारित प्रवेश समय से पहले प्रवेश की अनुमति दी थी। आपातकालीन वाहनों और चार पर्यटक बसों को छोड़कर, रात के दौरान यातायात की आवाजाही प्रतिबंधित है।**

मैसूरु, 2 अक्टूबर (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी ने वन विभाग में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व अन्य नेताओं के खिलाफ बांदीपुर टाइगर रिजर्व (बी.टी.आर.) में वन्यजीव नियमों का उल्लंघन करने की शिकायत दर्ज कराई है।

यह शिकायत शनिवार सुबह सर्व राहुल गांधी, केजे जॉर्ज, सिद्धारमैया और एच.सी. महादेवप्पा के खिलाफ दर्ज की गई है। भाजपा ने शिकायत की कि कांग्रेस नेताओं ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 का उल्लंघन किया है, जो शुक्रवार सुबह मुख्य बी.टी.आर. रोड पर बिना अनुमति के बाघ अभयारण्य में प्रवेश तथा वाहनों से नीचे उतरने पर रोक लगाता है।

भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि वन अधिकारियों ने मुदुमलाई और कर्नाटक की ओर से कांग्रेस नेताओं को सुबह छह बजे के निर्धारित प्रवेश समय से पहले प्रवेश की अनुमति दी थी। आपातकालीन वाहनों और चार पर्यटक बसों को छोड़कर, रात के दौरान यातायात की आवाजाही प्रतिबंधित है।

सिद्धारमैया ने कर्नाटक की ओर से बी.टी.आर. में प्रवेश किया और राहुल गांधी का काफिला तमिलनाडु के मुदुमलाई की ओर से प्रवेश किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि वे केक्कानहल्ला और मेलुकमनहल्ली चेक पोस्ट के बीच जंगल के अंदर मिले।

भाजपा के मुताबिक दोनों नेता अपने वाहनों से उतरे और गुलदस्ते का आदान-प्रदान किया और एक-दूसरे को बधाई दी जो वन कानूनों का घोर उल्लंघन है। भाजपा ने आरोप लगाया कि सिद्धारमैया करमाताका के गुंडलूपेट में प्रवेश करने के लिए राहुल गांधी के वाहन पर चढ़ गए।

## उत्तराखण्ड में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सदस्यों ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को समान नागरिक संहिता के बारे में जानकारी दी।

अगस्त्यमुनि महाविद्यालय के परिसर में लोगों के सुझाव प्राप्त करते हुए यह आशा व्यक्त की गयी कि अधिक से अधिक सुझाव समान नागरिक संहिता बनाने में महत्तवपूर्ण योगदान देंगे। युवाओं द्वारा विवाह, तलाक जैसे सामाजिक मुद्दों पर समिति के सदस्यों से चर्चा की गयी, बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं, शिक्षकों, युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# 'मैं गांधीजी की विचाराधारा की लड़ाई लड़ रहा हूं'

- **राहुल गांधी ने कर्नाटक के मैसूरु में कहा कि, यह लड़ाई एक ऐसी विचारधारा से खिलाफ है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों से हमारी कड़ी मेहनत से प्राप्त की गई स्वतंत्रता का हनन किया गया है और जिसमें असमानता एवं विभाजनकारी सोच हावी है।**

मैसूरु, 2 अक्टूबर (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रविवार को कहा कि ब्रिटिश राज के खिलाफ गांधीजी की लड़ाई की तरह ही कांग्रेस विभाजनकारी विचारधारा के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है।

गांधी ने कर्नाटक के मैसूरु में कहा कि यह लड़ाई एक ऐसी विचारधारा से खिलाफ है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों से हमारी कड़ी मेहनत से प्राप्त की गई स्वतंत्रता का हनन किया गया है और जिसमें असमानता एवं विभाजनकारी सोच हावी है।

गांधी ने कहा, आज महात्मा गांधी की 153वीं जयंती के अवसर पर हम भारत के महान सपूत को याद करते हैं और अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हमारी याद इस तथ्य से और ज्यादा हृदयस्पर्शी हो जाती है कि आज हमारी भारत जोड़ो यात्रा का 25वां दिन हैं, एक ऐसी पदयात्रा जिसमें हम महात्मा गांधी द्वारा बताए गए अहिंसा, एकता, समानता और न्याय के मार्ग पर चल रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा, जिस तरह गांधीजी ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, आज हम उसी तरह की विचारधारा के साथ लड़ाई कर रहे हैं जिसने गांधी की हत्या की थी। इस विचारधारा ने पिछले आठ वर्षों में असमानता, विभाजन और कड़ी मेहनत से प्राप्त स्वतंत्रता का हनन किया है।

गांधी ने ये बातें मैसूर के पास बदनवालु ग्रामोद्योग केंद्र में एक सभा को संबोधित करते हुए कही, जहां गांधीजी ने 1927 में दौरा किया था।

गांधी ने कहा कि अहिंसा और असत्य की इस राजनीति के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अहिंसा और स्वराज का संदेश फैलाएगी। उन्होंने कहा कि 'स्वराज' के कई मायने हैं, यह डर से मुक्ति है जो हमारे किसान, युवा और लघु और मध्यम उद्यमी चाहते हैं। यह हमारे राज्यों द्वारा संवैधानिक स्वतंत्रता का उपयोग करना और हमारे गांवों में पंचायती राज चलाने की स्वतंत्रता भी है।

राहुल गांधी ने कहा कि स्वराज अपने आप में एक विजय भी है, चाहे वह भारत यात्री हों जो 3,600 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रहा हो या वो लाखों नागरिक जो छोटी अवधि के लिए यात्रा कर रहे हैं।

# हैदराबाद में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में 3 गिरफ्तार

- **पूछताछ में एक आतंकी ने बताया कि, उसे चार हथगोले की खेप मिली थी और वह हैदराबाद में सनसनीखेज आतंकी हमले करने जा रहा था।**
- **आतंकी पाकिस्तानी आई.एस.आई. और एल.इ.टी. के आकाओं के नियमित संपर्क में था।**

हैदराबाद, 2 अक्टूबर (वार्ता)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आतंकवादी हमले की कथित साजिश रचने के आरोप में शहर की पुलिस ने रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने उनके कब्जे से चार हथगोले, पांच लाख 41 हजार 800 रुपये की नकद , पांच मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि खुफिया सूचना पर कि यहां मलकपेट के अब्दुल जाहिद (39) , जो पहले भी हैदराबाद में आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में शामिल था, उसने पाकिस्तान स्थित आई.एस.आई. के साथ पुराने सहयोगियों के साथ विस्फोटों और अन्य आतंकी कृत्यों की साजिश रचने के लिए फिर सम्पर्क बनाये।

बयान में बताया गया कि उसे चार हथगोले की खेप मिली थी और वह हैदराबाद में सनसनीखेज आतंकी हमले करने जा रहा था। पुलिस की एक टीम ने तत्परता से कार्रवाई की और अकबर बाग के अब्दुल जाहिद , सैयदाबाद के मोहम्मद, समीरुद्दीन (39) और हुमायूं नगर, मेहदीपट्टनम के माज़ हसन फारूक (29) को गिरफ्तार कर लिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अब्दुल जाहिद पहले भी हैदराबाद में कई आतंकवाद से संबंधित मामलों में शामिल था, जिसमें 2005 में बेगमपेट में हैदराबाद सिटी पुलिस कमिश्नर के टास्क फोर्स कार्यालय पर आत्मघाती हमला भी शामिल है। वह पाकिस्तानी आई.एस.आई. और एल.इ.टी. के आकाओं के नियमित संपर्क में था।

## अमेरिका में सायक्लोन के कारण 70 लोगों की मौत

वाशिंगटन, 2 अक्टूबर (वार्ता)। अमेरिका के फ्लोरिडा और उत्तरी कैरोलिना में इयान तूफान से मरने वालों की संख्या 70 से ज्यादा हो चुकी है।

यह जानकारी रविवार को एन.बी.सी. न्यूज ने अधिकारिक आंकड़ों और अपनी रिपोर्ट के आधार पर दी। एन.बी.सी. ने कहा कि शनिवार को इस तूफान से मरने वालों की संख्या 77 हो चुकी है और यह आंकड़ा बढ़ सकता है।

अमेरिकी मीडिया ने शुक्रवार को कहा कि फ्लोरिडा में इयान तूफान से कम से कम 45 संदिग्ध मौत होने की सूचना है। इयान तूफान ने बुधवार और गुरुवार को फ्लोरिडा में तबाही मचाने के बाद शुक्रवार को अमेरिकी राज्य दक्षिण कैरोलिना में दस्तक दिया।

# 'पूरा गांधी परिवार और कांग्रेस जमानत पर हैं'

## मु.मंत्री बसवराज बोम्मई ने अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का जोरदार खण्डन करते हुये कहा, उनके खिलाफ चलायी जा रही 'पे -सीएम ' मुहीम बिना सबूत की पहल है

- **बोम्मई ने कहा, मेरे खिलाफ कोई भी आरोप सही नहीं है। मैंने उन्हें सबूत पेश करने की चुनौती दी है। क्यूआर कोड अभियान दुष्ट प्रवृत्ति का है और यह राजनीति से प्रेरित है। कांग्रेस शासन के दौरान हुए कई घोटालों की जांच होनी चाहिए।**

बेंगलुरु, 2 अक्टूबर (वार्ता)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी समेत पूरी पार्टी जमानत पर बाहर है तथा उन्होंने उनके खिलाफ चलायी जा रही 'पे -सी.एम. ' मुहीम को बिना सबूत की पहल बताया।

बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा, आज गांधी जयंती है, मैं नकली गांधी के बारे में क्यों बात करूं? पूरी कांग्रेस पार्टी जमानत पर बाहर है- राहुल गांधी, सोनिया गांधी और डीके शिवकुमार जमानत पर बाहर हैं।

बोम्मई ने कहा, मेरे खिलाफ कोई भी आरोप सही नहीं है। मैंने उन्हें सबूत पेश करने की चुनौती दी है। क्यूआर कोड अभियान दुष्ट प्रवृत्ति का है और यह राजनीति से प्रेरित है। कांग्रेस शासन के दौरान हुए कई घोटालों की जांच होनी चाहिए।

इसके जवाब में कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के नेता बी.एस. येदियुरप्पा भी जमानत पर हैं। उन्होंने कहा , हां, मैं जमानत पर हूं। तो क्या राहुल गांधी और सोनिया गांधी। उनमें से दर्जनों (भाजपा नेता) भी जमानत पर हैं। क्या येदियुरप्पा के खिलाफ मामला नहीं है? बोम्मई ने मेरे खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। उन्हें मुझे परपन्ना अग्रहारा (सेंट्रल जेल), भेजने दो मैं थोड़ा आराम करूंगा।

बेंगलुरु शहर के प्रमुख स्थानों पर पे -सी.एम. के पोस्टर सामने आने के बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच वाक युद्ध शुरू हो गया है। पोस्टर, जो पेटीएम वॉलेट के समान हैं, बोम्मई के चेहरे को एक क्यू.आर. कोड के बीच में '40 प्रतिशत स्वीकार किए गए' संदेश के साथ दर्शाते हैं।

# बॉर्डर पर ड्रोन से 14 करोड़ की हेरोइन खेत में गिराई

## मामला श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ का है, भारत- पाक सीमा पर कैलाश पोस्ट के पास शनिवार रात 12:45 बजे बी.एस.एफ. के जवानों को ड्रोन दिखाई दिया

- **बी.एस.एफ. के जवानों ने फायरिंग की लेकिन ड्रोन बच निकला।**
- **सूचना पर बी.एस.एफ., सी.आई.डी. और पुलिस मौके पर पहुंची और पैकेट को खोला तो उसमें साढ़े 3 किलो हेरोइन थी। इनमें एक-एक किलो के तीन पैकेट थे और आधा किलो का एक पैकेट था।**

अनूपगढ़, 2 अक्टूबर (का.सं.)। भारत-पाक बॉर्डर पर देर रात फायरिंग हुई। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बी.एस.एफ.) की ओर से पाकिस्तान से भारत की सीमा में घुसे ड्रोन ने अनूपगढ़ के एक खेत में साढ़े 3 किलो हेरोइन के पैकेट गिरा गया। बी.एस.एफ. ने गोलियां चलाई लेकिन ड्रोन बचकर निकल गया। मामला श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ का है। घटना के बाद से बी.एस.एफ. अलर्ट हो गई।

भारत-पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित कैलाश पोस्ट के पास शनिवार रात 12:45 बजे बीएसएफ जवानों को ड्रोन की आवाज सुनाई दी। बी.एस.एफ. जवानों ने फायरिंग की लेकिन ड्रोन बच निकला। रविवार सुबह कैलाश पोस्ट के पास भूपेन्द्र सिंह खेत पर गया। खेत में उसे 4 पैकेट दिखाई दिए। ये पैकेट संदिग्ध लग रहे थे। भूपेन्द्र ने सूचना सुरक्षा एजेंसियों को दी। बी.एस.एफ., सी.आई.डी. और पुलिस मौके पर पहुंची और पैकेट को खोला तो उसमें साढ़े 3 किलो हेरोइन थी। इनमें एक-एक किलो के तीन पैकेट थे और आधा किलो का एक पैकेट था।

बी.एस.एफ. ने हेरोइन जब्त कर ली और सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। बी.एस.एफ. अफसरों ने बताया कि हेरोइन का बाजार मूल्य करीब 14 करोड़ रुपये है। मामले की जांच नारकोटिक्स ब्यूरो को सौंपी गई है। बी.एस.एफ. जवानों की सूचना पर अफसर मौके पर पहुंचे। बी.एस.एफ. और सुरक्षा एजेंसियों की ओर से कैलाश पोस्ट के पास संयुक्त नाकाबंदी की गई। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से देर रात सर्च अभियान चलाया गया लेकिन रात में सुरक्षा एजेंसियों को कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।

एक ड्रोन के जरिए चार किलो तक के हेरोइन पैकेज भेजे जा सकते हैं। बॉर्डर से दूर होने पर तो इनका पता भी नहीं लगता है। नजदीक आने पर पंखा चलने जैसी हल्की आवाज आती है। बी.एस.एफ. जवान जितनी

देर में इन पर निशाना साधता है, ड्रोन अपना काम करके पाकिस्तानी सीमा में लौट जाते हैं। इन्हें तीन से चार किलोमीटर दूर से ऑपरेट किया जाता है। आमतौर पर पाकिस्तान की आर्मी पोस्ट के पीछे से। अब बी.एस.एफ. बॉर्डर पर एंटी ड्रोन तकनीक डवलप करने पर विचार कर रही है। इस फील्ड में काम कर रही कंपनियों से संपर्क साधा गया है। हेरोइन तस्करी के लिए 'फलां दुकान के सामने, काला गुलाब' जैसे कोड वर्ड इस्तेमाल किए जाते हैं। यही निर्धारित कोड बताने पर हेरोइन की डिलीवरी दे दी जाती है। आरोपी इसे लेकर ज्यादातर पंजाब की ओर चले जाते हैं। तस्कर करीब दो साल पहले तक पाइप का उपयोग करते थे। पाकिस्तान के हेरोइन तस्कर सीमा के उस पार से चौड़ी पाइप भारत के इलाके में डालते थे और उसके जरिए हेरोइन यहां पहुंचा दी जाती थी। करीब ढाई से तीन साल पहले तक इलाके में ऐसे पाइप पकड़े गए थे, लेकिन अब लम्बे समय से तस्करों ने ड्रोन का उपयोग करना शुरू कर दिया है। अब वे सीधे ड्रोन के जरिए इलाके में हेरोइन के पैकेट डालते हैं और यहां के किसानों से संपर्क करते हैं। पहले भी पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के माध्यम से हेरोइन भारत में गिराई गई थी। पाकिस्तान लगातार हेरोइन की अन्तर्राष्ट्रीय तस्करी कर रहा है। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के कारण पाकिस्तान अपनी नापाक हरकत में कामयाब नहीं हो पाता।

## शशि थरूर ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करने के लिए उतरे हैं। उन्होंने इस धारणा को भी खारिज कर दिया कि उन्हें गांधी परिवार का समर्थन हासिल है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ और युवा नेताओं के कहने पर वह चुनाव मैदान में उतरे हैं।

खड़गे ने कहा कि एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत के तहत उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता के पद से नामांकन के दिन इस्तीफा दे दिया। मालूम हो कि झारखंड के पूर्व मंत्री के केएन त्रिपाठी का नामांकन शनिवार को खारिज हो गया। अब कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में शशि थरूर और मल्लिकार्जुन खड़गे मैदान में रह गए हैं। सीनियर कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर चुनाव कैंपेन शुरू किया है। मैं हमेशा अपनी विचारधारा और नैतिकता के लिए लड़ता रहा हूं। मेरा बचपन संघर्षों से भरा रहा। मैं कई सालों तक विपक्ष का नेता, मंत्री और विधायक रहा हूं। मैं अब फिर से लड़ना चाहता हूं और उसी नैतिकता व विचारधारा को आगे ले जाने का प्रयास करूंगा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैं यह चुनाव कांग्रेस की विचारधारा और बाबा साहब के संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए लड़ रहा हूं। मैं सभी पार्टी प्रतिनिधियों और विंग का समर्थन चाहता हूं। केवल एक दलित नेता के रूप में ही मैं यह चुनाव नहीं लड़ रहा हूं, बल्कि कांग्रेस नेता के रूप में मैदान में उतरा हूं। मैं पिछले 51 वर्षों से कांग्रेस का कार्यकर्ता हूं और 55 सालों से पार्टी के लिए काम कर रहा हूं। वहीं, पार्टी के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बताया, कांग्रेस अध्यक्ष पद के निष्पक्ष चुनाव के लिए दीपेंद्र हुड्डा, सैयद नासिर हुसैन और मैंने कांग्रेस के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है, अब हम मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। अगर पार्टी के इन दोनों नेताओं में से कोई भी एक अपना नामांकन वापस नहीं लेता है तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा, जिसमें 9,000 से अधिक डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) मतदान करेंगे। मतगणना 19 अक्टूबर को होगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908